हिन्दी अनुवाद—जिस भगवान् चन्द्रप्रभ के दर्शन करने मात्र से यह मेरी जीव तीनों लोक-उर्ध्व, मध्य और अधोलोक की लक्ष्मी-विभूति का ... आश्रय हो जाता है, वह अनन्त चतुष्टय-अनन्तज्ञान, अनन्त दर्शन, अनन्तसुख एवं अनन्त बलरूप-अन्तरङ्ग-आध्यात्मिक लक्ष्मी तथा समवसरणादि बहिरङ्ग लक्ष्मी से सुशोभित भगवान् चन्द्रप्रभ आप सबके लिये स्वर्ग अथवा मुक्ति लक्ष्मी को प्रदान करें।

श्रियं देयात्स वः कामं यस्योन्मीलति केवले।
त्रैलोक्यमुत्सवोदारं पुरमेकमिवाभवत् ॥३॥

अन्वय—यस्य, केवले, उन्मीलति, त्रैलोक्यम्, उत्सवोदारम्, एकम्, पुरम्, इव, अभवत्, सः, वः, कामम्, श्रियम्, देयात्

संस्कृत व्याख्या—यस्य भगवतः चन्द्रप्रभस्य केवले केवलज्ञाने उन्मीलति प्रादुर्भवति प्रकटिते सति इत्यर्थः। त्रैलोक्यम् ऊर्ध्वमध्याधोलोकत्रयम् उत्सवोदारम् उत्सवेन केवलज्ञानकल्याणकमहोत्सवेन उदारम् अतिमनोहरम् अतिशयेन चित्तरञ्जकम् इत्यर्थः। एकं पुरमिव एकनगरमिव अभवत् बभूव। एकत्र मिलितमिव प्रतीतं भवतिस्म। स भगवान् चन्द्रप्रभो देवो वो युष्मभ्यं कामं यथेष्टं पर्याप्तं श्रियम् अभ्युदयोदयलक्षणोपलक्षितां लक्ष्मीं देयात् ददातु। उपमालंकारः।

हिन्दी अनुवाद—जिस भगवान् चन्द्रप्रभ के केवल ज्ञान प्रकट होने पर तीनों लोक-उर्ध्व, मध्य और अधोलोक, केवल ज्ञान-कल्याणक के महोत्सव से युक्त होने के कारण अत्यन्त सुन्दर एकत्र मिले हुये एक नगर के समान मालूम पड़ने लगे, वह चन्द्रप्रभ देव आप सबके लिये इच्छानुकूल स्वर्ग और मुक्तिरूप लक्ष्मी को देवें।

टिप्पणी—केवलज्ञान-जैनदर्शन के अनुसार ज्ञान पांच प्रकार का होता है—१. मतिज्ञान, २. श्रुतज्ञान, ३. अवधिज्ञान, ४. मनःपर्यय ज्ञान, ५. केवल ज्ञान। उनमें से केवल ज्ञान आत्मा की वह विशुद्ध शक्ति है जिसके द्वारा तीनों लोकों के पदार्थ एक ही समय में एक साथ जाने जा सकते हैं। केवल

ज्ञान कल्याणक—जैन मान्यता के अनुसार तीर्थंकरों के पांच कल्याणक—महोत्सव मनाये जाते हैं—गर्भ, जन्म, तप, केवलज्ञान और मोक्षकल्याणक। जब तीर्थंकर के केवलज्ञान रूप आत्मशक्ति, जिसके द्वारा समस्त पदार्थ [illegible] उन पदार्थों की प्रतिक्षण होने वाली पर्यायें—अवस्थायें एक ही समय में एक ही साथ जानी जाती हैं—प्रकट होती है तब उसके उपलक्ष में एक विशिष्ट महान् महोत्सव मनाया जाता है।

यस्याङ्घ्रिनखनक्षत्रविजृम्भाय नमस्यते।
नमज्जगत्त्रयीपालकुन्तलाभोगडम्बरः ॥४॥

अन्वय—यस्य, अङ्घ्रिनखनक्षत्रविजृम्भाय, नमज्जगत्त्रयीपालकुन्तलाभोगडम्बरः, नभस्यते।

संस्कृत व्याख्या—यस्य भगवतः जिनेन्द्रस्य अङ्घ्रिनखा एव चरणनखा एव नक्षत्राणि अतिनिर्मलत्वात् तेषां विजृम्भाय प्रसरणाय प्रसाराय इति यावत्। नमन्तो नम्रीभवन्तो ये जगत्त्रयीपाला जगतां लोकानां त्रयीपाला इन्द्रनरेन्द्रधरणेन्द्रादयस्तेषां कुन्तलाभोगडम्बरः कुन्तलानां केशानाम् आभोगः विस्तारः तस्य डम्बरः आटोपः नभस्यते नभ इव आकाश इव आचरति शोभते। उपमालंकारः।

हिन्दी अनुवाद—जिन भगवान् जिनेन्द्र के चरणों के नख रूप नक्षत्रों के विस्तार के लिये नमस्कार करते हुये तीनों लोकों के स्वामियों-इन्द्रादिकों के केशों का विस्तार आकाश के समान सुशोभित हो रहा है। तात्पर्य यह है कि भगवान् के चरणों में नमस्कार के लिये झुके हुये इन्द्रादिकों की विशाल केशराशि आकाश के समान प्रतीत हो रही थी और उसमें भगवान् के अत्यन्त निर्मल नाखून नक्षत्रों के समान चमक रहे थे।

बालारुणायते यस्य पादद्वितयमण्डलम्।
ब्रह्मत्रिविष्टपाधीशकिरीटोदयकोटिषु ॥५॥

अन्वय —यस्य, पादद्वितयमण्डलम्, प्रह्वत्रिविष्टपाधीश किरीटोदयकोटिषु बालारुणायते ।

संस्कृत व्याख्या—यस्य भगवतः जिनेन्द्रस्य पादद्वितयमण्डलम् चरणयुगलबिम्बं प्रह्वत्रिविष्टपाधीश किरीटोदय कोटिषु प्रह्वाः नम्रीभूताः नमस्कुर्वन्तः ये त्रिविष्टपाधीशाः लोकत्रयाधिपाः इन्द्रनरेन्द्रधरणेन्द्राः तेषां किरीटानि मुकुटानि तानि एव उदय उदयाचलस्तस्य कोटिषु अग्रभागेषु बालारुणायते बालसूर्य इव । आचरति चमत्करोति इत्यर्थः । उपमालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—जिन भगवान जिनेन्द्र का चरणयुगल बिम्ब नमस्कार के लिये झुके हुये तीनों लोकों के स्वामी-इन्द्र नरेन्द्र-और धरणेन्द्रों के मुकुट रूप उदयाचल के अग्रभागों पर बालसूर्य के समान सुशोभित हो रहा है ।५॥

नखोज्जृम्भकराभोगकेसरं यत्क्रमद्वयम् ।
नम्रामरवधूनेत्रदीर्घिकास्वम्बुजायते ॥६॥

अन्वय—नखोज्जृम्भकराभोगकेसरं, यत्क्रमद्वयम्, नम्रामरवधूनेत्रदीर्घकासु, अम्बुजायते ।

संस्कृत व्याख्या—नखोज्जृम्भकराभोगकेसरम् भगवतः जिनेन्द्रस्य नखानां उज्जृम्भाः प्रसरणशीलाः ये कराः किरणास्तेषामाभोग आटोपो विस्तारः स एव केसराणि परागः यस्मिन् तदितितथोक्तम् । तद्युक्तं यत्क्रमद्वयम् यस्य भगवतः चरणयुगलम्, नम्रामरवधूनेत्रदीर्घिकासु नम्राः नम्रीभूताः यो अमरवध्वः शचीप्रभृतयो देवाङ्गनास्तासां नेत्राण्येव दीर्घिका जलपरिपूर्णाः वापिकास्तासु अम्बुजायते अम्बुजं कमलम् इव आचरति आचरणं करोति चमत्करोति इत्यर्थः । रूपकोपमालंकारौ ।

हिन्दी अनुवाद—भगवान् जिनेन्द्र के दोनों चरण कमलों के समान सुशोभित हो रहे हैं, जो चरणों के नखों से निकलती हुई किरणों के विस्तार रूप पराग से युक्त हैं और जो नमस्कार करती हुई देवाङ्गनाओं के हर्षाश्रुजल से परिपूर्ण नेत्र रूप वापिकाओं (बावडियों) में खिल रहे हैं । तात्पर्य यह है

कि नमस्कार करती हुई देवाङ्गनाओं के नेत्रों में भगवान् के चरणों के प्रतिबिम्ब पड़ रहे हैं जो कमलों के समान प्रतीत हो रहे हैं ।

यत्पदस्मृतिसंभाराद्भुवनत्रयनायकाः ।
वाङ्मनोदैवसिद्धीनां सिद्धादेशादिवेशते ॥७॥

अन्वय—यत्पदस्मृतिसंभारात्, भुवनत्रयनायकाः, सिद्धादेशात्, इव, वाङ्मनोदैवसिद्धीनां, ईशते ।

संस्कृत व्याख्या—यत्पदस्मृति संभारात् यस्य भगवतो जिनेन्द्रस्य पदयोः चरणयोः स्मृतिसंभारात् स्मरणाधिक्यात् भुवनत्रयनायकाः लोकत्रयाधिपतयः इन्द्रनरेन्द्रधरणेन्द्राः सिद्धादेशात् इव सिद्धपुरुषस्य आदेशात् इव वाङ्मनोदैवसिद्धीनां वचिसद्धिर्मनः सिद्धिर्दैवसिद्धीनां ईशते स्वामिनो भवन्ति । उपमालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—जिस भगवान् के चरणों के स्मरण की अधिकता से तीनों लोकों के स्वामी इन्द्र नरेन्द्र और धरणेन्द्र सिद्धपुरुष के आदेश वाक्य के समान वचन सिद्धि, मनः सिद्धि तथा दैवसिद्धि के स्वामी हो जाते हैं । तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार किसी सिद्ध पुरुष या निमित्तज्ञानी पुरुष के वचन से लौकिक पुरुष वचन सिद्धि, मनः सिद्धि तथा दैव सिद्धि को प्राप्त कर लेते हैं उसी प्रकार भगवान् के चरणों के स्मरण करने मात्र से तीनों लोकों के स्वामी इन्द्रादि उक्त तीनों प्रकारों की सिद्धियों को प्राप्त कर लेते हैं ।७।

तस्मै सत्कीर्तिपूर्ताय विश्वदृश्वैकमूर्तये ।
नमः शमसमुद्राय जिनेन्द्राय पुनः पुनः ॥८॥

अन्वय—सत्कीर्तिपूर्ताय, विश्वदृश्वैकमूर्तये, शमसमुद्राय, तस्मै, जिनेन्द्राय, पुनः पुनः नमः ।

संस्कृत व्याख्याः—सत्कीर्तिपूर्ताय सती प्रशस्ता अबाधिता वा या कीर्तिः पुण्यगुणानुकीर्तनं यशोगानं वा तया पूर्तः परिपूर्णः स इति तथोक्तस्तस्मै इति

तथोक्ताय। विश्वदृश्वैकमूर्तये विश्वदृश्वनी लोकस्य चराचरपदार्थानामवलोकिनी एका अद्वितीया केवलज्ञानलक्षणा मूर्तिः स्वरूपं यस्य स इति तथोक्तस्तस्मै इति तथोक्ताय। एवं च शमसमुद्रायशमस्य शान्तेः उत्तमक्षमायाः वा समुद्रः स इति तथोक्तः तस्मै इति तथोक्ताय। तस्मै लोकप्रसिद्धाय भगवते जिनेन्द्राय पुनः पुनःवारं वारं नमः नमस्कारोऽस्तु। अतिशयालंकारः।

हिन्दी अनुवाद—अबाधित कीर्ति से परिपूर्ण, तीनों लोकों के समस्त चराचर पदार्थों को स्पष्ट जाननेवाली केवल-ज्ञानमयी अद्वितीय मूर्ति स्वरूप एवं शान्ति के समुद्र स्वरूप उस लोक प्रसिद्ध भगवान् जिनेन्द्र को बार बार नमस्कार हो।८।

भूर्भुवः स्वस्त्रयं वेलाचलकुलायते।
अपाराय नमस्तस्मै जिनबोधपयोधये ॥९॥

अन्वय—यत्र भूर्भुवः स्वस्त्रयं वेलाचल कुलायते तस्मै अपाराय जिनबोधपयोधये नमः।

संस्कृत व्याख्या—यत्र यस्मिन् केवलज्ञानपयोधौ केवलज्ञानसमुद्रे वा भूर्भुवः। स्वस्त्रयं भूः पृथ्वीलोकः, मनुष्यलोको वा, भुव अधोलोकः, स्व ऊर्ध्वलोकस्तेषां त्रयं भूर्भुवः स्वस्त्रयं वेलाचलकुलायते वेलाचलाः निःसीमप्रवाहावरोधकाः पर्वतास्तेषां कुलं समूहो वेलाचलकुलं वेलाचलकुलमिवाचरतीति वेलाचलकुलायते एवं भूताय तस्मै लोक प्रसिद्धाय अपाराय लोकालोकव्यापकत्वात् पर्यन्तरहिताय जिनबोधपयोधये जिनबोधः जिनस्य भगवतो जिनेन्द्रस्य बोधः ज्ञानं केवल ज्ञानं स एव पयोधिः समुद्रः सम्यग्दर्शनज्ञान–चारित्र-गुणरत्न संभृतत्वात् स इति तथोक्तस्तस्मै जिनबोध–पयोधये नमो नमस्कारोऽस्तु। रूपकोपमालंकारौ।

हिन्दी अनुवाद— भगवान् जिनेन्द्र के उस अपार केवल ज्ञान रूप समुद्र को बार बार नमस्कार हो, जिसमें तीनों लोक-मनुष्य-लोक, अधोलोक तथा ऊर्ध्वलोक-वेलाचल-निःसीम प्रवाह के अवरोधक तटवर्ती पर्वत-समूह के समान प्रतीत होते हैं।

मतेः सूतेर्बीजं सृजति मनसश्चक्षुरपरं ।
यदाश्रित्यात्मार्यं भवति निखिलज्ञेयविषयः ॥
विवर्तैरत्यन्तैर्भरितभुवनाभोगविभवैः ।
स्फुरत्तत्वं ज्योतिस्तदिह जयताद्क्षरमयम् ॥१०॥

अन्वय—इह, तत्, अक्षरमयम्, ज्योतिः, जयतात्, यत्, आश्रित्य, अयम्, आत्मा, मनसः, अपरम्, चक्षुः, सृजति, च, निखिलज्ञेयविषयः, भवति, अत्यन्तैः, भरितभुवनाभोगविभवैः, विवर्तैः, स्फुरत्तत्वम्, मतेः, सूतेः, बीजम् ।

संस्कृत व्याख्या—इह अस्मिन् यशस्तिलक नाम्नि ग्रन्थारम्भे तद्गणधरदेवादीनां श्रुतकेवलिनां प्रसिद्धमक्षरमयं ज्योतिः श्रुतज्ञानं जयतात् जयतु सर्वोत्कर्षेण वर्तताम् इत्यर्थः । यत् श्रुतज्ञानमक्षरमयं ज्योतिर्ज्ञानमाश्रित्य ग्रन्थतोऽर्थतश्च द्रव्यतो भावतश्च वा अनुशील्य पुनः पुनरभ्यस्य अयं योगिनां प्रत्यक्षः आत्मा जीवो मनस आत्मनः अपरमद्वितीयं चक्षुर्लोचनं सृजति । एवं चापमात्मा निखिलज्ञेयविषयो भवति लोकालोकस्वरूपज्ञापको भवति । अत्यन्तैः पर्यन्तरहितैः भरितभुवनाभोगविभवैः भरितः पूरितः भुवनस्य त्रैलोक्यस्य आभोगविभवो विस्तार विभव स्वरूपो यैस्तेभरितभुवनाभोगविभवास्तैरिति तथोक्तैः । विवर्तैर्नरकादिपर्यायैः स्फुरत्तत्वं स्फुरन्ति चमत्कुर्वन्ति तत्वानि जीवादिद्रव्याणि यस्मिन् ज्योतिषि तत्तथोक्तम् । एवं च मतेः बुद्धेः प्रतिभाविशेषस्य वा सूतेः समुत्पत्तेर्बीजं कारणम् । जात्यतिशयालंकारो ।

हिन्दी अनुवाद—इस यशस्तिलकचम्पू नामक ग्रन्थ के प्रारम्भ में गणधरादि श्रुतकेवलियों की वह लोकप्रसिद्ध अक्षरमयज्योति-श्रुतज्ञान सदा जयवन्त रहे, जिस अक्षरमय ज्योति-श्रुतज्ञान का शब्द और अर्थ रूप से अथवा द्रव्य और भावरूप से बार बार अनुशीलन करने से यह जीव अद्वितीय आत्मिक ज्ञान नेत्र को प्राप्त कर लेता है, समस्त लोकों के ज्ञेय पदार्थों को और उनकी त्रिकालवर्ती अनन्तपर्यायों को एक साथ स्पष्ट जानने लगता है और जो निर्मलबुद्धि की समुत्पत्ति का कारण है ।१०।

सर्वज्ञकल्पैः कविभिः पुरातनैरवीक्षितं वस्तु किमस्ति संप्रति ।
ऐदंयुगीनस्तु कुशाग्रधीरपि प्रवक्ति यत्तत्सदृशं स विस्मयः ॥११॥

अन्वय—सर्वज्ञकल्पैः, पुरातनैः कविभिः, अवीक्षितं, वस्तु, किम्, अस्ति, ऐदंयुगीनः, तु, सम्प्रति, कुशाग्रधीः, अपि, यत्, तत्सदृशं, प्रवक्ति, स, विस्मयः।

संस्कृत व्याख्या—सर्वज्ञकल्पैः सर्वज्ञसमानैः पुरातनैः प्राचीनैः कविभिः गौतमस्वामिसमन्तभद्राकलङ्कदेवप्रभृतिभिः प्राचीनाचार्यैः अवीक्षितम् अनवलोकितम् अज्ञातं वा वस्तु पदार्थः किम् अस्ति । अपितु न किमप्यस्ति । ऐदंयुगीनः अस्मिन् युगे भवः ऐदंयुगीनस्तु कविः सम्प्रति कलौकाले कुशाग्रधीरपि कुशाग्रवत् तीक्ष्णाधीर्बुद्धिर्यस्येति स तथोक्तः अतिसूक्ष्मबुद्धिरपि यत्तत्सदृशं प्रवक्तिचिरन्तनाचार्यसदृशं ब्रूते काव्यं करोति स विस्मयः एतन्महदाश्चर्यं वर्तते । आक्षेपालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—सर्वज्ञसमान प्राचीन कवि समन्तभद्र, अकलङ्क आदि से अज्ञात कौन सी वस्तु है ? अपितु कोई भी पदार्थ उनसे अज्ञात नहीं है फिर भी इस काल का कवि तीव्रबुद्धि वाला होता हुआ भी इस कलिकाल में जो उन प्राचीन कवियों के समान काव्य निर्माण करता है, यह एक महान् आश्चर्य की बात है ।११।

कृतीः परेषामविलोकमानस्तदुक्तिवक्तापि कविर्न हीनः ।
कृतेक्षणो राजपथेन सम्यक्प्रयानिव प्रत्युत विस्मयाय ॥१२॥

अन्वय—परेषाम्, कृतीः, अविलोकमानः, तदुक्तिवक्ता, अपि, कविः, हीनः, न, कृतेक्षणः, राजपथेन, सम्यक्, प्रयान्, इव, प्रत्युत, विस्मयाय ।

संस्कृत व्याख्या—परेषां प्राचीनकवीनां कृतीः रचनाः काव्यानि वा अविलोकमानोऽनिरीक्षमाणः सन् तदुक्तिवक्ता अपि तेषां प्राचीनकवीनाम् उक्तिवक्ता अपि उक्तीनां काव्यानां वक्ता अपि कविर्हीनो न भवति, अपितु उत्कृष्ट एव भवति । कृतेक्षण उत्पादित चक्षुः कृत्रिमनेत्रो जनः राजपथेन

राजमार्गेण सम्यक् सम्यक्प्रकारेण अस्खलिततया प्रयान् गच्छन् (अत्र इव शब्दः केवलं पादपूरणार्थः) प्रत्युत विशेषेण विस्मयाय आश्चर्याय भवति। आक्षेपालंकारः।

हिन्दी अनुवाद—अन्य प्राचीन कवियों की कृतियों-रचनाओं अथवा काव्यों का अवलोकन न करता हुआ किन्तु उनकी उक्तियों का कथन मात्र करने वाला भी कवि हीन नहीं होता है, अपितु उत्कृष्ट ही होता है। कृत्रिम नेत्र वाला व्यक्ति यदि राजमार्ग से बिना लडखडाये गमन करता है तो वह आश्चर्यकारी ही है।१२।

कृत्वा कृतीः पूर्वकृताः पुरस्तात्प्रत्यक्षरं ताः पुनरीक्षमाणः।
तथैव जल्पेदथ योऽन्यथा वा स काव्यचौरोऽस्तु स पातकी च ॥१३॥

अन्वय—यः पूर्वकृताः कृतीः पुरस्तात् कृत्वा प्रत्यादरं ताः पुनः ईक्षमाणः तथा एव जल्पेत् अथ अन्यथा वा स काव्यचोरः च स पातकी अस्तु।

संस्कृत व्याख्या—यः कविः पूर्वकृताः पूर्वकविकृताः पूर्वाचार्यरचिताः कृतीः काव्य रचनाः पुरस्तात् अग्रतः कृत्वा पश्चात् प्रत्यादरमत्यादरपूर्वकं ताः रचनाः काव्यानि पुनः वारं वारमीक्षमाणोऽवलोकमानः सन् तथा एव तेनैव प्रकारेण जल्पेत् कथयेत् रचयेद् वा अन्यथा अन्यप्रकारेण वा जलपेत् रचयेत् स कविः काव्यचोरोऽस्तु भवतु एवं च न केवलं काव्यचोरो भवतु अपितु पातकी पापभाक् च भवतु। उपमालंकारः।

हिन्दी अनुवाद—जो कवि अपने से पूर्व प्राचीन कवियों की काव्य रचनाओं को आगे रखकर उनका बार बार अवलोकन करता हुआ ठीक उसी प्रकार कहता है या नकल करता है अथवा उसी विषय को अन्य प्रकार से भी कहता है तो वह काव्य चोर है, अथवा यों कहना चाहिये कि वह न केवल काव्य चोर, अपितु पाप का भागी भी है। उपमालंकार।१३।

असहायमनादर्शं रत्नं रत्नाकरादिव ।
मत्तः काव्यमिदं जातं सतां हृदयमण्डनम् ॥१४॥

अन्वय—असहायम्, अनादर्शम्, सताम्, हृदयमण्डनम् इदम् काव्यम्, रत्नकरात् रत्नम् इव मत्तः जातम् ।

संस्कृत व्याख्या—असहायम द्वितीयमन्यग्रन्थसहायरहितं च, अनादर्शमन्यग्रन्थादर्शरहितमन्यग्रन्थानपेक्षकमित्यर्थः । सतां सहृदयानां विद्वज्जनानां हृदयमण्डनं हृदयाभूषणमिदं काव्यं यशस्तिलकचम्पूनामधेयं काव्यं रत्नाकरात् समुद्रात् रत्नखनेश्च रत्नमिवमाणिक्यमिव मत्तः सोमदेवाचार्याज्जातं समुत्पन्नम् । यथा खलु समुद्रात् रत्नं समुत्पन्नं भवति तथैव मत्तः सोमदेवाचार्याद द्वितीयमन्यग्रन्थानपेक्षकं सहृदयानां विद्वज्जनानां कण्ठविभूषणं चेदं यशस्तिलकचम्पूनामधेयं काव्यं समुत्पन्नं भवति । उपमालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—जिस प्रकार समुद्र से या रत्नों की खान से रत्न उत्पन्न होता है, उसी प्रकार मुझ सोमदेवाचार्य से अद्वितीय, अन्य ग्रन्थों की सहायता या अपेक्षा से रहित और सहृदय विद्वानों के हृदय का आभूषण स्वरूप यह यशस्तिलकचम्पू नाम का काव्य उत्पन्न हुआ है ।१४।

उक्तयः कविताकान्ताः सूक्तयोऽवसरोचिताः ।
युक्तयः सर्वशास्त्रान्तास्तस्य यस्यात्र कौतुकम् ॥१५॥

अन्वय—यस्य, अत्र, कौतुकम्, तस्य, कविताकान्ताः, उक्तयः, अवसरोचिताः, सूक्तयः सर्वशास्त्रान्ताः युक्तयः (भवन्ति)

संस्कृत व्याख्या—यस्य पुरुषस्य अत्रास्मिन् यशस्तिलकचम्पूनामधेये काव्ये कौतुकं विनोदोऽभ्यास विशेषो वा वर्तते तस्य पुरुषस्य कविताकान्ताः नूतनकाव्यकरणे नवीन काव्यरचनायां वा मनोहराः उक्तयः काव्यरचनायां नवीनार्थोद्भावना भवन्ति । अवसरोचिताः अवसरयोग्याः सूक्तयः सुभाषितानि भवन्ति । सर्वशास्त्रान्ताः अवसानपर्यन्ताः तर्कव्याकरणछन्दोऽलंकारसिद्धान्तादिसर्वशास्त्रसम्बन्धिन्यो युक्तयश्च भवन्ति ।

तात्पर्यार्थः—यः विद्वान् पुरुषः प्रस्तुते यशस्तिलकचम्पूनामधेयेकाव्यग्रन्थेऽभ्यासविशेषं करोति तस्य नूतन काव्य रचनायां मनोहराणामुक्तिनामवसरयोग्यानां सूक्तीनां सुभाषितानां वा तर्कव्याकरणछन्दोऽलंकार सिद्धान्तादिग्रन्थसम्बन्धिनीनां युक्तीनाञ्च परिज्ञानविशेषो भवति। प्रस्तुत काव्यशास्त्रफलसूचनप्रायोऽतिशयालंकारः।

हिन्दी अनुवाद—जिस विद्वान् पुरुष की इस प्रस्तुत यशस्तिलकचम्पू नामक काव्य ग्रन्थ में अध्ययन वा अभ्यास की विशेष रुचि होगी उसको नूतन काव्य की रचना करने के लिये मनोहर उक्तियों-नवीन अर्थोद्भावनाओं का, अवसर के योग्य सूक्तियों-सुभाषितों का तथा तर्क, व्याकरण, छन्द, अलंकार सिद्धान्तादि समस्त ग्रन्थ सम्बन्धी युक्तियों का विशेष परिज्ञान प्राप्त होगा।१५।

किंचित्काव्यं श्रवणसुभगं वर्णनोदीर्णवर्णं
किंचिद्वाच्योचितपरिचयं हृच्चमत्कारकारि।
अत्रासूयेत्क इह सुकृती किन्तु युक्तं तदुक्तं
यद्व्युत्पत्त्यै सकलविषये स्वस्य चान्यस्य च स्यात्। १६॥

अन्वय—किंचित् काव्यं वर्णनोदीर्णवर्णं श्रवणसुभगं किंचित् वाच्योचितपरिचयं हृत् चमत्कारकारि अत्रः इह कः सुकृती असूयेत् किन्तु उक्तं तत् युक्तं यत् स्वस्य च अन्यस्य सकल विषये व्युत्पत्यै स्यात्।

संस्कृत व्याख्या—किंचिद्विवक्षितं वक्तुमिष्टं काव्यं वर्णनोदीर्णवर्णं वर्णने रचनायामुदीर्णा उत्कटाः वर्णा अक्षराणि यस्मिन् तत्तथोक्तम्। श्रवणसुभगं श्रवणे सुभगं कर्णामृतप्रायं कर्णसुखदं भवतीत्यर्थः। किंचिदपरं काव्यं वाच्योचितपरिचयं वाच्यस्य वाच्यार्थस्य उचितः परिचयः यस्मिन् तत्तथोक्तम्। वाच्यार्थबहुलतया हृच्चमत्कारकारि हृदि चमत्कारं करोतीत्येवंशीलंतत्तथोक्तं। सहृदयानां हृदयहारि प्रीतिकरं वा भवति। अत्र अस्मिन् उत्कटवर्णप्राये शब्दाडम्बर बहुले वा काव्ये इह अस्मिन् संसारे कः सुकृती को विद्वान् असूयेत् कोपं कुर्यात् अपितु न कोऽपीत्यर्थः। किन्तु उक्तं तत् काव्यं युक्तं सर्वोत्कृष्टं सर्वश्रेष्ठं वा भवति यत् स्वस्य चान्यस्य सकलविषये सर्वशास्त्रविषये व्युत्पत्त्यै परिज्ञानाय स्याद्भवेत्। आक्षेपालंकारः।

हिन्दी अनुवाद– वर्णन करने योग्य कोई काव्य तो उत्कट वर्ण वाला होने के कारण केवल कर्ण मधुर या कानों को सुखदायी होता है और कोई काव्य वाच्यार्थप्रधान होने के कारण सहृदयों के हृदय में चमत्कार उत्पन्न करने वाला होता है। इस प्रकार इस संसार में उत्कट वर्ण प्रधान या शब्दाडम्बर प्रधान काव्य के विषय में कौन विद्वान् कुपित होगा ? किन्तु वही काव्य सर्वोत्कृष्ट माना जाता है जो अपने तथा दूसरे को सम्पूर्ण शास्त्रों का परिज्ञान कराने वाला हो ।१६।

आजन्मसमभ्यस्तान्छुष्कात्तर्कात्तृणादिव समास्याः ।
मतिसुरभेरभवदिदं सूक्तिपयः सुकृतिनां पुण्यैः ॥१७॥

अन्वय – मम अस्याः मतिसुरभेः आजन्मसमभ्यस्तात् शुष्कात् तृणात् इव आजन्म समभ्यस्तात् शुष्कात् तर्कात् इदम् सूक्तिपयः सुकृतिनां पुण्यैः अभवत् !

संस्कृत व्याख्या—मम सोमदेवसूरेः अस्याः प्रत्यक्षीभूतायाः मतिसुरभेर्बुद्धिधेनोः आजन्म समभ्यस्तात् जन्मपर्यन्तमास्वादिताच्चर्वणाच्छुष्कान्नीरसात्तृणाद्घासादिव आजन्म समभ्यस्ताज्जन्मपर्यन्तमास्वादिताच्छुष्कान्नीरसात्तर्कात्प्रमाणशास्त्रादिदं प्रस्तुतं सूक्तिपयः यशस्तिलकचम्पूनामधेयं काव्यक्षीरं सुकृतिनां विद्वज्जनानां पुण्यैः भाग्यैः अभवत् जातं समुत्पन्नमित्यर्थः । उपमारूपकालंकारात्संकरः ।

हिन्दी अनुवाद—शुष्क सोमदेव सूरि की इस बुद्धि रूपी गाय से जीवन भर भक्षण किये गये शुष्क या नीरस घास के समान जीवन भर अध्ययन किये गये नीरस तर्क या प्रमाणशास्त्र के कारण यह प्रस्तुत यशस्तिलक रूप मधुर क्षीर विद्वानों के पुण्योदय से उत्पन्न हुआ है ।

तात्पर्यार्थ—इस श्लोक में आचार्य सोमदेव कहते हैं कि जिस प्रकार गाय निरन्तर शुद्ध अतएव नीरस घास को खाती है किन्तु अमृत के समान मधुर दूध को प्रदान करती है उसी प्रकार यद्यपि मैंने जीवन भर नीरस तर्क

शास्त्र का अध्ययन और मनन किया है फिर भी इस यशस्तिलक नामक सरस काव्य का निर्माण कर रहा हूँ जो सहृदय विद्वानों के मन को मुग्ध करने वाला है ।१७।

वाच एव विशिष्टानामनन्यसमवृत्तयः ।
स्वस्यातिशायिनं हेतुमाहुः कान्ता लता इव ॥१८॥

अन्वय—कान्ता लता इव अनन्यसमवृत्तयः कान्ताः विशिष्टानां वाच एव स्वस्यातिशायिनं हेतुम् आहुः ।

संस्कृत व्याख्या—कान्ताः मनोहराः लता इव वृक्षस्यशाखा इव अनन्यसमवृत्तयः न अन्यसमा अपरकविसदृशी वृत्तिः प्रवृत्तिर्यासां ताः इति तथोक्ताः एवं च कान्ता मनोहराः प्रौढियुक्ताः विशिष्टानां कवीनां वाच एवं वाण्य एव स्वस्य आत्मनः अतिशायिनं अतिशयवन्तं हेतुं कारणं वक्तारमित्यर्थः आहुर्भवन्ति प्रकटयन्तीत्यर्थः । यथा खलु वृक्षस्य मनोहराः शाखा 'यस्य वृक्षस्येदृश्यः शाखा वर्तन्ते स वृक्षो महान् भविष्यतीत्यनेन प्रकारेण तस्य वृक्षस्य वैशिष्ट्यं महात्म्यंवा सूचयन्ति तथैव विशिष्टानां महाकवीनां मनोहराः प्रौढियुक्ताः विशिष्टाः वाण्य एव काव्यरचना एव 'येषां महाकवीनामीदृश्यः प्रौढियुक्ता काव्यरचना वर्तन्ते तेऽवश्यमेव महान्तो भविष्यन्तीत्यनेन प्रकारेण तेषां महात्म्यमभिव्यञ्जयन्तीतिभावः । अनुमानालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—किसी वृक्ष की सुन्दर लतायें जिस प्रकार उस वृक्ष के वैशिष्ट्य को प्रकट करती हैं, उसी प्रकार विशिष्ट महाकवियों की प्रौढियुक्त विशिष्ट वाणियां काव्यरचनायें उनके माहात्म्य को प्रकट करती हैं ।१८।

वागर्थः कवि सामर्थ्यं त्रयं तत्र द्वयं समम् ।
सर्वेषामेव वक्तृणां तृतीयं भिन्नशक्तिकम् ॥१९॥

अन्वय—वाक्, अर्थः, कवि सामर्थ्यम्; त्रयम्, तत्र, द्वयम्, सर्वेषाम् एव, वक्तृणाम्, समम् तृतीयम् भिन्नशक्तिकम् ।

संस्कृत व्याख्या—वाक् शब्दोऽर्थः कविसामर्थ्यं कवित्वशक्तिश्चेत्येतत्त्रयं काव्यरचनायां कारणं सामग्र्यम पेक्ष्यते तत्र त्रिषु कारणं सामग्रयेषु मध्ये द्वयं शब्दार्थलक्षणं कारणं सामग्र्यं सर्वेषां समस्तानामेव वक्तृणां कवीनां समं सामान्यं साधारणं वा वर्तते । यतः सर्वे कवयः शब्दार्थज्ञाः भवन्ति । परं तृतीयं कविसामर्थ्यलक्षणं सामग्र्यं भिन्नशक्तिकम् कवीनां स्वस्वशक्त्यनुसारेण भवति । कविसामर्थ्यञ्च द्विविधम्—'संस्कारोत्थं स्वभावोत्थं सामर्थ्यं द्विविधं कवेः । तत्र शास्त्राश्रयं पूर्वमन्यदात्मोत्थसंश्रयम् ।' अतिशयालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—किसी भी काव्य की रचना में शब्द, अर्थ और कवि सामर्थ्य-कवित्वशक्ति, इन तीन प्रकार की कारण सामग्रियों की आवश्यकता होती है । उनमें से शब्द और अर्थ ये दो तो सभी कवियों में सामान्य रूप से पाई जाती हैं किन्तु तीसरी कवित्व शक्तिरूप कारण सामग्री सभी कवियों की अपनी अपनी शक्ति या प्रतिभा के अनुसार भिन्न प्रकार की होती हैं ।१९।

लोको युक्तिः कलाश्छन्दोऽलंकाराः समयागमाः ।
सर्वसाधारणाः सद्भिस्तीर्थमार्गा इव स्मृताः ॥२०॥

अन्वय - तीर्थ मार्ग इव सद्भिः लोकः युक्तिः कलाः छन्दः अलंकाराः समयागमाः सर्वसाधारणाः स्मृताः ।

संस्कृत व्याख्या—तीर्थमार्गं इव तीर्यते अनेन इति तीर्थम्, तीर्थस्यमार्गः तीर्थमार्गः स इव तीर्थमार्ग इव गङ्गादि तीर्थमार्ग इव, सद्भिः सज्जनैः, लोको व्याकरणशास्त्रम्, युक्तिः प्रमाणशास्त्रम्, कला नृत्यगीतादि कला, छन्दः छन्दशास्त्रम्, अलंकाराः शब्दार्थालंकाराः समयागमाः जैनबौद्धचार्वाकजैमिनि कपिलकणादानां सिद्धान्ताः, सर्वसाधारणाः सर्वसामान्याः, स्मृताः प्रोक्ताः प्रतिपादिताः इत्यर्थः । यथा खलु गंगादितीर्थमार्गे ब्राह्मणाश्चाण्डालादयोवा सर्वसाधारणाः जनाः गच्छन्ति न भवति तत्र कोऽपि दोषस्तथैव व्याकरणादि शास्त्रमपि सर्वसाधारणाः जनाः पठन्ति न तत्र कोऽपि दोषः । उपमालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—जिस प्रकार गंगादि तीर्थो के मार्ग सज्जन पुरुषों के द्वारा सर्वसाधारण जन (ब्राह्मण अथवा चाण्डालादि) गम्य कहे गये हैं,

उन पर सभी लोग-चाहे वे ब्राह्मण हों या शूद्र, चल सकते हैं, उसी प्रकार व्याकरण, न्याय, नृत्यगीतादि कला, छन्द, अलंकार और जैन बौद्धादिषड् दर्शनों के ग्रन्थ भी सर्वसाधारण जनगम्य-सभीजनों-चाहे वे ब्राह्मण हों या शूद्र-सभी के द्वारा पढ़ने योग्य कहे गये हैं, इसमें कोई भी दोष नहीं माना जाता है ।२०।

अर्थो नाभिमतं शब्दं न शब्दोऽर्थं विगाहते ।
स्त्रीवृन्दमिव मन्दस्य दुनोति कविता मनः ॥२१॥

अन्वय— मन्दस्य कविता स्त्रीवृन्दम् इव मनः दुनोति, अर्थः अभिमतं शब्दं न विगाहते, शब्दः अर्थम् न विगाहते ।

संस्कृत व्याख्या— मन्दस्य जडस्य मूर्खस्येतियावत कवेः कवित्ता स्त्रीवृन्दमिव मन्दस्य नपुंसकस्य रुग्णस्व वा कमनीयकामिनी समूह इव तस्य कवेः मनश्चित्तं दुनोति पीडयति संतापयतीत्यर्थः । यथा खलु स्त्री वृन्दं मन्दस्य नपुंसकस्य रुग्णस्यवा चित्तं दुनोति पीडयति संतापयति वा यतः सः नपुंसकस्तं स्त्री वृन्दं भोक्तुं न शक्नोति नैवानुभवितुं शक्नोति भोगशक्तिरहितत्वात् तथैव मन्द कवेः कवितापि तस्य कवेर्मनो दुनोति संतापयति वा । यतो हि तस्य मन्दस्य मूर्खस्य कवेः कविताया अर्थोऽभिमतमिष्टं शब्दं न विगाहते नावगाहते शब्दश्चाभिमतमर्थं न विगाहते नावगाहते प्रवेशं न करोतीत्यर्थः । श्लिष्टोपमा ।

हिन्दी अनुवाद— किसी मन्द या मूढ कवि की कविता मनोहर स्त्रियों के समान उसके चित्त को पीड़ित व्याकुल या बेचैन करती रहती है । जैसे मनोहर स्त्रियां मन्द नपुंसक या रुग्ण पुरुष के चित्त को बेचैन करती रहती हैं क्योंकि वह मन्द-नपुंसक भोग शक्ति के बिना उनका भोग ही नहीं कर सकता है, उसी प्रकार मन्द या मूढ कवि की कविता भी उसके चित्त को पीड़ित या संतप्त करती रहती है क्योंकि न तो उसकी कविता के अर्थ का समुचित शब्दों के साथ सामञ्जस्य बैठ पाता है और न ही उसके शब्द का समुचित अर्थ के साथ सामञ्जस्य बैठ पाता है ।२१।

दुर्जनानां विनोदाय बुधानां मतिजन्मने ।
मध्यस्थानां न मौनाय मन्ये काव्यमिदं भवेत् ॥२२॥

अन्वय—अहम् मन्ये, इदम्, काव्यम्, दुर्जनानाम् विनोदाय भवेत्, बुधानां मतिजन्मने भवेत्, मध्यस्थानां च मौनाय न भवेत् ।

संस्कृत व्याख्या—अहमेवं मन्ये तर्कयामि यदिदं काव्यं यशस्तिलकचम्पू नामधेयं काव्यं दुर्जनानां खलानां विनोदाय कौतुकोत्पादनाय भवेत् भविष्यति । ते खल्विदं विशिष्टं काव्यं दृष्ट्वाश्चर्यचकिता भविष्यन्ति । बुधानां पण्डितानां च मतिजन्मने निर्मलबुद्धिसमुत्पादनाय च भवेत् भविष्यति । एवं च मध्यस्थानां मध्यस्थजनानां मौनाय न भवेदयितु तेषामप्यस्मिन्प्रवृत्तित्युत्पादनाय भविष्यति । तेऽपीदमवश्यमेव पठिष्यन्तीत्यर्थः । अतिशयालंकारः । ।२२।

हिन्दी अनुवाद—मैं समझता हूँ कि यह यशस्तिलक नामक काव्य दुर्जनों के कौतूहल के लिये और विद्वानों के निर्मल बुद्धि उत्पन्न करने के लिये होगा तथा मध्यस्थ जनों के मौन के लिये नहीं अपितु उनकी इस में प्रवृत्ति के लिये होगा अर्थात् वे भी इस काव्य को देखकर मौन नहीं रहेंगे अपितु अवश्य ही पढेंगे ।२२।

सुकविकथामाधुर्यप्रबन्धसेवातिवृद्धजाड्यानाम् ।
पिचुमन्दकन्दलीष्विव भवतु रुचिर्मद्विधोक्तिषु बुधानाम् ॥२३॥

अन्वय—सुकविकथामाधुर्यप्रबन्धसेवातिवृद्धजाड्यानाम् बुधानाम् पिचुमन्दकन्दलीषु इव मद्विधोक्तिषु रुचिः भवतु ।

संस्कृत व्याख्या—सुकविकथा माधुर्यप्रबन्धसेवातिवृद्धजाड्यानाम् शोभनाः कवयः सुकवयः व्यास कालिदास हर्षमाघा दस्तेषां कथाः काव्यशास्त्राणि तत्र योऽसौ माधुर्यप्रबन्धः कर्णामृतप्रायरचना तस्याः सेवा आस्वादनं पुनः पुनरभ्यासः तया अतिवृद्धं अतिशयेनवृद्धिगतं जाड्यं जडत्वं येषां ते तथोक्तास्तेषामिति तथोक्तानाम् बुधानां पण्डितानां विद्वज्जनानामितियावत् । रुचिरभिलाषः । पिचुमन्दकन्दलीषु इव निम्बतरुकोमलपल्लवेष्विव मद्विधोक्तिषु अहं

सोमदेवसूरिः आचार्यः विधः प्रकारो येषां ते मद्विधाः मादृशाः मद्विधानामुक्तयः रचनाः तासु मद्विधोक्तिषु भवतु संजायताम् । यथा खलु मधुरमास्वादयन् पुमान् कण्ठे जाड्यवान् भवति, तद्विनाशार्थं निम्बपत्राणि कटुकान्यपि भक्षयति, तद्भक्षणेन तस्य कण्ठजडता विनश्यति, तथेदं यशस्तिलककाव्यमधीयानानां मूर्खत्वं विनश्यतीतिभावः । उपमालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—महाकवि व्यास, कालिदास, माघ, हर्ष आदि की माधुर्य गुण पूर्ण रचनाओं के सेवन-आस्वादन या निरन्तर अभ्यास से जिनकी जडता बहुत बढ गई है, ऐसे विद्वानों की अभिरुचि-अभिलाषा नीम के वृक्ष की कोमल कोंपलों के समान मुझ सोमदेव सूरि जैसे कवियों की इस यशस्तिलक जैसे काव्य के पढने में उत्पन्न होवे । आचार्य सोमदेव के कहने का तात्पर्य यह है कि जैसे बहुत मीठा खाते खाते जब मन ऊब जाता है या गले में अधिक मिठास बढ जाती है तो कोई खट्टी, नमकीन या नीम जैसी कडवी वस्तु को खाने की तीव्र अभिलाषा होती है और उस खट्टी, नमकीन या नीम जैसी कड़वी वस्तु के खाने से मुंह का स्वाद ठीक हो जाता है उसी प्रकार महाकवि कालिदासादि की मधुर रचनाओं को पढते पढते जब विद्वानों का मन ऊब जावे तो उन्हें मुझ सोमदेव सूरि जैसे कवियों की रचना-यशस्तिलक को पढना चाहिये ।२३।

न गद्यं पद्यमिति वा सतां कुर्वीत गौरवम् ।
किन्तु किंचित्स्वसंवेद्यमन्यत्सुखमिव स्त्रियाः ॥२४॥

अन्वय—(इदं काव्यम्) गद्यं वा पद्यम् इति सतां गौरवम् न कुर्वीत किन्तु स्त्रिया इव किंचित् अन्यत् स्वसंवेद्यम् सुखम् कुर्वीत ।

संस्कृत व्याख्या—इदं यशस्तिलकनामधेयं काव्यं गद्यमिति वा अथवा पद्यमितिकथनमात्रेणैव सतां विद्वज्जनानां गौरवं महात्म्यं न कुर्वीत न कुर्यात् किन्तु स्त्रियाः कामिन्या इव किंचिदपूर्वमनिर्वचनीयमन्यदपरं स्वसंवेदन प्रत्यक्षगम्यं सुखं परमानन्दं कुर्यात् । यथा खलु भुज्यमानायाः कामिन्या गद्यमुक्तिगोचरं वचनगोचरं वा पद्यं चरणाद्यासनविन्यासजालं सुखं न भवति किन्त्वन्यदनि-

वंचनीयं स्वसंवेद्यं सप्तमधातुक्षरणात्मकं रतिजन्यं सुखं भवति तथैव पठ्यमानस्यास्य यशस्तिलकनामधेयस्य काव्यस्य गद्यमितिपद्यमिति वा कथनमात्रेणैव पाठकानां सुखं न भवति किन्त्वन्यदेव वंचनीय स्वसंवेदन जन्यमपूर्वमेव परमानन्दलक्षणं सुखं जायते। श्लिष्टोपमालंकारः।

हिन्दी अनुवाद—यह यशस्तिलक चम्पू नामक काव्य केवल गद्यरूप है या पद्यरूप है, इतना कहने मात्र से पाठकों को आनन्ददायक नहीं है किन्तु भोगी हुई कामनी स्त्री के समान इसका अध्ययन और पारायण करने से कोई अपूर्व ही स्वसंवेदन प्रत्यक्षगम्य परमसुख प्राप्त होता है।

तात्पर्य यह है कि जिस प्रकार किसी कामनी के केवल गद्य विषयासक्ति या रागपरिपूर्ण वचनों एवं पद्य-कामोत्पादक आसन आदि से ही सुख उत्पन्न नहीं होता है किन्तु उसके साथ संभोग से ही कार्य अपूर्व स्वसंवेदन जन्म रति-सुख उत्पन्न होता है, उसी प्रकार इस काव्य से भी यह केवल गद्यरूप है अथवा पद्यरूप है इतना कहने मात्र से ही सहृदय विद्वान पाठकों को आनन्द प्राप्त नहीं होगा किन्तु इसके निरन्तर अध्ययन एवं पारायण करने से ही कोई अपूर्व स्वसंवेदन प्रत्यक्षगम्य परमानन्द प्राप्त होगा।२४।

त एव कवयो लोके येषां वचनगोचरः।
सपूर्वोऽपूर्वतामर्थो यात्यपूर्वः सपूर्वताम्॥२५॥

अन्वय—लोके ते एव कवयः, येषाम् वचनगोचरः सपूर्वः अर्थः अपूर्वताम् याति, अपूर्वः अर्थः सपूर्वताम् याति।

संस्कृत व्याख्या—लोके संसारे वस्तुतः त एव पुरुषाः कवयः कथ्यन्ते येषां पुरुषाणां वचनगोचरः काव्यरचनाविषयकः सपूर्वः सर्वलोकप्रसिद्धोऽर्थोऽपूर्वतां वैशिष्ट्यं याति प्राप्नोति। अपूर्वो विशिष्टश्चार्थः सपूर्वतां लोकप्रसिद्धतां याति प्राप्नोति। अनुभूत इव चमत्करोति। अतिशयालंकारः।

हिन्दी अनुवाद—वस्तुतः लोक में वे ही पुरुष कवि कहलाने के अधिकारी हैं, जिनकी वाणी से निकला हुआ-काव्य रचना विषयक लोक प्रसिद्ध अर्थ अपूर्व-अनोखा सा प्रतीत होता है और अपूर्व अर्थ लोक प्रसिद्ध-सर्वसाधारण जन गम्य अर्थ सा प्रतीत होता है।२५।

ता एव सुकवेर्वाचस्तिरश्चामपि याः श्रुताः ।
भवन्त्यानन्दनिष्यन्दामन्दरोमाञ्चहेतवः ॥२६॥

अन्वय—सुकवेः ता एव वाचः (प्रशंसनीयाः भवन्ति) श्रुताः याः तिरश्चाम् अपि आनन्दनिष्यन्दामन्दरोमाञ्चहेतवः भवन्ति ।

संस्कृत व्याख्या—शोभनः कविः सुकविस्तस्य सुकवेः श्रेष्ठकवेस्ता एव वाचः वाण्यः काव्य रचनाः वा प्रशस्ताः प्रशंसनीयाः भवन्ति श्रुताः श्रुतिगोचराः—आकर्णिताः याः तिरश्चाम् पशूनामपि आनन्दनिष्पन्दामन्द रोमाञ्चहेतवः आनन्दः परमानन्दलक्षणं सौख्यं तस्य निष्पन्दः क्षरणम् आनन्दनिष्पन्दश्चामन्दो निविडो योऽसौ रोमाञ्चो रोमहर्षणम् आनन्द निष्पन्दामन्दरोमाञ्चौ तयोर्हेतवः कारणानि भवन्ति । अतिशयालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—श्रेष्ठ कवि की वे ही वाणियां-काव्य रचनायें प्रशंसा के योग्य हैं, जिनको सुन करके पशु भी आनन्दित और रोमाञ्चित हो जाते हैं ।२६।



न चैकान्तेन वक्रोक्तिः स्वभावाख्यानमेव वा ।
बुधानां प्रीतये किन्तु द्वयं कान्ताजनेष्विव ॥२७॥

अन्वय—एकान्तेन वक्रोक्ति वा स्वभावाख्यानम् एव बुधानां प्रीतये न (भवति) किन्तु द्वयम् कान्ताजनेषु इव (बुधानां प्रीतये भवति) ।

संस्कृत व्याख्या—एकान्तेन सर्वथा वक्रोक्तिश्चतुरालापालंकार विशेषश्च मत्कारपूर्णोक्तिर्वा अथवा स्वभावाख्यानमेव चित्तार्पणं जातिनामालंकारश्च बुधानां विद्वज्जनानां प्रीतये हर्षाय न भवति किन्तु द्वयमेव वक्रोक्तिः स्वभावाख्यानं च कान्ताजनेषु इव यथा खलु कान्ताजनेषु एकान्तेन सर्वथा वक्रोक्तिः कुटिलवचनं प्रीतये न भवति, स्वभावाख्यानं वातिव्रीडतया स्वाभिप्रायार्पणं च प्रीतये हर्षाय न भवति । किन्तु द्वयमेव वक्रोक्तिः स्वभावाख्यानं चैतद्वयं मिश्रमेव बुधानां प्रीतये भवति । श्लिष्टोपमालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद--किसी भी काव्य में केवल वक्रोक्ति-चमत्कारपूर्ण कथन अथवा केवल स्वभावाख्यान-स्वभावोक्ति या जाति नामक अलंकार पूर्ण कथन,-ये अलग अलग रूप से विद्वानों के मन को प्रसन्न करने वाले नहीं होते हैं किन्तु दोनों-वक्रोक्तिपूर्ण और स्वभावोक्ति पूर्ण कथन एक साथ मिलकर ही स्त्री जनों के वक्रोक्ति-कुटिलतापूर्ण और स्वभावोक्ति-लज्जा से अपने अभिप्राय को व्यक्त करने पूर्ण वचनों की तरह विद्वानों के मन को प्रसन्न करने वाले होते हैं।२७।

अबुधेऽप्युक्तियुक्तिज्ञे कवीनामुत्सवो महान्।
गुणाः किं न सुवर्णस्य व्यज्यन्ते निकषोपले ॥२८॥

अन्वय—अबुधे अपि उक्तियुक्तिज्ञे (कविविशेषे) कवीनाम् महान् उत्सवः (भवति) किम् सुवर्णस्य गुणाः निकषोपले न व्यज्यन्ते।

संस्कृत व्याख्या—अबुधेऽपण्डितेऽपि परमुक्तियुक्तिज्ञे उक्तीनां काव्यरचनानां युक्तिं जानातीति उक्तियुक्तिज्ञस्तस्मिन् कविविशेषे कवीनां विद्वज्जनानां महानुत्सवः परमानन्दो भवति। किम् निकषोपलं कषपट्टिकापाषाणे सुवर्णस्य गुणाः पीतत्वादयो न व्यज्यन्ते नाभिव्यक्ताः भवन्ति अपितु व्यज्यन्त एवाभिव्यक्ताः भवन्त्येव। आक्षेपालंकारः। लक्षणं तु-'उक्तिर्यत्र प्रतीतिर्वा प्रतिषेधश्च जायते। आचक्षते तमाक्षेपमलंकारं बुधा यथा।'

हिन्दी अनुवाद—विशिष्ट विद्वान् न होते हुये भी काव्य रचनाओं की युक्ति को जानने वाले कवि विशेष से विद्वानों को महान् हर्ष होता है। क्या सुवर्ण के गुण कसौटी पर प्रकट नहीं होते हैं ? अपितु होते ही हैं।२८।

अवक्तापि स्वयं लोकः कामं काव्यपरीक्षकः।
रसपाकानभिज्ञोऽपि भोक्ता वेत्ति न किं रसम् ॥२९॥

अन्वय—लोकः स्वयम् अवक्ता अपि कामं काव्यपरीक्षकः (भवति) रसपाकानभिज्ञः अपि भोक्ता किम् रसम् न वेत्ति ।

संस्कृत व्याख्या—लोको जनसाधारणः स्वयमवक्तापि अकविरपि कामं यथेष्टं काव्यपरीक्षकः काव्य गुणदोषज्ञो भवति । रसपाकानभिज्ञोऽपि रसपाकस्य शर्करादिरसपाकस्यानभिज्ञोऽपि अविज्ञायकोऽपि किन्तु तस्य रसस्थ भोक्ताऽऽस्वादकः पुरुषः किं रसं मिष्टत्वं न वेत्ति, अपि तु वेत्त्येव ।

हिन्दी अनुवाद—साधारण पुरुष स्वयं कवि न होता हुआ भी विशिष्ट कवियों की काव्य रचनाओं को पढने या सुनने के कारण उन काव्यों के गुण और दोषों को जानने वाला होता है । क्या शर्करादि रस के पाक से अनभिज्ञ किन्तु उस रस के स्वाद को जानने वाला व्यक्ति उसकी मिठास को नहीं जानता है ? अपितु जानता ही है ।२९।

वृथा वक्तुः श्रमः सर्वो निर्विचारे नरेश्वरे ।
प्राज्यभोज्यविधिः कः स्यात्तृणस्वादिनि देहिनि ॥३०॥

अन्वय—निर्विचारे नरेश्वरे वक्तुः सर्वः श्रमः वृथा (भवति) तृणस्वादिनि देहिनि प्राज्यभोज्यविधिः कः स्यात् ।

संस्कृत व्याख्या—निर्विचारे विचाररहिते विचारशून्ये वा नरेश्वरे राजनि वक्तुः कवेः सर्वोऽपि श्रमः काव्यरचनापरिश्रमः वृथा निरर्थको निष्फलो वा भवति । तृणस्वादिनि घासचर्विणि देहिनि पशौ प्राज्यभोज्यविधिः प्रचुरघृत भोजनविधानं कः स्यात् कः फलदायको भवति ? अपि तु न कश्चिदपीत्यर्थः ।

हिन्दी अनुवाद—विचारहीन राजा के समक्ष योग्य कवि का काव्य रचना विषयक सब परिश्रम निरर्थक है । घास का भक्षण करने वाले पशु के लिये अधिक घी से बना हुआ भोजन व्यर्थ है ।३०।

यः पार्थिवत्वसामान्यान्माणिक्याश्मसमागमः ।
पार्थिवः पार्थिवो नूनं वृथा तत्र कवेः श्रमः ॥३१॥

अन्वय — यः पार्थिवः पार्थिवत्वसामान्यात् माणिक्याश्मसमागमः (भवति) । (सः) पार्थिवः नूनं पार्थिवः (एव) तत्र कवेः श्रमः वृथा (अस्ति) ।

संस्कृत व्याख्या—यः पार्थिवो नरेन्द्रः पार्थिवत्व सामान्यात् पृथिव्याः विकारः पार्थिवः पार्थिवस्यभावः पार्थिवत्वं तस्य पार्थिवत्वस्य सामान्यात्साधारणधर्मात् माणिक्याश्मसमागमः माणिक्यपाषाणयोः समानधर्मः समदृष्टिर्भवति सः पार्थिवो नरेन्द्रो नूनं निश्चयेन पार्थिव एव पृथिव्याः विकार एव मृण्मय एवेत्यर्थः । अतस्तत्र पार्थिवे नरेन्द्रे कवेः कवीन्द्रस्य सर्वोऽपि श्रमः काव्य रचनाप्रयासो वृथा निरर्थकोऽस्ति । रूपकालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—जो राजा रत्न और पाषाण को, एक ही पार्थिव धर्म के कारण एकसा समझता है दोनों में भेद नहीं करता है, वह राजा निश्चय ही कोरा मिट्टी का ही है । (निरा मूर्ख है) । अतः उसके समक्ष कवि का काव्य रचना का प्रयास करना व्यर्थ है ।३१।

अङ्गनावद्गिरो गण्याः प्रायेणान्यपरिग्रहात् ।
स्वयं विचारशून्यो हि प्रसिद्धया रज्यते जनः ॥३२॥

अन्वय – गिरः प्रायेण अन्यपरिग्रहात् अङ्गनावत् गण्याः (भवन्ति) । हि जनः स्वयं विचारशून्यः प्रसिद्धया रज्यते ।

संस्कृत व्याख्या—गिरो वाण्यः कविरचनाः प्रायेण बहुलतया अन्यपरिग्रहात् अन्यैर्विद्वज्जनैः स्वीकारादङ्गनावत् काचिन्नारीवद्गण्याः माननीयाः भवन्ति । यथा खल्वेषा स्त्री अनेन राज्ञा परिगृहीता वर्तते अतएवैषातीव रुचिराभविष्यति तथैवैषा काव्यरचनानेन विदुषा स्वीकृता अतएवैषा रचना श्रेष्ठाभविष्यति । अमुमेवार्थमर्थान्तरन्यासेन दृढयति—हि यस्मात् कारणात् जनोलोकः स्वयमात्मना विचारशून्योऽपि निर्विवेकोऽपि प्रसिद्धया लोकप्रसिद्धयैव रज्यते राग करोति । अर्थान्तरन्यासालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—कवियों की रचनायें प्रायः अन्य विद्वानों के द्वारा स्वीकार किये जाने पर ही स्त्री की तरह मान्यता को प्राप्त होती हैं। जैसे—यह स्त्री इस राजा के द्वारा परिणीत-विवाहित है अतएव अवश्य ही मनोहर होगी, इसी प्रकार यह रचना इस प्रसिद्ध विद्वान् के द्वारा मान्य है अतएव अवश्य ही श्रेष्ठ होगी। ठीक ही है, निश्चय से लोक स्वयं विचार शून्य होने के कारण प्रसिद्धि से दूसरों के प्रति अनुराग करते हैं।३२।

यः स्वयं कवते नैव यश्चोक्तौ मूढधीश्वरः।
मरणादपि दुःखाय काव्यकीर्तिस्तयोः पुरः ॥३३॥

अन्वय—यः स्वयं न एव कवते, च यः उक्तौ मूढधीश्वरः तयोः पुरः काव्यकीर्तिः मरणात् अपि दुखाय (भवति)।

संस्कृत व्याख्या—यः पुमान् स्वयमात्मना नैव कवते नवीनं काव्यं न करोति, यश्च पुमान् उक्तौ पारकीय काव्यरचनायां मूढधीश्वरः परकीयं काव्यं न पठतीत्यर्थः। तयोर्द्वयोः पुरुषयोः पुरोऽग्रे काव्यकीर्तिः काव्यप्रशंसनं मरणादपि दुःखाय भवति दुःखनिमित्तं स्यात्। जात्यलंकारः।

हिन्दी अनुवाद—जो पुरुष स्वयं किसी नवीन काव्य की रचना नहीं करता है और जो दूसरे योग्य कवियों की काव्य रचनाओं में मूढबुद्धि है—उन्हें नहीं पढता है, इस प्रकार के दोनों पुरुषों के समक्ष काव्य की प्रशंसा करना मरण से भी अधिक दुःखदायक है।३३।

अन्तःसारं भवेद्रत्नं बहिः काचं च सुन्दरम्।
यथा तथा कवेः काव्यमकवेश्च विभाव्यताम् ॥३४॥

अन्वय—यथा रत्नम् अन्तः सारम् भवेत् च काचं बहिः सुन्दरम् भवेत्, तथा कवेः च अकवेः काव्यम् विभाव्यताम्।

संस्कृत व्याख्या:—यथा रत्नं माणिक्यमन्तः सारं भवेत् श्रेष्ठं भवेत् एवं च काचं बहिर्बाह्ये सुन्दरं मनोहरं भवति तथैव कवेः सुकवेः काव्यमन्तः सारं भवति तथा चाकवेः कुकवेः काव्यं बहिरेव मनोहरं। विभाव्यतां विचार्यतामिति। उपमालंकारः।

हिन्दी अनुवाद—जिस प्रकार मणि-माणिक्य अन्दर से सारभूत या श्रेष्ठ होता है और काव्य केवल बाहर से ही सुन्दर होता है, उसके अन्दर कुछ भी सार नहीं होता है, उसी प्रकार अच्छे कवि का काव्य अन्दर से सारभूत या श्रेष्ठ होता है और कुकवि का काव्य केवल बाहर से ही चमत्कार पूर्ण होता है किन्तु उसके अन्दर कुछ भी सार नहीं होता है ।३४।

निः सारस्य पदार्थस्य प्रायेणाडम्बरो महान् ।
न हि स्वर्णे ध्वनिस्तादृक्कंसे यादृक्प्रजायते ॥३५॥

अन्वय—निःसारस्य पदार्थस्य प्रायेण महान् आडम्बरः (भवति) हि स्वर्णे तादृक् ध्वनि न प्रजायते यादृक् कंसे प्रजायते ।

संस्कृत व्याख्या—निःसारस्य सारहीनस्य निकृष्टस्येतियावत् पदार्थस्य वस्तुनः प्रायेण बहुलतया महान् गुरुतर आडम्बर आटोपो भवति । हि निश्चयेन स्वर्णे कनके तादृक् तादृशो ध्वनिः शब्दो न प्रजायते नोत्पद्यते यादृक् ध्वनिः कसे धातुविशेषे प्रजायते उत्पद्यते । दृष्टान्तालकारः ।

हिन्दी इनुवाद—सारहीन पदार्थ का प्रायः बड़ा आडम्बर होता है । जैसी आवाज कासे से उत्पन्न होती है वैसी सुवर्ण से उत्पन्न नहीं होती है ।३५।

काव्यकथासु त एव हि कर्तव्याः साक्षिणः समुद्रसमाः ।
गुणमणिमन्तर्निदधति दोषमलं ये बहिश्च कुर्वन्ति ॥३६॥

अन्वय—हि काव्यकथासु समुद्रसमाः ते एव (पुरुषाः) साक्षिणः कर्तव्याः, ये गुणमणिम् अन्तः निदधति च दोषमलं बहिः कुर्वन्ति ।

संस्कृत व्याख्या—हि निश्चयेन काव्यकथासु काव्यशास्त्रेषु समुद्रसमाः समुद्रतुल्यास्त एव पुरुषा त एव योग्यपुरुषाः साक्षिणः, प्रतिभुवः परीक्षकाः इति यावत् कर्त्तव्याः करणीयाः ये महासमुद्रतुल्याः ये जनाः गुणमणिं गुणरत्न मौदार्यादिगुणरत्न समूहमन्तर्मध्ये निदधति धरन्ति एवं च दोषमलं दोषकल्मषं बहिः कुर्वन्ति बहिर्निष्कासयन्ति । यथा खलु महासमुद्राः रत्नसमूहमन्तः धरन्ति मलं च बहिर्निष्कासयन्ति तथैव काव्यपरीक्षकाः योग्यपुरुषाः माधुर्यादि काव्यगुणान् स्वहृदयेषु धरन्ति दुःश्रवत्वादि काव्यदोषांश्च बहिर्निष्कासयन्ति

परित्यजन्ति । अतएव काव्यपरीक्षासु योग्यपुरुषा एव परीक्षकाः नियोज्याः इतिभावः । रूपकोपमालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—निश्चय से काव्यकथाओं की परीक्षा में गंभीर महासमुद्र के समान उन्हीं योग्य पुरुषों को परीक्षक नियुक्त करना चाहिये जो माधुर्यादि काव्य-गुण रूपी रत्नों को तो अपने हृदय में धारण कर लेते है दुःश्रवत्वादि काव्य दोष रूपी मैल को परित्याग कर देते है ।३६।

आत्मस्थितेर्वस्तु विचारणीयं न जातु जात्यन्तरसंश्रयेण ।
दुर्वर्णनिर्वर्णविधौ बुधानां सुवर्णस्य मुधानुबन्धः ।।३७।।

अन्वय—वस्तु आत्मस्थितेः विचारणीयम जातु जात्यन्तरसंश्रयेण न विचारणीयम्, बुधानां दुर्वर्णनिर्वर्णविधौ सुवर्णवर्णस्य अनुबन्धः मुधा (भवति)।

संस्कृत व्याख्या—वस्तु काव्यादिकं आत्मस्थितेः निजस्वरूपानुसारेण विचारणीयम् । जातु कदाचित् जात्यन्तरसंश्रयेण अपर स्तु परवस्त्वाश्रयेण न विचारणीयम् । यथा तर्कशास्त्र परीक्षा विषये व्याकरण शास्त्र परीक्षा न कर्तव्या, व्याकरण शास्त्र परीक्षा विषये च तर्कशास्त्रपरीक्षा न कर्तव्या । किन्तु तर्केण तर्कस्य, व्याकरणेन व्याकरणस्य, काव्येन काव्यस्य च परीक्षा कर्तव्या । बुधानां विद्वज्जनानां दुर्वर्णनिर्वर्णविधौ रूप्यपरीक्षाविधाने सुवर्णवर्णस्यानुबन्धः परीक्षा मुधा वृथैव भवति । दृष्टान्तलंकारः ।

हिन्दी अनुवाद काव्य-वस्तु की परीक्षा सदा उसके अपने स्वरूप के अनुसार ही करना चाहिये । किसी वस्तु की परीक्षा किसी अन्य वस्तु के आश्रय से नहीं करनी चाहिये । जैसे-तर्क-न्याय शास्त्र की परीक्षा के विषय में व्याकरण की परीक्षा और व्याकरण के विषय में न्याय की परीक्षा नहीं करनी चाहिये किन्तु न्याय से न्याय की, व्याकरण से व्याकरण की और काव्य से काव्य की परीक्षा करनी चाहिये । चांदी की परीक्षा के विधान में सुवर्ण के पीतादि वर्ण की परीक्षा करना विद्वानों के लिये व्यर्थ हैं ।३७।

गुणेषु ये दोषमनीषयान्धा दोषान्गुणीकर्तुमथेशते वा ।
श्रोतुं कवीनां वचनं न तेऽर्हाः सरस्वतीद्रोहिषु कोऽधिकारः ।३८।

अन्वय– ये दोषमनीषया गुणेषु अन्धाः, अथ वा दोषान् गुणीकर्तुम् ईशते, ते कवीनां वचन श्रोतुम् अर्हाः न, सरस्वतीद्रोहिषु कः अधिकारः (अस्ति)।

संस्कृत व्याख्या—ये पुरुषाः दोषमनीषया खण्डितादिकाव्यदोषबुद्धया गुणेषु माधुर्यादिकाव्यगुणेषु अन्धाः निर्विवेकिनो विवेकशून्या भवन्ति, अथवा दोषान् खण्डितत्वादि काव्य दोषान् गुणीकर्तुमीशते अगुणान् गुणीकर्तुं समर्था-भवन्ति, ते पुरुषः कवीनां सुकवीनां वचनं वाक्यं श्रोतुमाकर्णयितुमर्हाः योग्या न भवन्ति। युक्तोऽयमर्थः। सरस्वतीद्रोहिषु स्वरस्वतीं द्रुह्यन्ति ते सरस्वती द्रोहिणस्तेषु सरस्वतीद्रोहिषु भारतीभञ्जकेष्वित्यर्थः। कोऽधिकारः श्रोतुं न कश्चिदप्यधिकारो नियोग इत्यर्थः। आक्षेपालङ्कारः।

हिन्दी अनुवाद—जो पुरुष दोष बुद्धि से काव्य गुणों में अन्ध-विवेकशून्य हैं अर्थात् जो काव्यगुणों को दोष बताते हैं अथवा काव्य दोषों को गुण बताते हैं, वे योग्य कवियों के वचनों–उत्तम कोटि के काव्यों को सुनने के योग्य नहीं हैं। ठीक ही हैं, सरस्वती से द्रोह करने वालों को काव्य सुनने का क्या अधिकार है ? ।३८।

अयं कविर्नैष कविः किमत्र हेतुप्रयुक्तिः कृतिभिर्विधेया।
श्रोत्रं मनश्चात्र यतः समर्थं वागर्थयोरूपनिरूपणाय ॥३९॥

अन्वय—यतः वागर्थयोः रूपनिरूपणाय श्रोतम् च मनः समर्थम्, (तदा) अयं कविः, एषः कविः न, (इति) हेतुप्रयुक्तिः किम् कृतिभिः अत्र विधेया ? (अपि तु न विधेया)।

संस्कृत व्याख्या—यतः यस्मात् कारणात वागर्थयोः वाक् च अर्थश्चेति वागर्थौ तयोर्वागर्थयोः काव्यशरीरस्वरूपयोः शब्दार्थयोः रूपनिरूपणाय स्वरूप-विज्ञानायः क्रमशः श्रोत्रं श्रोत्रेन्द्रियं मनश्चित्तं च समर्थं वर्तते तदायं कविरयं सुकविरस्ति, एषश्च कविर्नास्ति कविर्नभवतीति हेतुप्रयुक्तिर्वचनानां प्रयोगः किं कृतिभिर्विद्वद्भिरत्रास्मिन् यशस्तिलकचम्पूकाव्ये विधेया करणीया अपित्वीदृक् वचनप्रयोगो न विधेय इत्यर्थः।

हिन्दी अनुवाद—जबकि काव्य के शरीर स्वरूप शब्द और अर्थ के स्वरूप विज्ञान के लिये क्रम से कर्णेन्द्रिय और मन समर्थ हैं, तब यह सुकवि है और

यह कवि नहीं है' इस प्रकार के वचनों का प्रयोग क्या विद्वानों को इस काव्य के विषय में करना चाहिये ? अपितु नहीं करना चाहिये ।३९।

कवितायै नमस्तस्यै यद्रसोल्लासिताशयाः ।
कुर्वन्ति कवयः कीर्तिलतां लोकान्तसंश्रयाम् ।।४०।

अन्वय—यद्रसोल्लासिताशयाः कवयः कीर्तिलतां लोकान्तसंश्रयाम् कुर्वन्ति तस्यै कवितायै नमः ।

संस्कृत व्याख्या—यद्रसोल्लासिताशयाः यस्याः कवितायाः रसोऽनुरागो यद्रसः, यद्रसेन उल्लासितो वृद्धि प्रापितः आशयश्चित्तं येषां ते तथोक्ताः, यदनुरागवर्धितचित्ताः कवयः विद्वान्सः कीर्तिलतां स्वकीर्तिरेवलता वल्लीं स्वर्गादिफलदायका कीर्तिलता तां कीर्तिलतां लोकान्तसंश्रयां त्रैलोक्य पर्यन्त व्यापिनीं कुर्वन्ति विदधति तस्यै लोकप्रसिद्धायै कवितायै नमः नमस्कारो भवतु । अतिशयवद्रूपकालंकारत्वात् संकरालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—जिस काव्य के रसास्वाद से जिनके चित्त हर्षित हो गये हैं, ऐसे कविजन अपनी कीर्तिलता को तीनों लोकों में व्याप्त करते हैं, उस कविता या काव्य के लिये नमस्कार हो ।४०।

निद्रां विदूरयसि शास्त्ररसं रुणत्सि
सर्वेन्द्रियार्थमसमर्थविधिं विधत्से ।
चेतश्च विभ्रमयसे कविते पिशाचि
लोकस्तथापि सुकृती त्वदनुग्रहेण ।।४१।।

अन्वय—हे कविते ! हे पिशाचि ! निद्रां विदूरयसि, शास्त्ररसं रुणत्सि, सर्वेन्द्रियार्थम् असमर्थविधिम् विधत्से, च चेतः विभ्रमयसे, तथापि लोकः त्वदनुग्रहेण सुकृती (भवति)

संस्कृत व्याख्या — हे कविते ! हे पिशाचि ! हे व्यन्तरि ! त्वं निद्रां विदूरयसि स्वप्नं विनाशयसि, शास्त्ररसं रुणत्सि शास्त्ररसस्यावरोधिका

भवसि, सर्वेन्द्रियार्थं सर्वेषामिन्द्रियाणां स्पर्शनरसनघ्राणचक्षुश्रोत्राणामर्थं स्पर्शरसरूपगन्धशब्दादिकमसमर्थविधि निर्बलविधानं विधत्से करोषि तथा च चेतः मनो विभ्रमयसे मनसः भ्रान्तिमुत्पादयसीत्यर्थः । एतावद्दोषवती भवती वर्तसे । तथापि लोको जनस्त्वदनुग्रहेण त्वत्प्रसादेन सुकृती पुण्यवान् भवतीति। विषमालंकारो निद्रास्तुतिर्वा ।

हिन्दी अनुवाद—हे पिशाचि ! कविते ! तुम निद्रा को दूर करती हो, व्याकरण, साहित्यादि शास्त्रों के रस का अवरोध करती हो, सम्पूर्ण स्पर्शनादि इन्द्रियों के स्पर्शादि विषयों की शक्ति को निर्बल बनाती हो तथा चित्त में भ्रान्ति उत्पन्न करती हो तो भी संसारी जन तुम्हारी कृपा से पुण्यवान् हो जाता है—तुम्हारा अभ्यास करते करते कवि बनकर कृतकृत्य हो जाता है ।४१।

कृतमतिविस्तरेण ।

हिन्दी अनुवाद—अतिविस्तरेण कृतम्—इस प्रकार अधिक विस्तार करने से विराम लिया जावे इतना ही वर्णन पर्याप्त है ।

अस्ति खल्विहैव सकलाश्चर्यैकपात्रे भरतक्षेत्रे चतुर्वर्गमार्गणोपकरणप्रसूतः समस्तप्रशस्तमहीवलयालंकरणभूतः सुरलोकमनोरथाविधेयो योधेयो नाम धाम सम्पदो जनपदः ।

हिन्दी अनुवाद—निश्चय से इसी जम्बूद्वीप सम्बन्धी सम्पूर्ण आश्चर्यों के अद्वितीय स्थान स्वरूप भरतक्षेत्र में 'यौधेय' नाम का देश है, जो चतुर्वर्ग धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष, इन चार पुरुषार्थों को प्राप्त कराने वाले उपकरण जिन मंदिर, जिन प्रतिमा आदि साधनों का उत्पत्ति स्थान है, जो सम्पूर्ण प्रशंसनीय पृथ्वीमण्डल का आभूषण स्वरूप है, जहाँ पर रहने वाले लोग स्वर्गलोक की भी कामना नहीं करते हैं और जो धन-धान्यादि सम्पत्ति का निवास स्थान हैं ।४२।

यत्र महानृपतय इव गोमण्डलवन्तः, चक्रवर्तिश्रिय इव महिषीसमाकुलाः, भरतप्रयोगाइव सगन्धर्वाः, सुगतागमा इवाविकल्पप्रधानाः, कामिनीनितम्बा इव करभोरवः, श्रुतय इवाजसंजनितविस्ताराः, श्रमणाइव जातरूपधारिणः, बृहस्पतिनीतय इवादेवमातृकाः, भागवता इव प्रतिपन्नकृष्णभूमयः, सांख्या इव समाश्रितप्रकृतयः, हरमौलय इव सुलभजलाः, संकर्षणरणकेलय इव हलबहुलाः ।

हिन्दी अनुवाद—जिस यौधेय देश में ग्राम महाराजाओं के समान गोमण्डल शाली हैं। जिस प्रकार महाराजा गोमण्डल-पृथ्वीमण्डल से युक्त होते हैं उसी प्रकार वहां के गांव भी गोमण्डल-गायों के समूह से युक्त हैं। जो चक्रवर्ती की लक्ष्मी के समान महिषी—समाकुल हैं—जिस प्रकार चक्रवर्ती सम्राट की लक्ष्मी महिषी-पट्टरानियों से व्याप्त होती है, उसी प्रकार वहां के गांव भी महिषी-भैंसों से भरपूर हैं। जो संगीत शास्त्रों के समान गन्धर्वों से युक्त हैं—जिस प्रकार संगीत शास्त्र गन्धर्वों-गायकों से युक्त होते हैं उसी प्रकार वहां के ग्राम भी गन्धर्वों-घोड़ों से युक्त हैं। जो बौद्धों के शास्त्रों के समान अविकल्प प्रधान हैं—जैसे बौद्धशास्त्र क्षणनश्वरवादी होने से स्वर्ग, पुण्य, पापादि के विकल्पों की प्रधानता से रहित है उसी प्रकार वहां के ग्राम अवि-भेडों के कल्प-समूहों की प्रधानता से युक्त हैं। जहां ग्राम कामनी स्त्रियों के नितम्ब-कमर के पिछले भाग के समान करभोरू वाले हैं, जिस प्रकार कामिनी-स्त्रियों के नितम्ब भाग करभ- हाथ की कलाई से लेकर छोटी अंगली तक के बाहिरी भाग के समान (मणिबन्धादाकनिष्ठं करस्य करभो बहिः अमर कोष) ऊपर से मोटी और नीचे की ओर पतली, चिकनी जंघाओं वाले होते हैं उसी प्रकार वे ग्राम भी करभ-ऊंटों से उरु-गरीष्ठ या महान् हैं। जहां वेदों के समान अजसंजनित विस्तार वाले गांव हैं-जिस प्रकार वेद अज-ब्रह्मा से, संजनित विस्तार-किये गये विस्तार वाले होते हैं उसी प्रकार वहां के ग्राम भी अज-बकरों से, संजनित विस्तार-किये गये विस्तार वाले हैं। जो ग्राम श्रमणों—दिगम्बर मुनियों के समान जातरूपधारी हैं। जिस प्रकार श्रमण-दिगम्बर-जैन नग्न साधु जातरूपधारी—वास्तविक नग्न स्वरूप को धारण करने वाले होते हैं, उसी प्रकार वहां के ग्राम भी जातरूपधारी-

सुवर्ण को धारण करने वाले-सुवर्ण की बहुलता वाले थे । जो ग्राम बृहस्पतिनी तियों-चार्वाकों—नास्तिकों के दर्शन शास्त्रों-के समान अदेवमातृक हैं, जिस प्रकार चार्वाक नीतियां अदेवमातृक-सर्वज्ञदेवादि की मान्यता से रहित हैं उसी प्रकार वे ग्राम भी अदेवमातृक-देवकृत जलवृष्टि से उत्पन्न धान्यादि से आजीविका वाले नहीं किन्तु नदी आदि के जल की सिचाई से उत्पन्न धान्यादि से अपनी आजीविका चलाने वाले थे । जो ग्राम भागवत-वैष्णवों के समान प्रतिपन्नकृष्णभूमि वाले हैं । जिस प्रकार वैष्णवजन प्रतिपन्नकृष्णभूमि-द्वारिका में छः महीने तक रहते हैं, उसी प्रकार वे गांव भी कालीभूमि की प्राप्ति वाले हैं । अर्थात् उन ग्रामों की भूमि काली मिट्टी से युक्त है, जो बहुत उपजाऊ होती है । वे ग्राम सांख्यों के समान समाश्रित प्रकृति वाले थे । जिस प्रकार सांख्य दर्शन को मानने वाले प्रकृति तत्व की मान्यता वाले होते हैं, उसी प्रकार वहां के ग्राम भी १८ प्रकार के हलजीविकादि प्रजा जनों से युक्त थे । वे ग्राम हरमौलि-महादेव के मस्तक के समान सुलभ जल वाले थे । जिस प्रकार भ० शंकर का मस्तक गंगा को धारण करने के कारण जल से युक्त था उसी प्रकार वहां के ग्राम भी जल से परिपूर्ण थे-वहां सर्वत्र ही जल सुलभ था । वे ग्राम संकर्षण रणकेलि संकर्षण-बलभद्र की रणकेलि-युद्ध क्रीडाओं के समान हलबहुल थे । जिस प्रकार बलभद्र की रणक्रीडायें हल बहुल थी वे हलायुद्ध से लडा करते थे उसी प्रकार वे ग्राम भी हलबहुल थे-वहां खेती हलों से अधिक होती थी ।

ब्रह्मवादा इव प्रपञ्चितारामाः, महायोगिन इव क्षेत्रज्ञप्रतिष्ठाः, सलिलनिधय इव विद्रुमच्छन्नोपशल्याः, स्वर्गवसतय इवातिथिप्रार्थनमनोरथाः, गगनमार्गा इव नक्षत्रद्विजराजिनः, कलत्रकुचकुम्भा इव भर्तृकरसंबाधसहा, सुरेश्वरसेना इव स्वाम्यनुरक्ताः, सौराज्यदिवसा इव निष्कण्टकमहीभागाः, वियदापगाप्रवाहा इव विगतोपलसीमानः, सकलजगन्निर्माणप्रदेशा इव सर्वजीविनः, सुहृद इव च परस्परप्रेमाभिजात्याः कुक्कुटसंपात्याः सन्ति ग्रामाः ।

संस्कृत व्याख्या—ते ग्रामाः ब्रह्मवादा इव प्रपञ्चितारामाः । यथा खलु ब्रह्मवादाः वेदान्तवादाः प्रपञ्चितो विस्तारं नीत आरामां विद्या येषु ब्रह्मवादेषु ते प्रपञ्चितारामाः तथैव ते ग्रामा अपि प्रपञ्चितारामाः प्रपञ्चिता विस्तारं नीता आरामा उपवनानि येषु ते तथोक्ताः । ते ग्रामाः यहायोगिन इव क्षेत्रज्ञप्रतिष्ठा । यथा खलु महायोगिनः गौतमस्वामिप्रभृतयः क्षेत्रज्ञप्रतिष्ठाः भवन्ति आत्मनि तल्लीनाः भवन्ति तथैव ते ग्रामा अपि क्षेत्रज्ञप्रतिष्ठाः क्षेत्रज्ञानां हलाजीवनां प्रतिष्ठा शोभा येषु ते तथोक्ताः । पुनश्च ते ग्रामाः सलिलनिधय इव विद्रुमच्छन्नोपशल्याः । यथा सलिलनिधयः समुद्राः विद्रुमैः प्रवालैश्छन्नोपशल्याः भवन्ति तथैव ते ग्रामा अपि विद्रुमच्छन्नोपशल्याः विविधैर्द्रुमैर्विभिः पक्षिभिर्वा उपलक्षितानि द्रुमाणि तैश्छन्नानि आच्छादितानि उपशल्यानि ग्रामान्तिका येषु ते तथोक्ताः । एव च ते ग्रामाः स्वर्गवसतय इव अतिथि प्रार्थन मनोरथाः । यथा स्वर्गवसतयः स्वर्गभवनानि अतिथिप्रार्थनमनोरथा कुशनन्दनाभ्यर्थनमनोरथाः भवन्ति तथैव ते ग्रामाः अतिथीनां मुनीनामतिजनानां वा प्रार्थने याचने मनोरथा अभिलाषाः येषां ते तथोक्ताः । तथा च ते ग्रामाः गगनमार्गा इव नक्षत्रद्विजराजिनः सन्ति । यथा गगनमार्गा आकाशमार्गाः नक्षत्रैरश्विनीप्रभृतिभिर्द्विजैश्च पक्षिभिश्च राजन्ते इत्येवशीलाः भवन्ति तथैव ते ग्रामा अपि नक्षत्रद्विजराजिनः क्षत्राश्च राजपुत्राः द्विजाश्च ब्राह्मणास्तैर्नराजन्ते शोभन्ते इत्येवंशीला इति तथोक्ताः भवन्ति । पुनस्ते ग्रामाः कलत्रकुचकुम्भा इव भर्तृकारसम्बाधसहाः । यथा कलत्र कुचकुम्भाः—कलत्राणां कमनीय कामिनीनां कुचकुम्भाः स्तनकलशाः भर्तृकरसंबोधसहाः पत्युः पाणिसंमर्दक्षमाः भवन्ति तथैव ते ग्रामा अपि भर्तृर्नरेन्द्रस्यकरस्यभागधेयस्य सबाधं पीडां सहन्ते इत्येवंशीला सन्ति । ते ग्रामाः सुरेश्वरसेना इव स्वाम्यनुरक्ताः । यथा सुरेश्वरसेना इन्द्रसेना स्वाम्यनुरक्ताः तारकमारणार्थं कार्तिकेयानुरक्ताः भवन्ति तथैव ते ग्रामा अपि स्वाम्यनुरक्ताः स्वामिनि पालके राज्ञि अनुरक्ता अनुरागिण प्रीतिमन्त आसन् । एवं च ते ग्रामाः सौराज्यदिवसा इव निष्कंटकमहीभागाः यथा सौराज्यदिवसाः शोभननरेन्द्रसंयुक्तराज्यदिना निष्कण्टकमहीभागा क्षुद्रशत्रुरहितभूमिप्रदेशा भवन्ति तथैव ते ग्रामा निष्कण्टकमहीभागाः निष्कण्टकाः बदरखदरकिङ्करीरहिता महीभागा भूमिप्रदेशाः येषां ते तथोक्ताः ग्रामा आसन् । ये च ग्रामाः वियदापगाप्रवाहा इव विगतोपलसीमानः

यथा वियदापगाप्रवाहागङ्गा नदीप्रवाहाः विभिर्हंससारसचक्रवाकादिभिर्गताः प्राप्ताः उपलानां गण्डशैलानां सीमान्ते येषु ते इति तथोक्ताः भवन्ति तथैव ते ग्रामाः विगतोपलसीमानः पाषाण रहित सीमानः आसन्। तथा च ये ग्रामाः सकलजगन्निर्माणप्रदेशा इव सर्वजीविनः। यथा सकलजगन्निर्माणप्रदेशा सकलस्य समस्तस्य जगतीऽधो मध्योर्ध्वनिर्माणप्रदेशाः निष्पादनप्रदेशाः सर्वजीविनश्चातुर्गतिक प्राणिवर्गसहिता भवन्ति तथैव ते ग्रामाः सर्वजीविनः सर्वै राजतापसादिभिर्जीव्यन्ते उपजीव्यन्ते सर्वजीविनः आसन्। एवं च ते ग्रामाः सुहृद इव परस्परप्रेमाभिजात्याः। यथा सुहृदये मित्राणि परस्परं प्रेमवन्तो भवन्ति तथैव ते ग्रामा अपि परस्परप्रेमाभिजात्याः परस्परमन्योन्यं प्रेम्णास्नेहेन अभिजात्या मनोहरा आसन्। एवं च ते ग्रामाः कुक्कुटसंपात्याः कुक्कुटैस्ताम्रचूडै रुड्डीय सम्यक् प्राप्यन्ते एवभूताः सन्ति ते ग्रामाः। श्लिष्टोपमासमुच्चयश्चालंकारः।

हिन्दी अनुवाद – वे ग्राम ब्रह्मवादों के समान प्रपञ्चित आराम वाले थे। जिस प्रकार ब्रह्मवाद-वेदान्तवाद या वेदान्तदर्शन प्रपञ्चित-विस्तृत-विशाल आराम-विद्या-ब्रह्मज्ञान से युक्त होते हैं उसी प्रकार वे ग्राम भी विस्तृत आराम बगीचों या उपवनों से युक्त थे। जो ग्राम महान् योगियों के समान क्षेत्रज्ञ प्रतिष्ठा वाले थे। जिस प्रकार महायोगी-गौतमगणधरादि साधक महापुरुष क्षेत्रज्ञ प्रतिष्ठ-आत्मलीन होते हैं उसी प्रकार वे ग्राम भी क्षेत्रज्ञ प्रतिष्ठ-हलोंद्वारा अपनी आजीविका चलाने वाले किसानों की प्रतिष्ठा से युक्त थे। वे ग्राम समुद्रों के समान थे, जिस प्रकार समुद्र मूंगों से व्याप्त प्रान्त भाग वाले होते हैं उसी प्रकार वे ग्राम भी अनेक प्रकार के वृक्षों अथवा पक्षियों से युक्त वृक्षों से व्याप्त प्रान्तभाग वाले थे। वे ग्राम स्वर्ग भवनों के समान थे। जिस प्रकार स्वर्ग भवन अतिथि-कुशनन्दन की प्रार्थना के मनोरथ वाले होते हैं उसी प्रकार वे ग्राम भी अतिथि-साधुओं या अतिथिजनों की प्रार्थना के मनोरथ वाले थे। जो ग्राम आकाश मार्ग के समान थे। जिस प्रकार आकाश मार्ग नक्षत्रों, पक्षियों या चन्द्रमा से शोभायमान होते हैं उसी प्रकार

वे ग्राम भी केवल क्षत्रियों और ब्राह्मणों से ही सुशोभित नहीं थे किन्तु वह अन्य जाति के लोगों से भी शोभा थी । जो ग्राम सुन्दरी कामनियों के कुचकलशों के समान हैं । जिस प्रकार कामनियों के कुचकलश अपने पतियों के हाथों से किये गये मर्दन की बाधा को सहन करने वाले होते हैं उसी प्रकार वे ग्राम भी राजा के द्वारा लगाये गये कर-टैक्स की बाधा को सहन करने वाले हैं । वे गांव इन्द्र की सेना के समान हैं । जिस प्रकार इन्द्र की सेना तारकासुर को मारने के लिये अपने स्वामी कार्तिकेय में अनुरक्त थी उसी प्रकार वे ग्राम भी अपने स्वामी-राजा में अनुरक्त थे । जो गांव अच्छे राज्य के दिनों के समान हैं । जिस प्रकार अच्छे राज्य के दिनों में भूमि भाग क्षुद्र शत्रुओं से रहित होते हैं उसी प्रकार वे गांव भी कांटों से रहित भूमि भाग वाले थे । वे गांव आकाश गंगा के प्रवाह के समान थे । जिस प्रकार आकाश गंगा के प्रवाह हंस, सारस, चक्रवाक आदि पक्षियों से प्राप्त सीमा भाग वाले होते हैं उसी प्रकार वे गांव भी पाषाण रहित सीमा वाले थे। वे गांव सम्पूर्ण लोक-ऊर्ध्व, मध्य और अधोलोक-के निर्माण प्रदेशों के समान हैं । जिस प्रकार सम्पूर्ण लोकों के उत्पत्ति स्थान चारों गतियों—नरक, तिर्यञ्च, मनुष्य और देवगतियों की जीवराशि से युक्त होते हैं उसी प्रकार वे गांव भी सर्वजीवी हैं-उनमें राजा तपस्वी आदि सभी के द्वारा अपनी अपनी आजीविका प्राप्त की जाती हैं-सबको जीवन-दान देने वाले हैं । इसी प्रकार वे गांव मित्रों के समान हैं, जिस प्रकार मित्रजन पारस्परिक प्रेम से मनोहर होते हैं उसी प्रकार उस गांव के रहने वाले भी परस्पर के प्रेम से सुशोभित थे और वे गांव मुर्गों की उड़ान के बराबर दूरी वाले थे-अर्थात् अत्यन्त ही पास पास में बसे हुये थे ।

अपि च विकचकर्णोत्पलस्पर्द्धितरलेक्षणाः, केलितालक्वणत्कनकमय कङ्कणाः, सरसनखराजिविच्छुरितभुजमण्डलाः, काञ्चिकोल्लासवशदर्शितोरु स्थलाः, स्वैरसंजल्पनस्मेरबिम्बाधराः, कर्णकण्डूमिषोद्वलितकक्षान्तराः, पृथु नितम्बवशस्खलल्लटहगतिविक्रमाः सहजशृङ्गाररसभरितमुखविभ्रमाः पीन-

कुचकुम्भदर्पत्रुटत्कञ्चुकाः शालिवप्रेषु यान्त्यः क्षणं गोपिकाः पान्थसार्थेषु नयनोत्सवं कुर्वते यत्र तापं पुनश्चिरमुपाचिन्वते ।

हिन्दी अनुवाद—और जिस यौधेय देश में धान्य के खेतों में जाती हुई गोपिकायें या कृषक वधुए राहगीरों के नेत्रों को थोड़ी ही देर के लिये आनन्दित करती हैं और बाद में बिछुडने पर जीवन भर वियोग जन्य सन्ताप को बढाती हैं, इस प्रकार आगे क्रिया कारक सम्बन्ध है । उन गोपिकाओं के चञ्चलनेत्र कर्णाभूषणों के विकसित नील कमलों से स्पर्धा करने वाले हैं, उनके सुवर्ण-निर्मित कङ्कन खेलते समय ताली बजाने के कारण शब्द कर रहे हैं, उनके भुजमण्डल-भुज प्रदेश प्रियतमों द्वारा किये गये नखक्षत्रों की रेखाओं से सुशोभित हो रहे हैं, वे करधनियों को ऊपर उठाने के कारण अपने जंघा प्रदेशों को दिखला रही हैं, आपस में यथेष्ट वार्तालाप करने के कारण उनके बिम्बी फल के समान ओष्ठ मुस्करा रहे हैं, वे कानों को खुजाने के बमिस से अपने भुजाओं के भूल भागों-काखों को दिखला रही हैं, वे मोटे-विशाल नितम्बों-कमर के पीछे के भागों-के कारण लड़खड़ाती हुई चाल से सुन्दर कदम रख रही हैं । स्वाभाविक शृङ्गार रस के कारण उनके मुखकमलों के विलास भरे हुये हैं और परिपुष्ट स्तन-कलशों के उभार से उनकी चोलियां फट रहीं हैं ।

स यौधेय इति ख्यातो देशः क्षेत्रेऽस्ति भारते ।
देवश्रीस्पर्धया स्वर्गः स्रष्ट्रा सृष्ट इवापरः ॥४२॥

अन्वय—भारते क्षेत्रे यौधेय इति ख्यातः स देशः अस्ति, (यः) स्रष्ट्रा देवश्रीस्पर्धया अपरः स्वर्गः इव सृष्टः ।

हिन्दी अनुवाद—भरत क्षेत्र में 'यौधेय' इस नाम से प्रसिद्ध देश है, जो विधाता के द्वारा इन्द्र की लक्ष्मी के साथ स्पर्धा करने के कारण मानो दूसरा स्वर्ग ही रचा गया हो । उत्प्रेक्षालंकार ।४२।

वपत्रक्षेत्रसंजातसस्यसम्पत्तिबन्धुराः ।
चिन्तामणिसमारम्भाः सन्ति यत्र वसुन्धराः ॥४३॥

अन्वय—यत्र वपत्रक्षेत्रसंजातसस्यसम्पत्तिबन्धुराः, चिन्तामणिसमारम्भाः वसुन्धराः सन्ति ।

हिन्दी अनुवाद—उस यौधेय देश में अत्यन्त उर्वर भूमि-वाले खेतों में उत्पन्न धान्य सम्पत्ति से मनोहर तथा मनोवाञ्छित वस्तुओं को प्रदान करने के कारण चिन्तामणि के समान सुन्दर भूमियां हैं ।४३।

लवने यत्र नोप्तस्य लूनस्य न विगाहने ।
विगाढस्य च धान्यस्य नालं सग्रहणे प्रजाः ॥४४॥

अन्वय—यत्र प्रजाः उप्तस्य धान्यस्य लवने अलं न, लूनस्य धान्यस्य विगाहने अलं न, च विगाढस्य धान्यस्य सग्रहणे अलं न (भवन्ति) ।

हिन्दी अनुवाद—जहां पर प्रजाजन बोई हुई धान्य के काटने में, काटी हुई के गाहने (फसल को खलिहान में डालकर, उस पर बैल आदि चलाकर दाने निकालने) में और गाही हुई धान्य के एकत्रित करने में समर्थ नहीं हो पाते थे । दीपकालंकार । ।४४।

दानेन वित्तानि धनेन यौवनं यशोभिरायूंषि गृहाणि चार्थिभिः ।
भजन्ति सांकर्यमिमानि देहिनां न यत्र वर्णाश्रमधर्मवृत्तयः ॥४५॥

अन्वय—यत्र देहिनाम् इमानि सांकर्यम् भजन्ति, वितानि दानेन, यौवनम् धनेन, आयूंषि यशोभिः, च गृहाणि अर्थिभिः सांकर्यम् भजन्ति, वर्णाश्रमधर्म वृत्तयः सांकर्यं न भजन्ति ।

हिन्दी अनुवाद—जहां पर प्रजा के लोगों की निम्नलिखित ये वस्तुयें सांकर्य-मिश्रता को प्राप्त थीं—धन-सम्पत्ति दान से मिश्रित थी-वहां दान में

अधिक धन दिया जाता था, यौवन धन से मिश्रित था—वहां युवावस्था में खूब धनार्जन किया जाता था, जीवन यश से मिश्रित था-वहां जीवन में यश प्राप्त किया जाता था तथा गृह याचकों से मिश्रित थे—वहां घरों में याचक अधिक आते थे क्योंकि उनको वहां बहुत दान मिलता था। किन्तु वहां वर्ण (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र) और आश्रम (ब्रह्मचर्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ एवं सन्यास) दोनों का परस्पर में सांकर्यमिश्रण नहीं था क्योंकि वे वर्ण और आश्रम अपने अपने कर्तव्यों का पालन करते थे। दीपकालंकार।४५।

तत्र तद्विलासिनीविलासलालसमानसानाममरकुमारकाणामनालम्बे नभस्यवतरणमार्गचिह्नोचितरुचिभिः, उपहसितशिशिरगिरिहराचलशिखरैः, अटनितटनिविष्टविकटसटोत्कटकरटिरिपुसमीपसंचारचकितचन्द्रमृगविलोचनरुचिविकचकुवलयोपहारिभिः, अरुणरथतुरगचरणाक्षुण्णक्षणमात्रविश्रमैः, अम्बरचरचमूविमानगतिवक्रिमविधायिभिः, अनवरतविहरद्विहायश्चरचक्रसंक्रान्तकामिनीकपोलश्रमस्वेदापनोदमन्दस्यन्दपताकाञ्चलपल्लवैः।

संस्कृत व्याख्या - तत्रेत्यादि—तत्र तस्मिन् यौधेयदेशे चैत्यालयैरूपशोभितं राजपुरं नाम नगरं वर्तते इति क्रिया कारक सम्बन्धः। तद्विलासिनीविलासलालसमानसानाममरकुमारकाणामनालम्बे नभस्यवतरणमार्गचिह्नोचितरुचिभिः तस्य राजपुरस्य या विलासिन्यः कमनीयकामिन्यस्तासां विलासाः कटाक्षविक्षेपलक्षणा लोचनचलानि तेभ्योलालसानि अत्यभिलाषीणि मानसानि चित्तानि येषां ते तथोक्तानाम। स्वर्गे निश्चललोचनत्वात् अमरकुमारकाणाम् अमराणां कुमारास्तेषामनालम्बे नमस्याधाररहिते आकाशेऽवतरणमार्ग चिह्नाय लक्षणाय उचिता योग्या रुचिर्दीप्तिर्येषां चैत्यालयानां ते तथोक्तास्तैस्तथोक्तैः। उपहसित शिशिरगिरि हराचलशिखरैः उपहसितानि उज्ज्वलतया तिरस्कृतानि शिशिरगिरेर्हिमाचलस्य हराचलस्य च कैलासस्य शिखराणि कूटानि यैस्तैस्तथोक्तैः। अटनितटनिविष्ट विकटसटोत्कटकरटिरिपुसमीप संचार चकित चन्द्र मृग विलोचनरुचिविकच कुवलयोपहारिभिः

अटवीनां कटिवीनां तटानि अटवीतटानि तेषु निविष्टा उपविष्टाः प्रासादेन सह जटिता ये विकटसटोत्कटा प्रव्यक्तकन्धराः केसरोपलक्षित् प्रव्यक्ताः करटिनां गजानां रिपवो मणिघटिता ये पञ्चाननाः सिंहास्तेषां समीपे संचारेण गमनेन चकितो भीतो जीवत् सिंहशङ्क्या विन्नस्तो योऽसौ चन्द्रमृगः शशाङ्कहरिणस्तस्य विलोचनवत् रुचिः शोभा येषां तानि च तानि विकचकुवलयानि विकसितोत्पलानि तेषामुपहारः पूजा विद्यते येषां ते उपहारिणः तैरितितथोक्तैः। अरुणरथतुरग चरणाक्षुण्णक्षणमात्रविश्रमैः अरुणस्य सूर्यस्य योऽसौ रथस्तस्य सम्बन्धिनो ये तुरगाः तुरङ्गमास्तेषां चरणाः पादास्तेषां गगनगमन श्रान्तानामक्षुण्णः परिपूर्णः क्षणमात्रं मुहूर्त्तमेकं विश्रमो येषु तैस्तथोक्तैः। अम्बर चरचमूविमान गतिवक्रिम विधायिभिः अम्बरचराणां देवविद्याधराणां चमूनां सेनानां यानि विमानानि तेषां गतेर्गमनस्य वक्रिमाणं कुटिलत्वं विदधति कुर्वन्तीत्येवंशीलास्ते विधायिनस्तैः । अनवरतविहरद्विहायश्चरचक्रसंक्रान्त कामिनीकपोलश्चम स्वेदापनोदमन्दस्यन्दपताकाञ्चल पल्लवैः अनवरतमहर्निशं विहरन्तः पयटन्तो ये विहायश्चरा विद्याधरास्तेषां चक्राणि समूहास्तेषु संक्रान्तः उत्पन्नो योऽसौ कामिनीनां कपोलेषु श्रमस्वेदः खेदसम्बन्धी स्वेदस्तस्यापनोदो विनाशस्तदर्थं मन्दस्यन्दा अवहुलचलना पताकाञ्चल पल्लवा येषु तैस्तथोक्तैः।

हिन्दी अनुवाद—उस यौधेय देश में चैत्यालयों-जैन मन्दिरों से सुशोभित राजपुर नाम का नगर है। वे चैत्यालय ऐसे मालूम पड़ते थे कि उस राजपुर नगर की विलासिनी सुन्दरियों के हाव-भावों को देखने के लिये अत्यन्त इच्छुक चित्त वाले देवकुमारों को निराधार आकाश से उतरने के मार्ग को सूचित करने वाले चिह्नों के योग्य जिनकी कान्ति थी। वे चैत्यालय अपने समुन्नत एवं शुभ्रशिखरों से हिमालय तथा कैलाशपर्वत का उपहास कर रहे थे। वे चैत्यालय ऐसे थे, जिनमें कटनियों में बने हुये लम्बे अयालों-गर्दन के बालों से युक्त ग्रीवा वाले मणि निर्मित सिंहों के पास में गमन करने के कारण जीवित सिंह की आशंका से भयभीत चन्द्रस्थित हरिण के नेत्रों के समान विकसित कुवलयों से पूजा हो रही थी। वे चैत्यालय इतने समुन्नत थे कि जहां पर आकाश में निरन्तर गमन करने वाले सूर्य के रथ के घोड़ों

के चरणों को थोड़ी सी देर के लिये पूर्ण विश्राम मिलता था। वे चैत्यालय गगनधारी देव और विद्याधरों की सेनाओं के विमानों की गति को टेढा करने वाले थे। (क्योंकि चैत्यालयों के अत्यन्त ऊंचा होने से देव और विद्याधरों के विमान बगल से मुड़कर चल पाते थे।) जिनकी पताकाओं के वस्त्र आकाश में निरन्तर घूमती हुई विद्याधरियों के गालों पर उत्पन्न श्रम जन्य स्वेद-पसीने को सुखाते थे।

रचितापराधविरुद्धाङ्गनाचरणाननतनिलिम्पकवनीपकनिकायकृतकैतवालोकन-कुतूहलितलज्जितस्मितसिद्धयुवतिभिः, अतिसविध संचरत्सुरसुन्दरीकरचापल-विलुप्तकेतुकाण्डचित्रैः, अनेकध्वजस्तम्भस्तम्भितोत्तम्भितमणिमुकुरमुखावलो-कनाकुलकलकेलिदिवौकः स्खलितरयविमानवाहनसंबाधानुबन्धिभिः, अप्रत्न-रत्नचयनिचितकाञ्चनकलशविसरदविरलकिरणजालजनितान्तरिक्षलक्ष्मीनिवा-सनिचित्रमिचयोल्लोचैः —

हिन्दी अनुवाद — जहां अपराध करने के कारण क्रोधित देवाङ्गनाओं के चरणों में झुके हुये देवों के स्तुतिपाठकों के समूह द्वारा की गई धूर्तता को देखने से कुतूहलित, लज्जित और मुस्कराती हुई (सिद्धाङ्गनायें विद्यमान हैं, चैत्यालयों के पास में ही घूमती हुई सुर-सुन्दरियों के हाथों की चञ्चलता से जहां के ध्वजस्तम्भों के चित्र मिटा दिये गये हैं, जो चैत्यालय अनेक ध्वज-स्तम्भों के ऊपर बने हुये छोटे खम्भों पर लटके हुये मणिनिर्मित दर्पणों में अपने मुखों को देखने की क्रीडा से मनोहर देवताओं के विमान वाहनों को बाधक हो रहे थे, जो चैत्यालय नवीन रत्नों के समूह से जड़े हुये सुवर्ण कलशों से निरन्तर निकलती हुई किरणों के समूहों द्वारा आकाश लक्ष्मी-गृह के विचित्र वर्णों-पञ्च-वर्णों वाले वस्त्रों से बने हुये चन्दोवों की शोभा उत्पन्न कर रहे हैं,

---

अमृतकरातपस्पर्शद्रवच्चन्द्रकान्तमयप्रणालोच्छलज्जलजालकासारसिच्यमाननियद्विहारिणीविरहवैश्वानरकर्ममर्मरशरीरयष्टिभिः, अहिमधामधृष्णिसंधुक्षितदिनकृत्कान्तिकपिरिपर्यन्तस्फुरत्कृशानुकणविकास्यमानामरमुनिमध्याह्नदीपैः, अमलकामलासारविलसत्कलहंसश्रेणिद्विगुणदुकूलांशुक वैजन्तीसंततिभिः, उपरितनतलचलत्प्रचलाकिबालकभयपलायमानजयविजयपुरस्सरपवनाशनैः—

हिन्दी अनुवाद—जहां चन्द्रमा की किरणों के स्पर्श से बहते हुये चन्द्रकान्त मणियों के प्रणालों से उछलते हुये जल समूहों की वेगवाली वृष्टि से विद्याधरियों की विरहजन्य अग्नि से जलती हुई शरीरयष्टियों का सिंचन किया जा रहा है, जहां पर सूर्य की किरणों के स्पर्श से प्रज्वलित सूर्यकान्त-मणियों से निर्मित ऊपर के भागों से उचटते हुये अग्निकणों द्वारा आकाश में अमर मुनियों—सप्तर्षियों के मध्याह्नदीपक जलाये जा रहे हैं, जहां निर्मल स्फटिक मणियों से निर्मित ऊपर की छतों पर खेलते हुये सुन्दर हंसों के समूहों द्वारा सफेद रेशमी वस्त्रों से निर्मित ध्वजायें द्विगुणितरूप में स्वच्छ की जा रहीं हैं, जहां ऊपर की छतों पर घूमते हुये मयूरों के बच्चों के भय से जय और विजयपुर नाम के आकाश-नगरों के सर्प शीघ्र भाग रहे हैं,



उपान्तस्तूपनिपतत्पारावतपतङ्गपंक्तिपुनरुक्तधूपधूमाडम्बरैः, अतिनिकटविटङ्कोपविष्टशुकशावसंदिह्यमानहरितारुणमणिभिः, इतस्ततोऽविदूरतरचरच्चाषच्छदमूर्च्छदतुच्छच्छायाच्छाद्यमानमेचकरचनैः, अनिललयप्रेङ्खोलनकलक्वणत्किंकिणीजालवाचालपालिध्वजध्वानारब्धविद्याधरवधूद्वल्लितविधिभिः, अनवधिसुधाप्रवाहद्धामसंदिग्ध स्वर्धुनीप्रवाहैः—

हिन्दी अनुवाद—जहां पास में बने हुये स्तूपों पर आते हुये जंगली कबूतरों की पंक्तियों द्वारा धूप के धुआं द्विगुणित किये जाते हैं; अत्यन्त पास में रहने वाले विटङ्कों-पक्षियों के विश्राम के लिये लटकाई हुई लकड़ियों पर बैठे हुये तोतों के बच्चों से जहां हरे और लाल रंग के मणियों का भ्रम हो रहा है,

इधर उधर पास में घूमते हुये नीलकण्ठ पक्षियों के पंखों से निकलती हुई अत्यन्त नीली कान्ति से जहां चैत्यालयों में लगे हुये नील मणियों की कान्ति लुप्त हो रही हो, वायु से होने वाले कम्पन के कारण मधुरता से बजती हुई किंकिणियों-छोटी छोटी घंटियों- के समूहों से वाचाल पालिध्वजों की मधुर ध्वनि को सुनकर जहां विद्याधारियों ने नृत्य प्रारम्भ कर दिया है, अमर्यादित रूप से पुते हुये चूने से निकलती हुई शुभ्रकान्ति से जहां आकाश गंगा के प्रवाह की आशंका हो रही है।

प्रफुल्लस्तवकैरिवान्तरिक्षवृक्षस्य, श्वेतदीपसृष्टिभिरिव रोदः कोटरस्य, शिखण्डमण्डनपुण्डरीकानीकैरिव नभोदेवतायाः, पुण्यपुञ्जोपार्जनक्षेत्रैरिव त्रिभुवनभव्यजनस्य, डिण्डीरपिण्डमण्डलैरिव विहायः पारावारस्य, अट्टहासविलासैरिव व्योमव्योमकेशस्य, स्फटिकोत्कीर्णक्रीडाकुक्कीलैरिव ज्योतिर्लोकस्य, ऐरावतकुलकलभैरिवानङ्गवनस्य, समन्तादुपसर्पतानेकमाणिक्यरुचितरङ्गप्रसरेण परिकल्पयद्भिरिव विनेयजनानां त्रिदशवेश्मनिवेशारोहणाय सोपानपरम्पराम्, अशेषस्य जगतः परलोकावलोकनोचित भावसंभारसारस्य संसारसागरोत्तरणपोतपात्रैरिव, विचित्रकोटिभिः कूटैर्घटनाश्रयां श्रियमुद्वहद्भिश्चैत्यालयैरपरैश्चाभ्रंलिहैरुत्तुङ्गतोरणमणिमरीचिपिञ्जरितामरभवनैर्महाभागभवनैरुपशोभितं राजपुरं नाम नगरम्।

संस्कृत व्याख्या — अन्तरिक्षवृक्षस्य प्रफुल्लस्तवकैरिव, आकाशवृक्षस्य विकसित कुसुमगुच्छैरिव, श्वेतदीपसृष्टिभिरिव रोदः कोटरस्य. उज्जवलदीपरचनैरिव द्यावाप्रथिवीमध्यकोटरस्य, नभोदेवतायाः आकाशदेवतायाः शिखण्डमण्डनपुण्डरीकानीकैरिव मस्तकमण्डनश्वेतकमलसमूहैरिव, त्रिभुवनभव्यजनस्य त्रयाणां भुवननांसमाहारः त्रिभुवनं त्रिभूवनेस्थितस्य भव्यजीवसमूहस्य पुण्यपुञ्जोपार्जनक्षेत्रैरिव पुण्यपुञ्जस्य सुकृतसमुदायस्योपार्जनाधिक-

रणैरिव, विहायः पारावारस्य विहायः आकाश एव पारावारः समुद्रः तस्य डिण्डीरपिण्डमण्डलैरिव फेनराशिसमूहैरिव, व्योमव्योमकेशस्य व्योम एव आकाश एव व्योमकेशः शंकरः तस्याट्टहास विलासैरिव उद्भटहासप्रसरैरिव ज्योतिर्लोकस्य चन्द्रसूर्यग्रहलोकस्य स्फटिकोत्कीर्णक्रीडाकुत्कीलैरिव स्फटिक स्फटिकमणिभिरुत्कीर्णोष्टङ्कच्छिन्ना ये क्रीडापर्वतास्तैरिव, अनन्तवनस्याक शवनस्य ऐरावतकुलकलभैरिव ऐरावतस्य कुलोत्पन्नगजबालकैरिव समन्ताद्रुत्सर्पतानेकामाणिभ्य रुचितरङ्ग प्रसरेण समन्तात्सर्वत्रोत्सर्पतोच्छ गच्छतानेकानि बहुलानि माणिक्यानि रत्नानि तेषां रुचयो दीप्तयस्ताश तरङ्गप्रसरेण कल्लोलविसरेण कृत्वा विनेयजनानां भव्यप्राणिनां त्रिदशवे श्मनिवेशारोहणाय स्वर्गस्थानचढनाय सोपानपरम्परामारोहणश्रेणीं परि कल्पयद्भिरिव रचयद्भिरिव, परलोकावलोकनोचितभाव संसार सारस्या शेषस्य जगतः परलोकस्य सर्वकर्मक्षयलक्षणस्य मोक्षस्यावलोकनं तत्र गमन (नहि गमनमन्तरेण मोक्षो निरीक्ष्यते) तस्मिन्नुचितो योग्यो योऽसौ भाव परमधर्मानुरागलक्षणभक्तिस्तस्य संभारः समूहस्तेन सारमतिशयं वत् तस्येति तथोक्तस्याशेषस्य सर्वस्य जगतो जगति स्थितासन्न भव्यजीवसमूहस्य संसा सागरोत्तरणपोतपात्रैरिव संसरन्तिपर्यटन्तिप्राणिनो यस्मिन्निति संसारः संसा एव सागरः समुद्रः अनन्तभवैरप्यप्राप्तपारत्वात तस्य तरणमुन्मज्ज पारप्रापणे तदर्थं पोतपात्रैरिव जलयानपात्रैरिव, विचित्रकोटिभिः कूटघटना श्रयां श्रियमुद्वहद्भिश्चैत्यालयैः विचित्रकोटिभिर्विचित्राः पञ्चविधमाणिक्य जटिताः कोटयोऽग्राणि येषां कूटानां ते विचित्रकोटयस्तैः कूटैः शिखर घटनाश्चर्यामनेकरचना सम्बन्धिनीं श्रियं शोभामुदवहद्भिश्चैत्यालयैः । अपर श्चाभ्रंलिहैरुत्तुङ्गतोरणमणिमरीचिपिञ्जरितामरभवनैर्महाभागभवनैरूपशोभि तम्, न केवलं चैत्यालयैरूपशोभितं राजपुरं नाम नगरं वर्तते, किन्त्वपरैश्च भ्रंलिहैश्चुम्बितमेघपटलैः एवं चोत्तुङ्गतोरणमणिमरीचिपिञ्जरितामरभवनै उत्तुङ्गान्यत्युन्नतानि यानितोरणानि द्वाराणि तेषां मणीनां मरीचयः किर णास्तैः पिञ्जरितानि पीतीकृतानि अमरभवनानि देवविमानानि यैस्ता तथोक्तैर्महाभागभवनैर्लक्ष्मीवसुरुषमन्दिरैरूपशोभितं राजपुरं नाम नग वर्तते । उत्प्रेक्षादिसंकरालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—वे चैत्यालय ऐसे मालूम पड़ते थे कि मानो आकाश-वृक्ष के फूले हुये पुष्पों के गुच्छे ही हों, स्वर्ग और पृथ्वी के मध्य रूप कोटर के स्वच्छ, जगमगाते हुये दीपकों की रचना ही हों, आकाश-देवता के मस्तक को सुशोभित करने वाले श्वेत कमलों के समूह ही हों, तीनों लोकों में स्थित भव्य-जीवों के पुण्य समूह को उत्पन्न करने वाले खेत ही हों, आकाश समुद्र की फेन राशि के समूह ही हों, आकाश रूप शंकर के अट्टहास के विलास ही हों, चन्द्रसूर्य नक्षत्रादि लोक के स्फटिक मणियों से उत्कीर्ण क्रीडा पर्वत ही हों आकाश-वन के ऐरावत हाथियों के कुलों में उत्पन्न सफेद हाथियों के बच्चे ही हों, इसी प्रकार वे चैत्यालय ऐसे प्रतीत होते थे कि मानों चारों ओर फैलती हुई अनेक मणियों की कान्ति रूपी तरङ्गों के विस्तार से भव्यजीवों को स्वर्ग में चढने के लिये सीढियों की पंक्तियों का निर्माण ही कर रहे हों, मोक्ष प्राप्ति के योग्य परमधर्मानुराग रूप भक्ति के समूह से अतिशयवान् समस्तलोक के आसन भव्य जीवों को संसार रूपी समुद्र से पार करने के लिये जहाज ही हों तथा जो पांच प्रकार के मणियों से जटित अग्र भाग वाले शिखरों से अनेक प्रकार की रचना सम्बन्धी शोभा को धारण करते हैं, ऐसे इन चैत्यालयों से सुशोभित राजपुर नाम का नगर है और वह राजपुर नाम का नगर केवल इन चैत्यालयों से ही सुशोभित नहीं था किन्तु गगनचुम्बी तथा अत्यन्त समुन्नत द्वारों की मणियों की किरणों से स्वर्ग भवनों को पीला बना देने वाले लक्ष्मीपतियों के महलों से भी सुशोभित था।

आदाय सर्वसारं विधिना दर्शयितुमस्य लोकस्य।
अमरपुरीलक्ष्मीमिव मन्ये सृष्टं प्रयत्नेन ॥४६॥

अन्वय—(अहं) मन्ये विधिना अस्यलोकस्य अमरपुरीलक्ष्मीम् दर्शयितुम् इव सर्वसारम् आदाय प्रयत्नेन सृष्टम्।

संस्कृत व्याख्या—अहं सोमदेवसूरिरेवं मन्ये जानामि यद्विधिना ब्रह्मणा-विधात्रा अस्य लोकस्य मध्यलोकस्थितमनुष्यसमूहस्यामरपुरी लक्ष्मीं स्वर्गलोक-

शोभां दर्शयितुमिवावलोकयितुमिव सर्वसारमादाय सर्वोत्कृष्टं वस्तु गृहीत्वा प्रयत्नेन महताप्रयासेनेदं नगरं सृष्टंविनिर्मितम । उत्प्रेक्षालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—मैं (सोमदेव सूरि) ऐसा समझता हूँ कि विधाता ने इस मध्यलोक में स्थित मनुष्य समूह को स्वर्ग लोक की शोभा दिखलाने के लिये ही मानो समस्त वस्तुओं के सार भाग को लेकर बड़े प्रयत्न से इस राजपुर नगर की रचना की है ।

यत्र यमोऽप्यसमर्थः प्रभवेत्कुत एव तत्र रिपुलोकः ।
धूलिस्पर्शभयादिव मन्ये प्राकारनिर्माणम् ।।४७।।

अन्वय—यत्र यमः अपि असमर्थः, तत्र रिपुलोकः कुत एव प्रभवेत्, (तथापि) मन्ये धूलिस्पर्शभयात् इव प्राकारनिर्माणम् (वर्तते) ।

संस्कृत व्याख्या—यत्र यस्मिन् राजपुरे यमोऽपि धर्मराजोऽप्यसमर्थः भङ्क्तुं समर्थो न भवति, तत्र तस्मिन्नगरे रिपुलोकः शत्रुसमूहः कुतएव कस्मादेव भङ्क्तुं प्रभवेत्समर्थो भवति । तथापि यदि यमोऽपि नगरभञ्जने समर्थो न वर्तते, तर्हि रिपुभयात्प्राकारः किमर्थं निर्मितो वर्तते इति चेदहं-मन्ये–धूलिस्पर्शभयादिव मा मैतन्नगरं रजः स्प्राक्षीत् इत्यभि प्रायेण प्राकार-निर्माणं वर्तते । आक्षेपोत्प्रेक्षालंकारौ ।

हिन्दी अनुवाद—जिस राजपुर नगर का भेदन करने के लिये यमराज भी समर्थ नहीं है तब शत्रु समूह उसका भेदन कैसे कर सकता है ? तथापि मैं समझता हूँ कि धूलि के स्पर्श के भय से ही मानो इस नगर के चारों ओर प्राकार (कोट या दिवार) का निर्माण किया गया था ।४७।

परिखावलयालंकृतमाभाति समन्ततः पुरं रम्यम् ।
आयसनिगडनिबद्धं सुरहरणभयादिव जनेन ।।४८।।

अन्वय—समन्ततः परिखावलयालंकृतम् रम्यम् पुरम् जनेन सुरहरण-भयात् आयसनिगडनिबद्धम् इव आभाति ।

संस्कृत व्याख्या—समन्ततः सर्वत्र परिखायाः खाताया वलयेन मण्डलेनालंकृतं शोभितं रम्यं मनोहरं पुरं राजपुरं नगरं जनेन लोकेन सुरहरणभयाद्देवता चोरशङ्कया आयसनिगडनिबद्धमिव लौह शृङ्खलया निगडितमिवाभाति शोभते। उत्प्रेक्षालंकारः।

हिन्दी अनुवाद—चारों ओर से परिखा (खाई) मण्डल से अलंकृत अतएव अत्यन्त मनोहर वह राजपुर नाम का नगर देवताओं के द्वारा अपहरण किये जाने की आशंका से ही मानो वहां के लोगों द्वारा लोह शृङ्खलाओं से जकड़े हुये के समान सुशोभित हो रहा था।४८।

सौधमूर्धसु यत्रोच्चैः कुम्भाः काञ्चनकल्पिताः।
भान्ति सिद्धवधूदत्ताः शेषाः सिद्धार्थका इव ॥४९॥

अन्वय—यत्र सौधमूर्धसु काञ्चनकल्पिताः कुम्भाः सिद्धवधूदत्ताः सिद्धार्थकाः शेषाः इव उच्चैः भान्ति।

संस्कृत व्याख्या—यत्र यस्मिन्नगरे सौधमूर्धसु राजभवनशिखरेषु काञ्चनकल्पिता सुवर्णनिर्मिताः कुम्भाः कलशाः सिद्धवधूदत्ताः सिद्धानां देवविशेषाणांवधूभिः कामिनीभिर्दत्ताः आरोपिता सिद्धवधूदत्ताः सिद्धार्थकाः पीतसर्षयोद्भवाः शेषा इव आशिका इव उच्चैरतिशयेन भान्ति शोभन्ते। उत्प्रेक्षोपमालंकारः।

हिन्दी अनुवाद—जिस राजपुर नगर में राजमहलों के शिखरों पर रखे हुये सुवर्ण निर्मित कलश ऐसे सुशोभित हो रहे थे जैसे मानो सिद्धाङ्गनाओं के द्वारा दी हुई पीले सरसों की आशिकायें ही हों।४९।

ब्रह्मा विलासिनीर्यत्र विनिर्माय न यौवने।
मनोविभ्रमभीत्येव व्यधाल्लोचनगोचराः ॥५०॥

अन्वय—यत्र ब्रह्मा विलासिनीः विनिर्माय मनोविभ्रमभीत्या इव यौवने लोचनगोचराः न व्यधात्।

संस्कृत व्याख्या—यत्र यस्मिन्नगरे ब्रह्मा सृष्टिकर्ता विलासिनीः कमनीय-

कामिनीर्विनिर्माय सृष्ट्वा मनोविभ्रमभीत्येव स्वचित्तस्खलनभयेनेव यौवनेविलासिनीनां तारुण्ये सति लोचनगोचरास्ताः स्वलोचनविषयाः न व्यधात् न चकार । उत्प्रेक्षालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—जिस राजपुर नगर में ब्रह्मा ने विलासिनी सुन्दरियों का विर्माण करके अपने चित्त के चलायमान होने के भय से ही मानो उनको, युवावस्था में अपनी दृष्टि से नहीं देखा ।५०।

यत्र स्मरस्मयध्वंसियुवलोकविलोकनात् ।
बभार सर्वदा लक्ष्मीं पुराणपुरुषो हृदि ॥५१॥

अन्वय—यत्र स्मरस्मयध्वंसियुवलोकविलोकनात् । पुराणपुरुषः लक्ष्मीं सर्वदा हृदि बभार ।

संस्कृत व्याख्या—यत्र यस्मिन्नगरे स्मरस्मयध्वंसि युवलोक विलोकनात् स्मरः कंदर्पस्तस्यस्मयो रूपगर्वस्तं ध्वंसन्ति तिरस्कुर्वन्तीत्येवंशीलाः स्मरस्मयध्वेसिनस्ते च ते युवलोकास्तरुण पुरुषास्तेषां विलोकनान्निरीक्षणात्पुराण पुरुषः श्रीनारायणो लक्ष्मीं श्रियं सर्वदा सर्वकाले हृदि हृदयस्थले बभार धृतवान् । हेतुगर्भितोत्प्रेक्षालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—उस राजपुर नगर में कामदेव के रूपगर्व को नष्ट करने वाले वहां के अत्यधिक सुन्दर युवापुरुषों को देखकर के ही मानों पुराण पुरुष श्री नारायण अपनी परम प्रिया पत्नी लक्ष्मी को सदा अपने हृदय स्थल पर ही धारण किये रहते हैं, क्योंकि उन्हें यह आशंका बनी रहती थी कि कहीं ऐसा न हो हमारी पत्नी लक्ष्मी यहां के सुन्दर युवकों के सौन्दर्य पर आसक्त होकर मुझ पुराण पुरुष–बुड्ढे को छोड़कर उनके पास चली जावे ।५१।

यत्कान्तकामिनीसङ्गभयादिव नगात्मजा ।
विवेश हरदेहार्धं तद्रक्षणपरायणा ॥५२॥

अन्वय—यत्कान्तकामिनीसङ्गभयात् इव तद्रक्षणपरायणा नगात्मजा हरदेहार्धं विवेश ।

संस्कृत व्याख्या — यत्कान्तकामिनिसङ्गभयात् इव यस्य नगरस्य सम्बन्धिन्यः कान्ता अतिमनोहरा या कामिन्यः स्त्रियस्तासां सङ्गभयादिव समागमभयादिव तद्रक्षणपरायणा तस्य शिवस्य रक्षणे परायणा तत्परा नागात्मजा नगस्य हिमालयस्यात्मजापुत्री पार्वती परमेश्वरी हरदेहार्धं श्री-महादेवशरीरार्धं विवेश प्रविष्टा । उत्प्रेक्षालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—जिस राजपुर नगर की अत्यन्त सुन्दरी कामिनी स्त्रियों के समागम के भय से ही मानों श्री शिवजी की रक्षा करने में तत्पर हिमालय पुत्री पार्वती श्री शिवजी के आधे शरीर में प्रविष्ट हो गई थी ।

यत्र चानवरतप्रसाधितालकचामरोपचारैः, अलिकाङ्गणरङ्गशृङ्गारितभ्रूलताकोटिभिः, उपसर्पितविलासविकासाविरलविलोकविलोचनलीलाकमलैः, संकल्पितकपोललावण्यमधुसमागमैः, विस्फारितामृतकान्तबिम्बाधररसैः, संजनितस्मरसारालापकर्णपूरैः, उदारहारनिर्झरोचितकुचक्रीडाचलविहारसंपादिभिः, स्तनमुकुलमृणाललीलावलिवाहिनीविहित जलकेलि विभ्रमैः, प्रदर्शितमनोहंसावासनाभीवलभिगर्भैः, प्रकटितचेतोवासनिवासशासनभसीलिखितलिपिस्पर्धमानरोमराजिभिः, विस्तारितसमस्तसुखसाम्राज्यचिह्नजघनसिंहासनैः, संचारितोरुकदलीकाण्डकाननैः चरणनखसंपादितरतिरहस्यरत्नदीपविरेचनैः, पौराङ्गनाजनैर्विनोद्यमान इव मनसिजमहाराजनन्दनो निजाराधनसरसेष्वप्युत्सवदिवसेषु न परपुरपुरंध्रीणामर्हणासु परिचयं चकार ।

संस्कृत व्याख्या—यत्र च यस्मिन्नगरे मनसिजमहाराजनन्दनः कामदेवनृपकुमारः निजाराधनसरसेष्वप्युत्सवदिवसेषु आत्माराधन सरागेष्वपि उत्सवदिवसेषु क्षावणकृष्णतृतीयाफाल्गुनशुक्लत्रयोदशीदिवसेषु मदनोत्सवदिनेषु परंपुरपुरंध्रीणामपरनगरस्त्रीणामर्हणासु आराधनासु परिचयं सङ्गं न चकार न कृतवान् । कथंभूतो मनसिजः । पौराङ्गनाजनैस्तन्नगरस्त्रीसमूहैर्विनोद्यमान

इव क्रीणां कार्यमाण इव । कथंभूतैः पौराङ्गनाजनैः । अनवरतप्रसाधितालक चामरोपचारैः अनवरतं निरन्तरं प्रसाधित उपढौकितः अलकचामराणां कुन्तलप्रकीर्णकानामुपचारः सेवा यैस्ते तथा तैरितितथोक्तैः । अपरं कथं भूतैः पौराङ्गनाजनैः अलिकाङ्कणरङ्गशृङ्गारितभ्रूलताकोटिभिः अलिकाङ्कणरङ्गोललाटपट्टकवरनर्तनभूमिस्तत्रशृङ्गारिताः सञ्जीकृताभ्रूलताकोटयश्चिल्लीकोटयोयैस्ते तथा तैरितितथोक्तैः । एवंचोपसर्पितविलासविकासविरलविलोकविलोचनलीलाकमलैः विलासो नेत्रशोभा तस्य विकास उत्फुल्लनं तेनाविरलविलोकोऽविच्छिन्न विलोकनं तेनोपलक्षितानि यानि विलोचनानि नेत्राणितान्येव लीलाकमलानि उपसर्पितानि उपढौकितानि विलासविकासाविरलविलोकविलोचनलीलाकमलानि यैस्ते तथा तैरितितथोक्तैः । तथा च संकल्पितकपोललावण्यमधुसमागमैः कपोलानां लावण्यं तदेव मधुमद्यम् । अथवा तदेव मधुसमागमो वसन्तागमनम् । कामसहायकारित्वात् । कपोललावण्यमधुसमागमः । संकल्पितः सम्यग्रचितः कपोललावण्यमधुसमागमो यैस्ते तथा तैरिति तथोक्तैः एवं च विस्फारितामृतकान्तविम्बाधररसैः अमृतवत् पीयूषवत् कान्तः मनोहरः सुस्वादुत्वात् । स चासौ विम्बाधररसः पक्वबिम्बीसमानाधरस्तनौष्ठानां रसः पुण्ड्रेक्षुखण्डितनिर्यासः अमृतकान्त विम्बाधररसः । विस्फारितः प्रचुरीकृतो विशेषेण पायितोऽमृतकान्तविम्बाधररसो यैस्ते तथा तैरितितथोक्तैः । तथा च संजनितस्मरसारालापकर्णपूरैः स्मरेण कामेन सारः सारीभूतो योऽसावालापः संभाषणं स एव कर्णपूरैः कर्णाभरणं श्रवणावतंसः स्मरसारालापकर्णपूरः, संजनितः सम्यगारोपितः स्मरसारालापकर्णपूरो यैस्ते तथा तैरितितथोक्तैः । तथा चोदारहारनिर्झरोचितकुचक्रीडाचलविहारसंवादिभिः उदारा अतिमनोहराः ये हाराः मुक्ताफलमालास्तं एव निर्झराः पानीयप्रवाहास्तैरुचिता योग्यतां नीता ये कुचक्रीडाचलाः स्तनक्रीडापर्वताः कठिनोन्नतगुणत्वात् तेषु विहारः पर्यटनं संपादयन्ति उत्पादयन्तीत्येवंशीलास्ते तथा तैरितितथोक्तैः । एवं च स्तनमुकुलमृणाललीलावलिवाहिनीविहितजलकेलि विभ्रमैः स्तना एव मुकुला स्तनमुकुलास्तेषां मृणाललीलावल्य उदररेखास्ताएव वाहिन्यो नद्यस्तत्र विहितः कृतो जलकेलिविभ्रमो जलक्रीडाविलासो यैस्ते तथा तैरिति तथोक्तैः । एवं च प्रदर्शित-

मनोहंसावासनाभा वलभिगर्भैः प्रदर्शितः प्रकटीकृतो मनोहंसावानिमित्तं नाभी वलभिगर्भस्तुन्दीपञ्जरमध्यो यैस्ते तथा तैरिति तथोक्तैः। प्रकटितचेतोवासनिवासशासनमसीलिखितलिपिस्पर्धं मानरोमराजिभिः चेतोवासः कामदेवस्तस्य निवासो वसतिका तन्निमित्तं यच्छासनं लेख्यं तस्य संबन्धिनी या मसीलिखितलिपिभिन्नाञ्जनलिखिताक्षरविन्यासस्तया स्पर्धमाना तदुपमां धरन्ती या रोमराजीरोमावलिश्चेतोवासनिवासशासनमसीलिखितपिस्पर्धमारोमराजिः प्रकटिता लोचनगोचरीकृता चेतोवासनिवासशासनमसीलिखितलिपिस्पर्धमानरोमराजियैस्ते तथा तैरितितथोक्तैः। तथा च विस्तारितसमस्तसुखसाम्राज्यचिह्नजघनसिंहासनैः समस्तसुखं परिपूर्णसुखं तच्च तत्साम्राज्यं चक्रवर्तित्वं तस्य चिह्नमभिज्ञानं यज्जघनसिंहासनं विस्तारितमुपढौकितं समस्तसुखसाम्राज्यचिह्नजघनसिंहासनं यैस्ते तथा तैरिति तथोक्तैः। एवं च संचारितोरुकदलीकाण्डकाननैः केन वायुना हल्यते विदार्यते कदली, कदलीनां काण्डानि स्कन्धास्तेषां काननानि वनानि। समूहा इत्यर्थः। संचारितानि उपढौकितानि उरुकदलीकाण्डकाननानि यैस्ते तथा तैरिति तथोक्तैः। तथा च चरणनखसंपादितरतिरहस्यरत्नदीपविरचनैः चरणानां नखाः पुनर्भवास्तैः संपादिता निष्पादिता रतेः संभोगस्य यद्रहस्यं गोप्यतत्त्वं तदुद्योतनं रत्नदीप विरचना माणिक्य प्रदीप कल्पनासृष्टि यैस्ते तथा तैरिति तथोक्तैः एवं भूतैः पौराङ्गनां जनैर्विनोद्यमान इव मनसिज महाराज—नन्दनो निजाराधनसरसेष्वप्युत्सव दिवसेषु नपरपुरपुरंध्रीणामर्हणासु परिचयं चकार।

हिन्दी अनुवाद—उस राजपुर नगर में वहां की कामनीय कामिनी स्त्रियों द्वारा क्रीडा कराये जाते हुये कामदेव रूप महाराजकुमार ने उसकी अपनी आराधना से सरस-रागयुक्त मदनमहोत्सव, जो श्रावण कृष्ण तृतीया तथा फाल्गुण शुक्ल त्रयोदशी के दिनों में मनाया जाता था, के दिनों में दूसरे नगर की कामनियों द्वारा की गई अपनी आराधना-पूजा में उनके साथ संगम नहीं किया मदन महोत्सव नहीं मनाया केवल राजपुर नगर की कामनियों के साथ ही महोत्सव मनाया। वे राजपुर की स्त्रियां निरन्तर अपने केश पास रूप चमरों की सेवा-सजावट किया करती थीं, उन्होंने अपने ललाट पट्टरूप रङ्गभूमि पर अपनी भ्रूलताओं के अग्रभागों को सजा रखा है, उन्होंने निरन्तर

विलास के विकास से युक्त सुन्दर चितवन वाले अपने नेत्र कमलों को प्रदर्शित किया है, उन्होंने अपने कपोलों के लावण्य रूप मधु-मद्य या वसन्त-समागम को अच्छी तरह से सजाया है, उन्होंने अमृत के समान मधुर पके हुये बिम्बी फल जैसे अपने अधरोष्ठों के रस का पान कराया है, वे कामनियां कामवासना से परिपूर्ण मधुर संभाषण रूप कर्णाभूषणों से, सुशोभित हैं, वे पौराङ्गनायें अत्यन्त मनोहर मुक्ताहार रूप झरनों के योग्य कुचक्रीडा पर्वतों पर विहार उत्पन्न करने वाली हैं, उन्होंने अपने स्तन रूप मुकुल-अविकसित कलियों से युक्त मृणालों की शोभावाली उदर रेखा रूप नदियों में जलक्रीडा का विलास उत्पन्न किया है, जिन्होंने अपने प्रियतमों के मन रूप हंसों के निवास के लिये अपने नाभिवलभि को खोल रखा है, जिन्होंने कामदेव के निवास के लिये परित किये गये लिखित आदेश की मसी लिखित लिपि से स्पर्धा करने वाली अपनी रोम राजि को प्रकट किया है, जिन्होंने समस्त सुखसाम्राज्य के चिह्न स्वरूप अपने जंघारूप कदली स्तम्भ-समूहों को प्रदर्शित किया है, जिन्होंने रति-सम्भोग के रहस्यात्मक गोप्यतत्व को प्रकट करने के लिये अपने पैरों के नखों द्वारा मानों रत्नदीपकों की रचना की हुई है।

तत्र चास्ति समस्तमहीमहिलाशिखण्डमण्डनकरे पुरे सुकृतिनो हरिवंशजन्मनः प्रचण्डदोर्दण्डमण्डलीमण्डनमण्डलाग्रखण्डितारातिप्रकाण्डस्यचण्डमहासेनस्य नृपतेः सूनुः पराक्रमापहसितनृगनलनहुषभरतभगीरथभगदत्तो मारिदत्तो नाम राजा।

हिन्दी अनुवाद—समस्त पृथ्वी रूपी कामिनी के मस्तक को सुशोभित करने वाले उस राजपुर नगर में पुण्यात्मा, हरिवंश में जन्म लेने वाले तथा अपने प्रचण्ड भुजदण्ड को सुशोभित करने वाली तलवार से शत्रु समूह को नष्ट करने वाले 'चण्डमहासेन' नामक राजा का पुत्र मारिदत्त नाम का राजा था, जिसने अपने पराक्रम द्वारा नृग, नल (दमयन्ती पति), नहुष। यादवों का राजा), भरत (भ० ऋषभदेव के पुत्र), भगीरथ (सगर पुत्र) तथा भगदत्त नामक राजाओं का उपहास (तिरस्कार) किया था।

स बालकाल एव लब्धलक्ष्मीसमागमः, कुलवृद्धानां च प्रतिपन्न-पितृवनतपोवनलोकत्वादसंजातविद्यावृद्धगुरुकुलोपासनः, समानशील-व्यसनचारित्रैर्नर्मसचिवपुत्रैः परिवृतः, समाविर्भवता च तार्तीयीकेन वयसा निरङ्कुशतां नीयमानः, कदाचित्स्वयं परिगृहीतवीरपरिकर-विधिः उभयकटकन्दरान्योन्याभिमुखनिलीनमदशौर्यश्रीवेणिदण्डानुकारिणा दानद्रवेण श्यामलितकपोलभित्तिभिः, मदमदिरामोदस्वादोन्मद-मधुकरारावपुनरुक्तडिण्डिमाडम्बरैः, क्रोधानलज्वालाकाराललोचनाचरि-तसकलदिक्पालसाध्वसैः, अनूरुसारथिरथोन्माथमिषोदस्तहस्तनिष्ठुर-नष्ठ्यूतवमथुपाथः प्रवाहप्लावितसुरसदनैः, करावलेपभयभ्रस्यदाशा-करटिघटैः, प्रधावजवकम्पितधरणिदेवतैः, चरणन्यासनमद्भूगोलक-भारदलित शेषफणावलयैः, प्रत्यक्पुरः पक्षभ्रमिप्रारम्भविजृम्भित-प्रभञ्जनजनितकुलशैलशिखरविघटनैः, कटकण्डूयनविनोदभग्नमहा-महीरुहनिवहैः, समस्तसत्वसंमर्दातुच्छोच्छलच्छोणितच्छटाविच्छन्नो पहारसंतर्पितमदपुरुषैः ।

संस्कृत व्याख्या—यथोक्त विशेषण विशिष्टः स मारिदत्तो राजा कदाचित् कस्मिंश्चिदेववासरे सामजैर्हस्तिभिः सह चिक्रीडक्रीडां चकारेति क्रियाकारक-सम्बन्धोऽग्रे । कथंभूतः सः । बालकाल एव लब्धलक्ष्मीसमागमः बालकाल एव बाल्यावस्थायामेव लब्धलक्ष्मीसमागः लब्धः प्राप्तः लक्ष्मीसमागमः लक्ष्म्या राजलक्ष्म्या समागमः समागमनं येन स इति तथोक्तः । कुलवृद्धानां च प्रतिपन्न पितृवनतपोवनलोकत्वादसंजातविद्यावृद्धगुरुकुलोपासनः विद्यया शास्त्रेण यद्धद्धं महत्वं प्राप्तं तद्गुरुकुलं शास्त्रनिपुणगंत्र्यादिसमूहोऽथवा गुरुणां कुलं तस्योपासनं सेवनं शास्त्रसंग्रहः विद्यावृद्धगुरुकुलोपासनमसंजातमनुत्पन्नं विद्या-वृद्धगुरुकुलोपासनं यस्य स इति तथोक्तः । कस्मादसंजातविद्यावृद्धगुरुकुलोपासन इत्याह—कुलवृद्धानां कुलमहापुरुषाणां च प्रतिपन्नपितृवनतपोवनलोकत्वात् पितृ-वनलोकश्च तपोवनलोकश्च पितृवनतपोवनलोकौ प्रतिपन्नौ गमिकर्मीकृतौपितृवन-तपोवनलोकौ याभ्यां तौ प्रतिपन्नपितृवनतपोवनलोकौ तयोर्भावः प्रतिपन्नपितृवन-तपोवनलोकत्वं तस्मादितितथोक्तात् । केचित् कुलवृद्धाः पितृवनलोकं गताः श्मशानं

प्राप्ताः, मृता इत्यर्थः। केचित्कुलवृद्धास्तपोवनलोकं गताः संसारदेहभोगविरक्तत्वा-
द्दीक्षांप्राप्ता इत्यर्थः। तेन कारणेन विद्यावृद्धगुरुकुलोपासनं तस्य न संजातं किन्तु
समानशक्तिव्यसनचरित्रैर्नर्मसचिवपुत्रैः परिवृतः शीलं च दुष्टस्वभावः, व्यसनं
वेश्यागमनादिकं, चरित्रं च दुष्टाचारः, इति शीलव्यसनचरित्राणि, समानानि
मारिदत्तनरेन्द्रस्य च शीलव्यसनचरित्राणि, येषां ते इति तथोक्तास्तैरिति
तथोक्तैः। नर्मसचिवपुत्रैः परिवृतः नर्मसचिवानां भाण्डानां पुत्रास्तैः परिवृतो
वेष्टितः। एवं च समाविर्भवता सम्यक्प्राहुर्भवता तार्तीयीकेन वयसा यौवनेन।
तृतीयमेव तार्तीयीकं तेन तार्तीयीकेन वयसा युवावस्थया निरङ्कुशतां नीयमाने
निरर्गलतो प्राप्यभावः। तथा च स्वयं परिगृहीतवीरपरिकरविधिः स्वयं स्वयमेव
परिगृहीतः स्वीकृतो वीरपरिकरविधिः शिरस्त्राणवारवाणोरस्त्राणादिविधि-
र्येन स इति तथोक्तः। कथंभूतैः सामजैः हस्तिभिः। उभयकटकंदरान्योन्याभि-
मुखनिलीनमदशौर्यश्रीवेणिदण्डानुकारिणा दानद्रवेण श्यामलितकपोलभित्तिभिः
उभयौ वामदक्षिणौ कटौ गण्डौ तयोः कंदरो मध्यप्रदेशस्तत्रान्योन्याभिमुखनि-
लीने परस्परसंमुखमुपविष्टे ये मदः शौर्यश्रीश्च तयोर्वेणिदण्डौ संयतकुन्तलकलापौ
तावनुकरोति तत्सदृशोभवतीत्येवंशीलः स इतितथोक्तस्तेनेतितथोक्तेन दान-
द्रवेण मदजलेन श्यामलिताः श्यामलीकृताः कृष्णीकृताः कपोलभित्तयः कटा
येषां ते इति तथोक्तास्तैरितितथोक्तैः। एवं च मदमदिरामोदस्वादोन्मद-
मधुकरारावपुनरुक्तडिण्डिमाडम्बरैः मदो दानं स एव मदिरा तस्या आमोदो
दूरव्यापीपरिमलस्तस्यास्वादेन पानेनोन्मदा हर्षवन्तो ये मधुकराभ्रमरास्तेषा-
मारावः शब्दस्तेन पुनरुक्तो द्विगुणीकृतोडिण्डिमाडम्बरः पटहशब्दो यैस्ते इति
तथोक्तास्तैरिति तथोक्तैः, क्रोधानलज्वालाकराललोचनाचरितसकलदिक्पाल-
साध्वसैः क्रोधः कोपएवानलोऽग्निस्तस्य ज्वालाः कीलास्ताभिः करालानि
रौद्राणि यानि लोचनानिनेत्राणि तैराचरितमुत्पादितं सकलानां दिक्पालाना-
मिन्द्रादीनां शत्रुनरेन्द्राणां वा साध्वसं भयं यैस्ते इति तथोक्तास्तैरितितथोक्तैः,
अनूरुसारथिरथोन्माथमिथोदस्तहस्तनिष्ठुरनिष्ठ्यूतवमथुपाथः प्रवाहप्लावित-
सुरसदनैः अनूरुररुणनामा सारथिः सूतो यस्य स सूर्यस्तस्य यो रथो व्योम-
यानं तस्योन्माथायाधः पातनाय मिथः परस्परमुदस्ताक्षिताः ये हस्ताः शुण्डा-
दण्डास्तेषां निष्ठुरो निर्दयो योऽसौ निष्ठ्यूतवमथुरुज्झीर्णवमनं स एव पाथो

जलं तस्य प्रवाहेण पूरेण प्लावितानि क्षालितानि सुरसदनानिदेवविमानानि यैस्ते इति तथोक्तास्तैरितितथोक्तैः, करावलेपभयभ्रस्यदाशाकरटिघटैः कराणां शुण्डादण्डानामवलेपः संचरस्तस्माद्भयेन भ्रस्यन्त आशाकरटिनां दिग्गजेन्द्राणां घटा घटना यैस्ते इति तथोक्तास्तैरिति तथोक्तैः, प्रधावजवकम्पितधरणिदेवतैः प्रधावोवेगवेपद्गमनं तस्य जवेन वेगेन कम्पिता वेपिताधरणिदेवता भूमेरधिष्ठातृ देवता यैस्ते इति तथोक्तास्तैरितितथोक्तैः, चरणन्यासनमद्भूगोलकभारदलितशेषफणावलयैः चरणानां पदानां न्यासेनारोपेण नमन नम्रीभवन योऽसौ भूगोलकस्तस्य भारेण दलितानि चूर्णितानि चूर्णीकृतानि शेषफणावलयानि धरणेन्द्रभोग मण्डलानि यैस्ते इति तथोक्तास्तैरितितथोक्तैः, प्रत्यक् पश्चाद्भागः, पुरः अग्रभागः, पक्षो वामदक्षिणपार्श्वं प्रत्यक्पुरः पक्षास्तेषां भ्रमिर्भ्रमणं तस्य प्रारम्भो रचनादिकर्म तेन विजृम्भितः प्रसृतः योऽसौ प्रभञ्जनो वायुस्तेन जनितमुत्पादितं कुलशैनशिखराणां कुलपर्वतकूटानां विघटनं त्रोटनं यैस्ते इति तथोक्तास्तैरितितथोक्तैः, कटानां गण्डस्थलानां कण्डूयन विनोदेन खर्जूस्फुटनेन भग्नाश्चूर्णीकृताः महामहीरुहाणां महावृक्षाणां निवहाः समूहा यैस्ते इति तथोक्तास्तैरितितथोक्तैः, समस्त सत्वानां सर्वजीवानां संमर्देन चूर्णीकरणेन अतुच्छ बहुलमुच्छलदुत्पतच्छोणितं रुधिरं तस्यच्छटा धारास्तासामविच्छिन्नोपहारोऽखण्डपूजने तेन संतर्पितास्तृप्तिनीतामदपुरुषा राक्षसा यैस्ते इति तथोक्तास्तैरितितथोक्तैः।

हिन्दी अनुवाद—उस सारिदत्त राजा ने बचपन में ही राज्यलक्ष्मी को प्राप्त कर लिया था। उसके वंश के वृद्ध पुरुषों-पिता, बाबा आदि में से कुछ ने तो-पितृवन-श्मशान भूमि को प्राप्त किया अर्थात् वे मृत्यु को प्राप्त हो गये थे और कुछ ने तपोवन-को प्राप्त किया अर्थात् वे संसार, शरीर, भोगों से विरक्त होकर तपस्वी जीवन बिताने लगे थे। अतएव वह शास्त्रों के ज्ञाता विद्वान् गुरुओं से युक्त गुरुकुल में शिक्षा आदि प्राप्त न कर सका किन्तु अपने ही समान दुष्ट स्वभाव, दुर्व्यसनी तथा दुश्चरित्र भाणों के पुत्रों से घिरा रहता था—निरन्तर उनका समागम किये रहता था और प्रकट होती हुई युवावस्था के कारण निरङ्कुश-निरर्गल हो गया था। इसके बाद किसी समय

वह मारिदत्त स्वयं शिरस्त्राण, कवच आदि वीरों की वेशभूषा पहिन कर हाथियों के साथ क्रीडा करने लगा। उन हाथियों के कपोल दायें और बायें भाग के मध्य में परस्पर सम्मुख स्थित मदजल और शौर्य लक्ष्मी के बंधे हुये वेणिदण्डों के समान मदजल के प्रवाह से श्याम वर्ण वाले हो रहे थे, उन हाथियों ने मदजल रूपी मदिरा के गन्ध के आस्वाद से उन्मत्त भ्रमरों की ध्वनि से नगाडों की ध्वनि को भी तिरस्कृत कर दिया था, उन्होंने क्रोधानल की ज्वालाओं से भयंकर अपने नेत्रों द्वारा समस्त-दिशाओं के स्वामियों-इन्द्रादि को अथवा शत्रुराजाओं को भयभीत कर दिया था, उन्होंने सूर्य के रथ को नीचे गिराने के लिये ही मानों परस्पर में ऊपर को उठाये हुये अपने शुण्डादण्डों से उगले हुये जलके प्रवाह से देवविमानों को भी भिगो दिया था, उनके अपने सूडों के हिलाने के भय से दिग्गजों के समूह इधर उधर भाग रहे थे, उनके इधर उधर दौड़ने के वेग से भूमि के अधिष्ठातृ देवता, कांप रहे थे, उनके पैरों के रखने से झुकते हुये पृथ्वी के भार से शेषनाग के फण समूह चूर चूर हो रहे थे, वे अपने पीछे, आगे, दायें और बायें पार्श्वभाग में दौड़ने के कारण बढी हुई वायु से षट्कुलाचलों के शिखरों का विघटन कर रहे थे, उन्होंने अपने गालों की खुजली खुजाने के विनोद से बड़े बड़े वृक्षों के समूहों को तोड़ दिया था, उन हाथियों ने समस्त जीवों के संमर्दन से अत्यधिक उछलते हुये रक्त की धाराओं के अखण्ड उपहारों से मदपुरुषों-राक्षसों को तृप्त कर दिया था।

मनःसु धृतसंहारसमयैरिव, दृष्टिषु कृतकालाग्निरुद्रैरिव, दशनेषु विनिवेशितविशसनकर्मभिरिव, करेषु निहितवधक्रियोपायैरिव, पादेषु संपादितवज्रसंपातैरिव, वालधिषु च नियुक्तयमदण्डैरिव।

संस्कृत व्याख्या—मनःसु चित्तेषु धृतः आरोपितः संहारसमयः प्रलयकालो यैस्ते इति तथोक्तास्तैरितितथोक्तैः, दृष्टिषु लोचनेषु कृतो धृतः कालाग्निरुद्रः प्रलयकालरुद्रो यैस्ते इति तथोक्तास्तै रिति तथोक्तैः, दशनेषु दन्तेषु विनिवेशितमारोपितं विशसनकर्म हिंसाकर्म यैस्ते इति तथोक्तास्तैरितितथोक्तैः,

करेषु शुण्डादण्डेषु निहित आरोपितो वधक्रियोपायो हिंसा बहुदुःखा यैस्ते इति तथोक्तास्तैरिति तथोक्तैः, पादेषु चरणेषु संपादित उत्पादितो वज्रसंपातोऽशनिपातो यैस्ते इति तथोक्तास्तैरिति तथोक्तैः, वालधिषुपुच्छेषु च नियुक्त आरोपितो यमदण्डो यैस्ते इति तथोक्तास्तैरिति तथोक्तैः।

हिन्दी अनुवाद—वे हाथी ऐसे प्रतीत होते थे मानों उन्होंने अपने चित्तों में प्रलयकाल को ही धारण किया हो, दृष्टियों में प्रलयकालीन रुद्र को ही धारण कर रखा हो, दांतों में हिंसा कर्म को ही धारण किया हो, शुण्डादण्डों में वध करने के उपायों को ही ग्रहण किया हो, चरणों में वज्रपात को ही उत्पन्न किया हो और अपनी पूंछों में यमदण्डों को ही स्थापित किया हो।

निजमदगन्धानुबन्धबाधितापरद्विरदमदप्रभेदैः, स्यन्दनवेदमुपतिष्ठमानैः, नरशिरोदर्शं प्रधावद्भिः तुरगालोकं पुरः प्रतिभासमानैः, सपत्नद्विपमदगन्धाघ्रायं प्रत्युभ्यद्भिः, प्रतिपक्षेभसृणिरवश्रावं संरम्भमाणैः, क्रमेलकविषयं विनिरुन्धद्भिः, छत्रगोचरं परिलुम्पमानैः, प्रलयकालानिलचलिताचलकुलविभीषणैः, प्रतिकरिशङ्कयेव गिरिकलीलालुलितमहाशिलाशकलनिष्पिष्टगण्डशैलैः, करनिष्पेषणपातितसालवनैः, दन्तकोटिसमुत्पाटितपुरकपाटैः।

हिन्दी अनुवाद—जिन्होंने अपने मदजल के गन्ध की सतत प्रवृत्ति से दूसरे गजों के मदजल को बाधित कर दिया था, वे रथ को जानकर उसे पकड़ने की इच्छा से आगे बढ रहे थे, वे मनुष्य के शिर को देखकर उसे ग्रहण करने की इच्छा से आगे को दौड़ रहे थे, जो घोड़ों को देखकर आगे को बढ़ रहे थे, जो शत्रुओं के हाथियों के मदजल की गन्ध को सूंघकर क्षुब्ध हो रहे थे, शत्रुओं के हाथियों के घंटों की ध्वनि को सुनकर वे क्रोधित हो रहे थे, वे ऊंटों के मार्ग को रोक रहे थे, वे छत्रों को तोड़ रहे थे, वे प्रलयकालीन वायु से चलायमान पर्वत-समूहों के समान भयंकर थे, प्रतिपक्षी हाथियों

की आशंका से ही मानो जिन्होंने उखाड़े गये बड़ी बड़ी चट्टानों के खण्डों से छोटे छोटे पर्वतों को चूर चूर कर दिया था, उन्होंने अपनी सूंडों के इधर उधर फटकारने से शालवृक्षों के वनों को जड़ से उखाड़ फैंका था, उन्होंने अपने दांतों के अग्रभागों से नगर-द्वारों के कपाट उखाड़कर नीचे गिरा दिये थे।

स्वकीयबलविजिज्ञापयिषयेव रविरथेषाडम्बरं रदेषु शेषं पुष्करेषु मन्दराचलं शरीरेषु महापगाः कोशकटस्रोतः सु सूर्यं लोचनेषु तारागणं बिन्दुषु चन्द्रं नखेषु पवनं च तरः सु दधानैः, विटपिभङ्गवदवधीरिताधोरणप्रणिधिभिः, विसतन्तुवत्त्रुटितवल्लिकैः, वीरणप्ररोहवद्दत्पर्यस्तवाहरिकैः, लताप्रतानवदुन्मथितबन्धनैः, नलदण्डवत्प्रमर्दितालानस्तम्भैः, मृणालजालवद्विघटितार्गलैः, कुमुदकाण्डवदुन्मूलितनिकाचैः, मुखपटाभोगवदवगणितकरेणुभिः, परमाणुवल्लोचनगोचरादपि दूरतरसंचरच्चारैः।

हिन्दी अनुवाद—अपने बल को बतलाने की इच्छा से ही मानो वे सूर्य के रथ के धुरा के विस्तार को अपने दान्तोंपर, शेषनाग को शुण्डादण्डों पर, मन्दराचल-सुमेरु को अपने विशाल शरीरों पर, गंगादि महानदियों को कोश और गण्डस्थल के मदजल-प्रवाहों में, सूर्य को नेत्रों में, तारागण को मदजल बिन्दुओं में, चन्द्र को अपने स्वच्छ नखों में और वायु को अपने वेगों में धारण किये हुये थे, उन्होंने वृक्षों को तोड़ने के समान महावतों के कथन अथवा अंकुशों को तोड़ दिया था अर्थात् उनकी उपेक्षा कर दी थी, भिसतन्तुओं के समान सांकलों को तोड़ दिया था, उशीरतृणों के समान बन्धन के खूंटे उखाड़ कर नीचे गिरा दिये थे, लता जाल की तरह बन्धनों-रस्से या सांकल आदि को तोड़ दिया था, कमलनालों के समान आलान स्तम्भ-बन्धन के खूंटे तोड़ दिये थे, मृणालदण्डों के समान अर्गलाओं-मूसलों का विघटन कर दिया था,

श्वेत कमल-नालों के समान अपने शरीर के बन्धनों को तोड डाला था, कृत्रिम सिंह के मुखालेप की तरह प्रतिपक्षी गजों को तिरस्कृत कर दिया था सूक्ष्मपरमाणु की तरह नेत्रों के विषय से बहुत दूर रहकर ही जिन्हें गुप्तचर-वीर पुरुष घेर रहे थे।

कर्णतालपवनपरिक्षिप्तदिगन्तघनसंघैः, गगनाघ्राणोत्कूणितकरसूत्कारकम्पितब्रह्मलोकैः, पांशुप्रमाथोन्मथितमार्तण्डमण्डलैः, पङ्कोपदेहदुर्दिनीकृतनभोभागैः, जलावगाहपलायितजलदेवतैः, कामचारविहारवित्रासितवनदेवीसंदोहैः, उल्लंघितबलवेगवीथीपरिमाणैः, शाक्यशासनप्रमाणैरिव सकलजगच्छून्यतामानेतुं प्रवृत्तिसहजैः सामजैः सह चिक्रीड।

हिन्दी अनुवाद—जिन्होंने कर्ण रूपी तालपत्रों की हवा से मेघ समूहों को दिशाओं उड़ा दिया था, उन्होंने आकाश की गन्ध को ग्रहण करने के लिये टेढ़े किये हुये अपने शुण्डादण्डों के सूत्कारों (सू सू करने से) से ब्रह्म लोक को कम्पा दिया था, धूलि फैंकने की क्रिया से सूर्यमण्डल को और ऊपर फैंक दिया था, कीचड के लेप से आकाश प्रदेश को मटमैला सा कर दिया था, नदी सरोवरों में जल क्रीडा करने से जल-देवताओं को दूर भगा दिया था, स्वेच्छानुसार इधर उधर घूमने से वन देवियों को भयभीत कर दिया था और जिन्होंने बल के वेग से अपने घूमने की गलियों के परिमाण को लांघ दिया था तथा बौद्धदर्शन के सिद्धान्तों की तरह जिनकी स्वाभाविक प्रवृत्ति समस्त जगत् को शून्य-बनाने की थी ऐसे हाथियों के साथ वह मारिदत्त नाम का राजा क्रीडा किया करता था। संकरालंकार।

कदाचित्कोणकोटिकलकन्दुकाम्बरचारणापरिस्खलितदिग्देवताविमानमण्डलो दुष्टाश्वैः सह प्रीतिं बबन्ध।

हिन्दी अनुवाद—किसी समय वह मारिदत्त राजकुमार बल्ले के अग्रभाग द्वारा सुन्दर क्रीडा-कन्दुक को आकाश में उछाल कर दिशाओं में स्थित देव-विमानों को स्तब्ध करता हुआ दुष्ट अश्वों से स्नेह करता था। प्रतीत होता है वह घोड़ों द्वारा पोलो नामक खेल खेलता था।

कदाचिन्निजभुजपराक्रमव्यायोक्षतासरालजलव्यालो महासरसी-नामर्णांसि विजगाहे।

हिन्दी अनुवाद—किसी समय वह अपनी भुजाओं के पराक्रम से मकर आदि महान जल जन्तुओं के साथ अनेक प्रकार से युद्ध करता हुआ महान सरोवरों के जल में अवगाहन किया करता था।

कदाचिद्दोर्दण्डदलितदुर्दमशार्दूलः कुत्कीलकुहराघ्रायिघूकघूत्कार-घोरास्वरण्यानीषु विजहार।

हिन्दी अनुवाद—किसी समय वह अपने भुजदण्डों द्वारा दुर्दम व्याघ्र सिंहादि जन्तुओं का संहार करता हुआ पहाड़ों की गुफाओं की गन्ध को सूंघने वाले उलूक पक्षियों के भयंकर शब्दों से भयानक महान् जंगलों में घूमा करता था।

कदाचिन्निशियुद्धायासितप्रबलवेतालः पूतनाकरोद्भुमरडमरुकारव-भैरवाः क्षपासु पितृवनावनीः संचचार।

हिन्दी अनुवाद—किसी समय वह बाहु युद्ध से प्रबल वेतालों का दमन करता हुआ रात्रियों में राक्षसियों के हाथों में विद्यमान उत्कट डमरूओं की ध्वनि से भयंकर श्मशान भूमियों में विचरण किया करता था।

कदाचिदसहायसाहसः साश्चर्यशौर्यनिर्जितविनतदुर्वारवीरावतार-भूपालचूडामणिमरीचिप्रसरसरस्ताण्डवितचरणकमलः शत्रुवनितानयन-वनेत्रापाङ्गसङ्गोल्ललाजाञ्जलिपातानामात्मानं पात्रतां निनाय।

संस्कृत व्याख्या—कदाचित्कस्मिंश्चिदवसरे असहायसाहसः असहायोऽद्वितीयः साहसोऽद्भुतकर्म यस्य स इति तथोक्तः एवं च साश्चर्यमाश्चर्ययुक्तं यच्छौर्यं बलं तेन पूर्वं निर्जिताः विजिताः पश्चाद्विनता नम्रीभूता ये दुर्वारवीरावतारभूपालाः दुःखेन महताकष्टेन वारयितुमशक्यादुर्वाराः, वीरेषु सुभटेष्ववतारो जन्म येषां ते दुर्वारवीरावताराः ते च तेभूपाला राजानस्तेषां चूडामणयः शिरोरत्नानि तेषां मरीचयः किरणास्तेषां प्रसरो व्याप्तिः स एव सरस्तडागस्तत्रताण्डवितं चरणकमलं पादपद्मं येन स इति तथोक्तः स मारिदत्तः शत्रुक्षत्रियाः सयत्नराजपुत्रास्तेषां कलत्राणि यौवन मदवत्यः स्त्रियस्तासां नेत्राणां लोचनानामपाङ्गसङ्गेन कटाक्षसंगत्योल्लोला उत्कटा लाजाञ्जलय आर्द्रतण्डुलप्रसृतयस्तासां पाताः पतनानि तेषामात्मानं निजशरीरं पात्रतां योग्यतां विनाय नीतवान् नयतिस्मेत्यर्थः ।

हिन्दी अनुवाद—अद्वितीय साहसी तथा आश्चर्यपूर्ण बल से जीते गये अतएव विनम्र, दुर्वार एवं वीर राजाओं के चूडामणियों की किरणों के प्रसार रूप सरोवर में अपने चरण कमल को घुमाने वाले उस मारिदत्त राजा ने अपने शरीर को शत्रुराजाओं की यौवन- मदमस्त स्त्रियों के कटाक्षों के सङ्ग से उत्कट लाजाञ्जलियों के गिरने के योग्य बनाया था ।

कदाचित्तौर्यत्रिकातिशयविशेषविजितगन्धर्वलोकः खलतिकलतालयरङ्गेषु वनदेवतानां समाजं नर्तयामास ।

हिन्दी अनुवाद—किसी समय तौर्यत्रिक-गीत, नृत्य और वादित्र शास्त्र के विशिष्ट चातुर्य से गन्धर्वलोक को जीतने वाला वह राजा वनों के लतामण्डपों की रङ्गभूमियों पर वन देवताओं के समूह को नचाया करता था ।

कदाचिदान्ध्रीणामलकवल्लरी विजृम्भणजलधरः, चोलीषु भ्रूलतानर्तनमलयानिलः, केरलीनां नयनदीर्घिकाकेलिकलहंसः, सिंहलीषु मुखकमलमकरन्दपानमधुकरः, कर्णाटीनां कुचकलशविलासपल्लवः, सौराष्ट्रीषु वलिवाहिनीविनोदकुञ्जरः, कम्बोजीनां नाभिवलभिगर्भसंभोगभुजङ्गः, पल्लवीषु नितम्बस्थलीखेलनकुरङ्गः कलिङ्गीनां चलनकिसलयोत्सवपुष्पाकरः स स्मरंविडम्बयामास ।

हिन्दी अनुवाद—किसी समय आन्ध्रदेश की स्त्रियों के केशपाशरूपी लताओं को बढ़ाने के लिये मेघ के समान, चोलदेश की कामनियों की भ्रकुटिलताओं को नचाने-कम्पाने के लिये मलयानिल के समान, केरल देश रमणियों के नेत्ररूपी वावड़ियों में क्रीडा करने के लिये राजहंस के समान, सिंहल देश लंकाद्वीप की वनिताओं के मुखकमल के मकरन्द-पुष्परस का पान करने के लिये भ्रमर के समान, कर्णाटकदेश की सुन्दरियों के कुच-कलशों को सुशोभित करने के लिये पल्लव के समान, सौराष्ट्रदेश की कामनियों की त्रिवली रूपी नदियों में क्रीडा करने के लिये गजराज के समान, कम्बोजदेश की रमणियों की नाभिरूपी बलभियों के मध्यभाग में क्रीडा करने के लिये भुजङ्ग के समान, पल्लव देश की स्त्रियों के नितम्ब रूप उन्नत प्रदेशों पर क्रीडा करने के लिये कस्तूरी मृग के समान, कलिङ्गदेश की स्त्रियों के चरण-पल्लवों को उल्लसित करने के लिये वसन्त के समान उस मारिदत्त राजा ने कामदेव को भी तिरस्कृत कर दिया था । तात्पर्य यह है कि उक्त विभिन्न देशों की कामनियों के साथ विभिन्न प्रकार की क्रीडाओं को करते हुये उस मारिदत्त राजा ने कामदेव को भी तिरस्कृत कर दिया था ।

कदाचिदुन्निद्रारविन्दमकरन्दविस्वकोल्लोलजलकेलिवापिकेषु, माकन्दमञ्जरीजालकावलोकनोल्लासितधिलासिमानसेषु, मलयाचलावनीवनप्रसूनसौरभोद्भुमरमरुद्धूयमानमकरध्वजध्वजदुकूलेषु, कामिनी-

मुखमदिरोन्मादितबकुलकाननेषु, विलासिनीविलोकितामृतसंतर्प्यमाण कुरबकनरेषु, रमणीमणिमञ्जीरशिञ्जितमुखरचरणास्फालनसनाथाशोकशाखिषु, परिमलमिलन्मिलिन्दसंदोहदूषितषट्पदातिथिपादपेषु, कदम्बकुसुमधूलिधूसरधराप्रष्ठेषु, कन्दरकलापसंचरद्रतिचतुरविकिरनखमुखावलिख्यमानवल्लरीशरीरेषु—

हिन्दी अनुवाद—किसी समय उस मारिदत्त ने वसन्त ऋतु के दिनों में कामदेव के निवास स्थान स्वरूप संभोग क्रीडा की । इस प्रकार आगे क्रिया कारक सम्बन्ध है । उन वसन्त के दिनों में क्रीडा-वापिकायें खिले हुये कमलों के पराग समूह से व्याप्त उन्नततरगों वाले जल से परिपूर्ण थीं, उन दिनों में विलासीजनों के चित्त आम्रमंजरियों के देखने से आनन्दित हो रहे थे, चन्दनगिरि की भूमि के चन्दन वृक्षों के पुष्पों की गन्ध से उत्कट वायु द्वारा कामदेव की ध्वजा के वस्त्र कांप रहे थे, कामनियों की मुखमदिरा से बकुल (मौलिश्री) वृक्ष पुष्पित हो गये थे, युवती विलासनियों के विलासपूर्ण अवलोकन रूप अमृत से कुरबक वृक्ष संतृप्त-पुष्पित हो गये थे. रमणियों के मणिनिर्मित नूपुरों की मधुर ध्वनि से युक्त के ताडन से अशोकवृक्ष खिल गये थे, (कविप्रसिद्धि है कि सौभाग्यवती कामनियों के मुख की मदिरा के कुल्ले से बकुल वृक्ष, उनके विलासपूर्ण अवलोकन से कुरबकवृक्ष तथा पादताडन से अशोकवृक्ष फूल जाते हैं, तीव्रगन्ध से एकत्रित भ्रमर समूहों के द्वारा चम्पक-वृक्ष काले कर दिये गये, कदम्ब वृक्ष के फूलों की धूलि से धरा धूसरित हो गई थी, गुफाओं में घुसते हुये कबूतर अपने नख और मुखों द्वारा लताओं का चुम्बन कर रहे थे—

कान्तारकुहरविहरत्कोकिलकुलकोलाहलोत्थापितानङ्गव्यालव्याकुलितकामुकेषु, प्रोषितयोषिद्विरहाशुशुक्षणिसंधुक्षिषु, मनसिजाजकवटंकारद्रवदभ्यन्यहृदयेषु, दिवाप्यभिसारिकाजनानामन्धतमसप्रसाधिषु,

धीराणामपि प्रणयिनीप्रणतिहेतुषु, मानिनामपि प्रियतमाप्रसादनदैन्यनिदानेषु शूराणामपि वल्लभाचाटुकारकारणेषु यमिनामपि रतिरसातङ्कायतनेषु, पुष्पचापशरप्रसारसारेषु, मधुमासवासरेषु कामाश्रमधर्मचारितामाप्रपेदे ।

हिन्दी अनुवाद—जिन दिनों में जंगल के मध्य घूमते हुये कोकिल पक्षियों की मधुर ध्वनि से जाग्रत कामदेव रूपी व्याल से कामुकजन व्याकुल हो रहे थे, वे दिन प्रोषितभर्तृकाओं—जिनके पति परदेश गये हुये थे उन विरहिणी स्त्रियों-की, विरहाग्नि को प्रदीप्त करने वाले थे, जिन वसन्त के दिनों में कामदेव के धनुष की टंकार से पथिक-जनों के हृदय खिन्न गये थे—बेचैन हो गये थे, वे दिन अभिसारिकाओं को दिन में भी अन्धकार उत्पन्न करने वाले थे, वे दिन धैर्यशाली पुरुषों के भी कामिनियों के चरणों में झुकने के कारण थे, अपनी प्रियतमाओं को प्रसन्न करने के लिये अभिमानियों के भी दैन्य उत्पन्न करने वाले थे, शूरवीरों के भी प्रियतमाओं की चाटुकारिता के कारण थे, संयमी पुरुषों के भी रतिक्रीडा रूप व्याधि के उत्पत्तिस्थान थे, तथा जो वसन्त के दिन काम के बाणों के प्रसार करने में सारवान थे ।

कदाचिच्चरणकिसलयोल्लासमसृणितमार्गनिर्गमाभिः, पादनखमयूखोपहारविहारमहीमण्डलाभिः, मेखलाकलापकलितोरुस्तम्भिकापुनरुक्तकाननदेवतोद्यावतोरणमालाभिः, नितम्बस्थलीद्विगुणिताशोकशाखाशयनसंनिवेशाभिः, तनूरुहराजिविजितलताप्ररोहप्रसराभिः, नाभिगर्भनिर्भर्त्सितक्रीडाकुत्कीलकंदराभिः, वलिविलासविलुप्तवल्लरीचलनाभिः, स्तनविस्तारविडम्बितप्रसूनस्तबकाभिः, भुजपञ्जरपराजितकान्तारतानाभिः, अधराधरीकृतबालप्रवालाभिः, कपोलतलोल्लसत्स्वेदजलमञ्जरीजालकुसुमितावतंसपल्लवाभिः, चिकुरकान्तिकलुषितसमच्छदच्छायाभिः, अलंकारीकृतवनस्पतिविभूतिभिर्युवतिभिः सह प्रमदवनेषु रेमे ।

हिन्दी अनुवाद – किसी समय वह मारिदत्त, चरण-पल्लवों के उल्लास से मार्ग में चलने के स्थानों को कोमल बनाने वाली, पैरों के नाखूनों की किरणों के उपहारों से पृथ्वी मण्डल को विहार योग्य बनाने वाली, अपनी करधनियों से वेष्टित जंघारूपी छोटे-छोटे स्तम्भों द्वारा वनदेवता के महोत्सव की तोरण मालाओं को द्विगुणित करने वाली, अपनी-नितम्बस्थलियों द्वारा अशोकवृक्ष की शाखाओं से निर्मित शय्याओं को द्विगुणित करने वाली, रोमराजियों से लताङ्कुरों के प्रसार को जीतने वाली, नाभि की गहराईयों से क्रीडापर्वतों की गुफाओं को जीतने वाली, त्रिवलियों के सौन्दर्य से लताओं के संचार को तिरस्कृत करने वाली, स्तनों के विस्तार से पुष्प गुच्छों को तिरस्कृत करने वाली, अपने भुज-पञ्जरों से वन के विस्तार को तिरस्कृत करने वाली, लाल ओठों से नवीन मूंगों को तिरस्कृत करने वाली, गालों पर सुशोभित स्वेदजल समूह रूप पुष्पों से युक्त कर्णफूल पल्लव वाली, अपने काले बालों की कान्ति से तमाल वृक्षों की कान्ति को तिरस्कृत करने वाली इस प्रकार वन के-लता-पत्र-पुष्पादि के वैभव को अपना अलंकार बनाने वाली युवतियों के साथ प्रमद वनों में क्रीडा किया करता था।

कदाचिन्मरकतमणिविनिर्मितमूलासु, कङ्केल्लकोपलसंपादितभित्तिभङ्गिकासु, काञ्चनोपरचितसोपानपरम्परासु, मुक्ताफलपुलिनपेशलपर्यन्तासु, करिमकरमुखमुच्यमानवारिभरिताभोगासु, कर्पूरपारीदन्तुरतरङ्गसंगमासु, दुग्धोदधिवेलास्विव चन्दनधवलासु, वनस्थलीष्विव सकमलासु, शिशिरशैलशिलास्विव मृगमदामोदमेदुरमध्यासु, कण्ठीरवकण्ठपीठेष्विव सकेसरासु, विरहिणो शरीरयष्टिष्विव मृणालवलयिनीषु, मंत्रवादोक्तिष्विव विविधयत्नश्लाघिनीषु, वसन्तलतास्विव विचित्रपल्लवप्रसूनफलस्फाराधिकासु गृहदीर्घिकासु करेणुभिः करीव कामिनीभिः परिवृतो जलक्रीडासुखमन्वभूत्।

संस्कृत व्याख्या—कदाचित्कस्मिंश्चिदवसरे करेणुभिर्हस्तिनिभिः परिवृतः परिवेष्टितः करीव गज इव कामिनीभिर्नवयौवनाभिः स्त्रीभिः परिवृतो वेष्टितो मारिदत्तोगृहदीर्घिकासु गृहवापिकासु जलक्रीडासुखमन्वभूत् आस्वादितवान्। कथंभूतासु दीर्घिकासु—मरकतमणिविनिर्मितमूलासु मरकतमणिभिर्हरितमणिभिर्विनिर्मितानि निष्पादितानि मूलानि भूतलानि यासां ता इति तथोक्तास्तासु इति तथोक्तासुकङ्केल्लकाः स्फटिकमणयस्तेषामुपलैः शिलाभिः संगादिताः निष्पादिता भित्तीनां मेड्डकानां भङ्गिका रचना यासां ता इति तथोक्तास्तासु इति तथोक्तासु, काञ्चनेन सुवर्णेनोपरचितानिर्मायिता सोपानपरम्परा आरोहणश्रेणिर्यासां ता इति तथोक्तास्तास्विति तथोक्तासु, मुक्ताफलानां मौक्तिकानां पुलिनैस्तोयोत्थितद्वीपैः, तोयोत्थितं तत्पुलिनम्', तैः पेशला अतिमनोहराः पर्यन्ताः प्रान्तदेशा यासां त इति तथोक्तास्तास्विति तथोक्तासु, करिणां कृत्रिमहस्तिनां तथाविधानां मकराणां जलचराणां च मुखैर्भुज्यमानं त्यज्यमानं यद्वारिजलं तेनभरिता पूरिता आभोगा विस्तारा यासां ता इति तथोक्तास्तास्विति तथोक्तासु, कर्पूरपारीभिर्हिमवालुका शलाकाभिर्दन्तुर उन्नतस्तरङ्गसंगमः कल्लोलसंगतिर्यासांता इति तथोक्तास्तास्विति तथोक्तासु। पुनः कथं भूतासु गृहदीर्घिकासु। दुग्धोदधिवेलास्विव चन्दनधवलासु, यथा दुग्धोदधिवेला क्षीरसागरवेला चन्दनवद्धवला भवन्ति, तथैव वापिकाश्चन्दनेन धवलाः। पुनः वनस्थलीष्विवसकमलासु, यथा वनस्थल्यः कमलैर्मृगैः सह वर्तन्ते तथैव वापिकाः सह कमलैः कमलपुष्पैर्जलैर्वा वर्तन्ते सकमलास्तासु इति तथोक्तासु, यथा शिशिरशैलो हिमाचलपर्वतस्तस्थशिला दृषदः कस्तूरिकापरिमलसहिता भवन्ति तथैव दीर्घिकाः मृगमदस्य कस्तूरिकायाः आमोदः परिमलस्तेन मेदुराः स्निग्धाः मध्यप्रदेशा यासां ता इति तथोक्ताः भवन्ति। सह केसरैः कश्मीरजन्मकुसुमैर्वर्तन्त इतिसकेसरास्तासु इति तथोक्तासु। यथा कण्ठीरवकण्ठीव्यः कण्ठीरवानां सिंहानां कण्ठपीठ्यः प्रशस्तकण्ठ्यः सकेसराः केसरसहिताः भवन्ति तथैव गृहवापिकाः। मृणालवलयानि कमलकन्दा विद्यन्ते यासु ता इति तथोक्तास्तास्वितितथोक्तासु। यथा विरहिणीनां कामिनीनां शरीरयष्टयः मृणालवलयसहिताः भवन्ति तथैव दीर्घिकाः। पुनः विविधैर्नानाप्रकारैर्यैर्वैशनालिकादिभिः श्लाघिन्यः स्तुत्याः

या इति तथोक्तास्तास्विति तथोक्तासु । यथा मंत्रवादस्योक्तयोवचनानि अनेक-यंत्राणां सिद्धचक्रादीनां कत्थिका भवन्ति तथैव गृहवापिकाः । पुनः पल्लवा-श्च कुम्पलानि प्रसूनानि च कुसुमानि फलानि च जातीफलादीनि विचित्राणि नानाप्रकाराणि च तानि पल्लवप्रसूनफलानि तेषां स्फारः प्राचुर्यं तेन स्फारः प्रचुरोऽर्घः पूजा वर्तते यासु ता इति तथोक्तास्तास्वितितथोक्तासु । यथा वसन्तलता विचित्रपल्लवप्रसून फलस्फारा भवन्ति तथैव ता दीर्घिकाः । संकरालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—किसी समय हथनियों से घिरे हुये हाथी की तरह नवयुवति कामनियों से घिरा हुआ वह मारिदत्त घरेलू बावडियों में जलक्रीडा के सुख का अनुभव किया करता था । उन बावडियों के मूलभाग मरकत या हरितमणियों से निर्मित थे, उनकी दीवारें स्फटिकमणि की शिलाओं से बनी हुई थी, उनकी सीढियां सुवर्ण-निर्मित थीं, उनके प्रान्तभाग मौक्तिक तटों से मनोहर थे, कृत्रिम हाथियों तथा मकरों के मुखों से निकलते हुये जल से उनके विस्तार परिपूर्ण थे, कर्पूर की धूलियों से उन बावडियों के जल की तरंगों का संगम समुन्नत था, वे बावडियां क्षीरसागर के समान चन्दन-धवल थीं । जिस प्रकार क्षीर समुद्र के तट चन्दन के समान शुभ्र—स्वच्छ होते हैं, उसी प्रकार वे बावडियां भी चन्दन से सफेद थीं, वे वनस्थलियों के समान सकमल थीं । जिस प्रकार वनस्थलियां सकमल–मृगों से युक्त होती हैं, उसी प्रकार वे भी सकमल-कमलों से युक्त थी, उनका मध्यभाग हिमालय पहाड़ की चट्टानों के समान कस्तूरी की गन्ध से युक्त थे, वे सिंहों के कण्ठ-पीठ-गर्दनों के समान स-केसर थीं, जिस प्रकार सिंहों के गर्दन स-केसर—केसर-गर्दन के बालों से युक्त होती हैं, उसी प्रकार वे बावडियां स-केसर–कमल केसर या कश्मीर जन्य केसर पुष्पों से युक्त थीं, वे विरहिणी कामनियों के शरीर यष्टियों के समान मृणालवलयों से युक्त थीं, जिस प्रकार विरहिणियों के शरीर शीतलता के लिये धारण किये हुये मृणालवलयों से युक्त होते हैं उसी प्रकार वे बावडियां मृणाल कमल नालों से युक्त थीं, वे बावडियां मंत्रवाद की उक्तियों के समान अनेक प्रकार के यंत्रों से श्लाघनीय थी, जिस प्रकार मंत्रोक्तियां अनेक प्रकार के सिद्धचक्र आदि यंत्रों का विवेचन करने से

प्रशंसनीय होती हैं, उसी प्रकार वे गृह-वापिकायें अनेक प्रकार के फव्वारे आदि जलयंत्रों से प्रशंसनीय थीं, वे वानडियां वसन्त ऋतु की लताओं के समान अनेक प्रकार के पत्र, पुष्प तथा फलों के आधिक्य से प्रशंसनीय थीं जिस प्रकार वसन्त की लतायें अनेक प्रकार के पत्र,पुष्प और फलों के आधिक्य से प्रशंसनीय होती हैं उसी प्रकार वे गृह वापिकायें अनेक प्रकार के पत्र, पुष्प तथा फलों से प्रशंनीय थीं।

अन्तर्लीनसत्वः शर्वरीवातूल इव रजस्तमोबहुलोऽपि, चण्डानिल इव व्यसनेषु बद्धप्रीतिरपि, वनगज इव कामचारप्रवर्तनोऽपि, धनुर्ग्रह इवावगणितमंत्रिलोकोऽपि, रविरिव कुवलयानवेक्षणोऽपि, वसन्त इव विजात्यानन्दनोऽपि, द्रुमार्दन इव विदूरितकमलोत्सवोऽपि, पारिप्लुङ्ग इवानात्मनीनवृत्तिरपि, कमलीव दोषागमरुचिरपि, कांदिशीक इवानवस्थितक्रियोऽपि, प्रतिपच्चन्द्र इव दुर्दर्शोऽपि, चक्रवाक इव वारवनितापियोऽपि, रथचरणानाभिदेश इवाक्षासक्तोऽपि, शूर्पकारातिरिव मधुलव्धविजृम्भणोऽपि, जलव्याल इवाच्छोदनाभिरतोऽपि, विगतविपद्राक्षसीसमागमः स्वस्य दैवायत्तावतारामिव कल्याणपरम्परामाचचक्षे।

संस्कृत व्याख्या—स मारिदत्तः स्वस्य दैवायत्तावतारामिव स्वस्यात्मनः दैवायत्तावतारां दैवसम्बन्ध्यवतारां कल्याण परम्परां कल्याण श्रेणीमाचचक्षे सूचितवान्। 'नाहं मनुष्यो भवामि, देवोऽहम्' इति मन्यस्तेस्म। इति क्रियाकारक सम्बन्धः। कथं भूतः स मारिदत्तः। अन्तर्लीनसत्वः शर्वरीवातूल इव रजस्तमोबहुलोऽपि राजसी प्रकृतिः, 'अहं राजा' इत्य हंकारवान् इति रजः, रजश्चतमश्च दैन्यलक्षणं ताभ्यां बहुलोऽपि प्रचुरोऽपि सन्नन्तर्लीनसत्वः अन्तर्मनसि अन्तरात्मनि वा लीनं तन्मयतां गतं सत्वं पुण्यपरिणामः प्रसन्नता यस्य सोऽन्तर्लीनसत्वः, शर्वरी वातूल इव यथा रात्रि सम्बन्धी वातूलो वातमण्डली अन्तर्लीनसत्वो मध्यप्रविष्टपिशाचो भवति। एवं गुणविशिष्टोऽप्यात्मानं

देवावतारं मानितवान् । पुनः चण्डानिल इव व्यसनेषु बद्धप्रीतिरपि आत्मानं देवं ज्ञातवान् । व्यसनानि वाग्दण्डपारुष्ये, अर्थदूषणं, पानं, स्त्री, मृगया, द्यूत चेति सप्तव्यसनानि तेषु बद्धप्रीतिः, चण्डानिल इव, यथा चण्डानिलः प्रचण्डवातः विविधेष्वसनेषु क्षेपणेषु बद्धप्रीतिर्भवति । वन गज इव कामचारप्रवर्तनोऽपि आत्मानं दैवायत्तं ज्ञातवान् । कामचारेषु स्वेच्छाचारेषु प्रवर्तनं यस्य स कामचारप्रवर्तनः । यथा वनगजः कामचारप्रवर्तनः स्वेच्छाचारप्रवर्तनो भवति । धनुग्रह इवावगणितमंत्रिलोकोऽपि अवगणितोऽनाहतो मंत्रिलोकः सचिवलोको येन स इति तथोक्तः । यथा धनुग्रहोऽसाध्यपिशाचविशेषो मंत्रिलोकमवगणयति । मांत्रिकान् तिरस्करोति । रविरिव कुवलयानवेक्षणोऽपि, कुवलयस्य पृथ्वीमण्डलस्यानवेक्षणमनवलोकनं यस्य स कुवलयानवेक्षणः । यथा रविः सूर्यः कुवलयानां चन्द्रविकासिकमलानामनवेक्षणमवलोकनं न करोति तथैव स मारिदत्तः पृथ्वीमण्डलस्यावलोकनं न करोति । वसन्त इव विजात्यानन्दनोऽपि, विजातीनां नीचजातीनामान्दनं यस्मात् इति विजात्यानन्दनः । यथा वसन्तो विशिष्टानां जातीपुष्पाणामानन्दं करोति । द्रुमार्दन इव विदूरित कमलोत्सवोऽपि, कस्यात्मनो मलं पापं कमलं तत्र उत्सव उद्यमो यस्य स कमलोत्सवः विदूरितो निकटीकृतः कमलोत्सवो येन स विदूरितकमलोत्सवः । द्रुमार्दन इव, यथा द्रुमार्दनो हेमन्तः कमलानां पद्मपुष्पाणामुत्सवं विदूरयति हिमेन दग्धानि करोति । पारिपुञ्ज इवानात्मनीनवृत्तिरप्यात्मनि देवत्वं ज्ञातवान् । आत्मने हिता आत्मनीना, । (हितार्थेषु चतुर्थी, 'सप्तपदादिभ्य इनण्') न आत्मनीना नात्महिता वृत्तिराजीविका यस्सोऽनात्मनीनवृत्तिः । यथा पारिपुञ्जो बौद्ध आत्मनोऽस्तित्वं न मानयति । कमलीव दोषागमरुचिरप्यात्मनि देवत्वं ज्ञातवान् । दोषागमेषु पापशास्त्रेषु रुचिर्यस्य स इति तथोक्तः स मारिदत्तः । यथा कमली चन्द्रमा दोषागमे रात्र्यागमे रुचिमान्भवति तथैव स पापशास्त्रेषु रुचिं करोतिस्म । कांदिशीक इवानवस्थित क्रियोऽपि, नावस्थिता न्यायमार्गे क्रिया यस्य सोऽनवस्थितक्रियः । यथा कांदिशीकोभयद्रुतः पुमान् स्थिरक्रियो न भवति । प्रतिपच्चन्द्र इव दुर्दर्शोऽपि दुःखेन मूढता कष्टेन द्रष्टुमशक्यो दुर्दर्शः । सेवागतलोकानां दर्शनं

न ददातीत्यर्थः। यथा प्रतिपच्चन्द्रो दुष्टो दर्शः अमावस्या निकटवर्ती यस्य भवति स दुर्दर्शः। चक्रवाक इव वारवनिता प्रियोऽपि, वारवनिता वारे सेवाक्रमे मुख्यावनिता वारवनिता वेश्याप्रिया यस्य स वारवनिताप्रियः। चक्रवाक इव यथा चक्रवाक पक्षी वारां पानीयानामवनिः भूमिस्तस्यास्ता शोभा प्रिया यस्य स इति तथोक्तः। रथचरणनाभिदेश इवाक्षासक्तोऽपि, अक्षाणामिन्द्रियाणां सुखे आसक्तो लम्पटोऽपि, यथा रथचरणस्य शकटचक्रस्य नाभिदेशः पीडिकाप्रदेशः अक्षासक्तः कीलकसहितो भवति। शूर्पकारातिरिव मधुलब्ध विजृम्भणोऽपि, मधुनिमद्ये लब्धं प्राप्तं विजृम्भणं प्रवर्त्तियेन स मधुलब्धविजृम्भणः, शूर्पकारातिरित्र, यथा शूर्पकारातिः कन्दर्पो मधुना वसन्तेन लब्धविजृम्भणो भवति। जलव्याल इवाच्छोदनाभिरतोऽपि (आत्मनि देवत्वं ज्ञातवान्) आच्छोदने मृगयायामभि समन्ताद्रतोऽनुरक्त इति तथोक्तः। जलव्याल इव, यथा जलव्यालोमकरादिकः अच्छ-उद-नाभिरतः अच्छस्य स्वच्छस्य निर्मलस्योदस्य पानीयस्य नाभौ मध्ये रतोऽनुरक्तो भवति। विगत विपद्राक्षसीसमागमः विगतो विनष्टो विपद्राक्षस्याः समागमः आगमनं यस्य स एवं भूतः स मारिदत्तः आत्मनि देवत्वं ज्ञातवान्।

हिन्दी अनुवाद—वह मारिदत्त राजा रात्रि सम्बन्धी वायुमण्डल के समान अन्तर्लीनसत्व तथा रज-तम-बहुल था। जिस प्रकार रात्रि-सम्बन्धी वायुमण्डल अन्तर्लीनसत्व-मध्य में स्थित पिशाच से युक्त तथा अत्यधिक धूलि और गाढान्धकार से युक्त होता है उसी प्रकार वह मारिदत्त अन्तर्लीनसत्व-अन्तरात्मा में व्याप्त बल अथवा पुण्यपरिणाम एवं रजो गुणी और तमोगुणी प्रवृत्ति वाला था। रजोगुणी-प्रवृत्ति के कारण वह मारिदत्त 'अहं राजा'-'मैं राजा हूँ' इस प्रकार के अहंकार से युक्त प्रवृत्ति वाला तथा तमोगुणी प्रवृत्ति के कारण 'हा देव' नष्टोऽस्मि वञ्चितोऽस्म'-'हा देव' मैं नष्ट हो गया हूँ, ठगाया गया हूँ' इत्यादि प्रकार से मुख मलिनता आदि दैन्य युक्त प्रवृत्ति वाला था। यही कारण है कि वह अपने आपको 'मैं मनुष्य नहीं हूँ देव हूँ' इस प्रकार मानता था। वह प्रचण्ड वायु के समान व्यसन-बद्धप्रीति था, जिस प्रकार प्रचण्ड तीव्र वायु वि-विविध-नाना प्रकार की वस्तुओं को असन-क्षेपण-दूर

फैंकनें में संलग्न होती है, उसी प्रकार वह राजा व्यसनों-१. वचन की कठोरता २. दण्ड की कठोरता, ३. अर्थ का दूषण-अधिक या व्यर्थ खर्च करना आदि, ४. शराब पीना, ५. परस्त्री गमन, ६. शिकार खेलना, ७.तथा जुआ खेलना, इन सप्तव्यसनों में अनुरक्त रहता था। वह वनगज-जंगली हाथी के समान कामचार प्रवर्तन-स्वेच्छाचारी प्रवृत्ति वाला था। वह धनुगृह्-अप्राध्य पिशाच विशेष के समान अवगणित मंत्रिलोक था जिस प्रकार असाध्य पिशाच विशेष-मांत्रिक लोक एवं तांत्रिको के समूह का तिरस्कार करने वाला होता है उसी प्रकार वह राजा मंत्रिलोक-सचिवसमूह की उपेक्षा या तिरस्कार करने वाला था। वह सूर्य के समान कुवलयानवेक्षण था, जिस प्रकार सूर्य कुवलय-चन्द्र विकासी कमलों का अनवेक्षण-अवेक्षण विकास करने वाला नहीं होता है, उसी प्रकार वह राजा कुवलय-पृथ्वी मण्डल का अवेक्षण अवलोकन-देख रेख नहीं करता था। वह वसंत के समान विजात्यानन्दन था, जिस प्रकार वसन्त ऋतु वि-जाती-आनन्दन विशिष्ट प्रकार के जातीपुष्पों या वि-पक्षियों की विभिन्न जातियों को आनन्दित करने वाला होता है, उसी प्रकार वह राजा विजाति नीच जाति के लोगों का समागम करने के कारण उनको आनन्दित करने वाला था। वह द्रुमार्दन वृक्षों का मर्दन करने वाले हेमन्त ऋतु के समान विदूरित कमलोत्सव था, जिस प्रकार हेमन्त कमल-उत्सव-कमलों के विकास को विदूरित-हिमदग्ध करने वाला होता है, उसी प्रकार वह मारिदत्त क-मल-उत्सव क-आत्मा के मल-हिंसादि पाप या विकार भावों के उद्योगों में रुचि रखने वाला था। वह पारिपुंख-बौद्धों के समान अनात्मनीन वृत्ति वाला था, जिस प्रकार बौद्ध दार्शनिक अनात्मनीन वृत्ति—आत्मा के अस्तित्व को नहीं मानते हैं उसी प्रकार वह राजा अनात्मनीन वृत्ति आत्म कल्याण कारिणी प्रवृत्ति वाला नहीं था। वह कमली—चन्द्र के समान दोषागमरुचि वाला था, जिस प्रकार चन्द्रमा दोषा-आगम-रुचि-दोषा—रात्रि के आगम—आने पर या बढने पर रुचि-कान्ति वाला होता है उसी प्रकार वह राजा दोष-आगम-रुचि—दोषपूर्ण शास्त्रों में रुचि या अनुराग रखने वाला था। वह राजा कांदिशीक—भयभीत पुरुष के समान अनवस्थित क्रिया वाला जिस प्रकार भयभीत व्यक्ति स्थिर क्रिया वाला नहीं होता है, उसी प्रकार वह मारिदत्त राजा न्यायमार्ग में

अवस्थित–स्थित क्रिया वाला नहीं था। वह प्रतिपदातिथि के चन्द्रमा के समान दुर्दर्श था, जिस प्रकार अमावस्या का निकटवर्ती प्रतिपदा का चन्द्रमा दुर्दर्श—सूक्ष्म होने के कारण कठिनाई से देखने योग्य होता है उसी प्रकार वह राजा सेवक जनों को कभी कभी बड़ी कठिनाई से दर्शन देता था। वह चक्रवाक पक्षी के समान वारवनिता प्रिय था, जिस प्रकार चकवा पक्षी वार्-अवनि-ता प्रिय–वार्-जलपूर्ण-अवनि–पृथ्वी सरोवर आदि से प्रेम करने वाला होता है उसी प्रकार वह राजा वारवनिता—प्रिय-वेश्या जनों से प्रेम करने वाला था। वह गाड़ी के चक्र के नाभि-मध्यभाग के समान अक्ष-आसक्त-इन्द्रियों के भोगों में आसक्त–लीन रहने वाला था, जिस प्रकार गाड़ी के चक्र का मध्यभाग अक्ष–धुरा या कीली से संलग्न होता है। वह शूर्पकारति—कामदेव के समान मधुलब्धा विजृम्भण था, जिस प्रकार कामदेव मधु-लब्ध-विजृम्भण-वसन्त-ऋतु के कारण अपना प्रसार करने वाला होता है उसी प्रकार वह मारिदत्त मधु-मद्यपान में प्रवृत्ति करने वाला था। वह राजा जलव्याल-मकरादि जलजन्तुओं के समान आच्छोदनाभिरत था, जिस प्रकार मकरादि जलजन्तु अच्छ-उद-नाभि–स्वच्छ जल के मध्यभाग में लीन रहते हैं उसी प्रकार वह राजा अच्छोदन-अभिरत-आच्छोदन–शिकार में संलग्न रहता था इसी प्रकार वह मारिदत्त राजा विपत्ति रूपी राक्षसी के समागम से रहित था। इस प्रकार इन समस्त दुर्गुणों से युक्त होता हुआ भी वह अपनी कल्याण परम्परा–राज्य लक्ष्मी आदि वैभव को दैवाधीन मानता था। इसी कारण वह 'मैं मनुष्य नहीं हूँ किन्तु देव हूं' ऐसा दूसरों के समक्ष प्रकट करता था।

एवं तस्य घरोद्धारकुलशिखरिणः करिण इव स्वच्छन्दाचारपरागकलुषितां निजवंशलक्ष्मीमुपयच्छमानस्य, क्षणमिन्द्रियाणामानन्दजननीमसुरवृत्तिं वीरकलावतारामिवात्मनि संकल्पयतः, परत्रेह च परिणामदारुणं मृगयादिव्यसनमेष खलु क्षत्रपुत्राणां कुलधर्म इति मन्यमानस्य, मरुषु पथिकस्येव मनोविभ्रमहेतुषु कथारतिरतृप्यतः,

परिपाकगुणकारिणीं क्रियामकल्पस्येव परोपरोधादुपयुञ्जानस्य, सत्पुरुषगोष्ठीं विषादप्यनिष्टतरां परिगणयतः, चेतोविजृम्भणकरमनुचरं वस्तुरप्यात्मतरमवेक्षमाणस्य, वितथस्तुतिमुखरेषु चिन्तामणेरिव फलतः, सकलजनसाधारणेऽपि स्वदेहे त्रिक्रमतदीक्षितस्येव देवभूयेनाभिनिविशमानस्य, निजाजीवनपरैरपायेषु नीयमानस्याप्यरण्यवारणस्येव चेतसः, खलालापानिलगलितहितोपदेशावतंसस्य, चन्दनतरोरिव दुर्जनाहिव्यूहितत्वाद्दूरतरोत्सरत्कल्याणावहलोकस्य कतिचित्संवत्सरा व्यतिचक्रमुः ।

हिन्दी अनुवाद—इस प्रकार अपने वंश की लक्ष्मी को स्वीकार करते हुये उस मारिदत्त राजा के कितने ही वर्ष व्यतीत हुये । वह पृथ्वी का उद्धार करने में कुल पर्वत के समान था तथा अपने वंश की लक्ष्मी को गजेन्द्र के समान स्वीकार कर रहा था । जिस प्रकार स्वच्छन्दचारी गजराज अपने वंश-लक्ष्मी-अपनी पीठ की शोभा को पराग-धूलि से कलुषित—धूसरित कर लेता है उसी प्रकार वह राजा भी अपने वंश की लक्ष्मी को स्वच्छन्दाचरणमनमाने व्यवहार रूपी धूलि से दूषित किया करता था । वह राजा थोड़ी देर के लिये ही स्पर्शनादि इन्द्रियों को आनन्द उत्पन्न करने वाली शिकार खेलना आदि व्यसनों से पूर्ण राक्षसी वृत्ति को अपनेअन्दर वीरों की कला के अवतार के समान विचारता था । वह राजा अगले जन्म तथा इस जन्म में कठोर परिणाम अत्यन्त दुःखरूप परिणाम वाले शिकार आदि व्यसनों को क्षत्रिय राजकुमारों का धर्म मानता था । मरुभूमियों में चलने वाले पथिक के समान वह राजा मन में भ्रान्ति उत्पन्न करने वाली कथाओं में अत्यन्त तृष्णा-आसक्ति रखता था । रोगी पुरुष के समान वह मारिदत्त फलकाल—उदयकाल या भविष्य में गुणकारिणी सदाचारादि क्रिया को दूसरे—हितैषी पुरुषों के आग्रह से करता था । जिस प्रकार रोगी पुरुष भविष्य में गुणकारी कडवी औषधि को डाक्टर या वैद्य के कठोर आग्रह से सेवन करता है उसी प्रकार वह राजा भी भविष्य में सुखदायी सद्व्यवहार को अपने हितैषी मित्रों की

प्रेरणा से ही किया करता था, स्वयं आत्मरुचि से नहीं। सज्जन पुरुषों की गोष्ठी—सन्तसमागम को विष से भी अधिक अनिष्ट समझता था। पाप-कार्यों में प्रवृत्ति कराने वाले सेवक जन को अपने पिता से भी अधिक हित-कारी मानता था। झूठी प्रशंसा करने वालों को चिन्तामणि रत्न के समान मनचाहे फल को प्रदान करने वाला था। शैवमत में दीक्षित पुरुष की तरह वह मारिदत्त सर्वसाधारण मनुष्यों के समान भी अपने शरीर को देव शरीर के समान समझता था। जिस प्रकार जंगली हाथी अपनी आजीविका में तत्पर शिकारी पुरुषों द्वारा गड्ढे आदि विनाशकारी स्थानों पर ले जाया हुआ भी सावधान नहीं होता है उसी प्रकार वह मारिदत्त भी स्वार्थी कर्म-चारियों द्वारा विनाशकारी स्थानों पर ले जाया जाता हुआ भी सावधान नहीं होता था। दुर्जन पुरुषों के वचनरूप वायु द्वारा उसका हितोपदेश रूप कर्णाभूषण नीचे गिरा दिया गया था। अर्थात् वह अपने हितकारी उपदेश को सुनता ही नहीं था। दुर्जन पुरुष रूपी सर्पों से वेष्टित चन्दन वृक्ष के समान उस मारिदत्त राजा के पास से उसका कल्याण करने वाले लोग दूर भाग जाते थे। इस प्रकार की प्रवृत्ति वाले उस मारिदत्त राजा के कितने ही वर्ष व्यतीत हुये।

स पुनरेकदा नृपतिरात्मराजधान्यामेव चण्डमारिदेवतायाः पुरतः सकलसत्वोपसंहारात् स्वयं च सकललक्षणोपपन्नमनुष्यमिथुन-वधाद्विद्याधरलोकविजयिनः करवालस्य सिद्धिर्भवतीति वीरभैरवनाम-कात्कुलाचार्यकादुपश्रुत्य खेचरीलोकलोचनावलोकनकुतूहलितचेतास्त-थैव प्रतिपन्नतदाराधनविधिः, अकालमहानवमीमहमिषसमाहूतसमस्त-सामन्तामात्यजानपदः, प्रलयकालक्षुभितसप्तार्णवरवघोरानकस्वाना-विर्भावितभुवनान्तरसंचरद्देवतामदः—

हिन्दी अनुवाद — एक बार उस राजा मारिदत्त ने अपनी ही राजधानी राजपुर नगर में 'चण्डमारि देवी के आगे समस्त जीवों के जोड़ों की बलि देने से और स्वयं सम्पूर्ण लक्षणों से युक्त मनुष्य युगल की बलि

देने से विद्याधरों के समूह को जीतने वाले खड्ग की सिद्धि होगी'। इस प्रकार का उपदेश वीरभैरव नाम के कुलाचार्य—कुलगुरु से सुनकर विद्याधरियों के नेत्रों के अवलोकन में उत्कण्ठित होकर उसी प्रकार से बलि द्वारा उस चण्डमारी देवी की पूजा विधि को करना स्वीकार किया। अतएव चैत्रशुक्ला नवमी के दिन की जाने वाली पूजा के बहाने से अपने समस्त सामन्तों, मंत्रियों और प्रजाजनों को बुलाया तथा-प्रलयकाल में क्षुभित हुये सप्तसमुद्रों की ध्वनि के समान भयंकर भेरी के शब्दों द्वारा पृथ्वीमण्डल या घूमने वाली देविओं के हर्ष को प्रकट किया—

ससंरम्भभमम्बरतलादिलायाः पातालमूलाद्दिगन्तरालेभ्यश्च विभावर्या तमः संततिभिरिवाविर्भवन्तीभिः, गतिवेगविगलज्जटा जालाक्षिप्यमाणमहाग्रहव्राहक्षोभरुषितगगनगामिलोकाभिः, परस्पर संघट्टस्फुटत्खट्वाङ्गकोटिघटितघण्टाटंकृताकर्णनावतीर्णनटन्नारदजनितवैलक्ष्याभिः कपर्दनिर्दयसंमर्दनिर्मोदालगर्दगलगुहास्फुरत्फूत्कारस्फारितललाटलोचनानलज्वालाग्लपितादितिसुतनिकेतनपताकाभोगाभिः, शिखण्डमण्डनोड्डमरनरशिरःश्रेणिपर्यन्तभ्रान्तप्रबृद्धगृद्धनिरुद्धब्रह्मदीधितिप्रबन्धाभिः, श्रवणभूषणभुजङ्गजिह्वालिह्यमानकपोलतललिखितरक्तपत्राभिः, इतरेतरस्खलनमत्सराविर्भूतोद्भटभ्रकुटिभीषणमुखमुक्तस्फीतफेत्कारभयपलायमानहिमकरहरिणपरित्राणोत्तालितनक्षत्रनिकराभिः, वियद्विहाराश्रयश्रमप्रसारितासरालरसनापसारितसुरापगापयःस्पर्शप्रकोपितसप्तर्षिभिः, अतिबाढप्ररूढदंष्ट्राङ्कुराग्रलग्नघनसंघातनिर्जितवराहवेषविष्णुसमुद्धृतधराशोभाभिः, सनादरोदःक्रोडक्रीडत्क्रमाक्रान्तिमुखरघर्घरकघोरघोषभीषितानिमिषपरिषद्भिः, दिवापिकीकसोत्कटकोटीरकीर्णकेशावकाशतया तारकितमिव व्योमनिर्मापयन्तीभिः, सकलस्य जगतः क्षयक्षपाभिरिवातिदारुणदीर्घदेहाभिर्महायोगिनीभिरापूर्यमाणपरिसरम्—

हिन्दी अनुवाद—तथा उसने महाव्यन्तरी देवियों से परिपूर्ण प्राङ्गण वाले चण्डमारी देवी के मन्दिर में पहुंचकर और उस देवी के चरणपीठ के समीप बैठकर पश्चात् यमराज के नगर के मार्ग के समान हाथ में पकड़े हुये खड्ग से देवदानवों के समूह को भय से प्रकंपित कर बलि देने के उद्देश्य से मनुष्यों के जोड़े को लाने के लिये चण्डकर्म नामक कोटपाल के योद्धाओं को आदेश दिया-इस प्रकार आगे क्रिया कारक सम्बन्ध है।

जिन महाव्यन्तरी देवियों से वह देवी के मंदिर का प्राङ्गण परिपूर्ण था, वे व्यन्तरी देवियां रात्रि में प्रकट होने वाली अन्धकार की श्रेणियों के समान बड़े विस्तार रूप में आकाश प्रदेश, भूमध्यभाग, अधोलोक के मूल भाग तथा चारों दिशाओं और विदिशाओं से प्रकट हो रही थीं, उन्होंने गमन के वेग से छूटे हुये केश समूहों से तिरस्कृत किये गये सूर्यादि महाग्रहों तथा पिशाचों के संचार से विद्याधरों को कुपित कर दिया था, उन्होंने परस्पर में टकराने से फूटते हुये नरपञ्जरों अथवा डमरूओं के अग्रभाग में बंधे हुये घंटों की टंकार को सुनकर आकाश में आये हुये तथा नृत्य करते हुये नारद की आशा को तोड़ दिया था, उन्होंने सर्पों से बंधे हुये जटाजूट के निर्दयतापूर्वक बांधने के कारण हर्ष रहित सर्प विशेषों के कण्ठ विवरों से निकलते हुये फूत्कारों से बढ़ी हुई ललाटनेत्रों की अग्निज्वालाओं से सूर्य के विमान की ध्वजाओं के विस्तार को भस्म कर दिया था, उन्होंने मस्तक के आभूषण स्वरूप, अत्यन्त भयानक नरमुण्डों के समूहों के प्रान्तभागों पर घूमते हुये महागृद्धपक्षियों से सूर्य की किरणों के समूह को ढक दिया था, उनके गालों पर खून से चित्रित पत्र रचनायें कानों के आभूषण स्वरूप सर्पों की जिह्वाओं से चाटी जा रहीं थीं, उन्होने परस्पर की गतिभङ्ग के कारण उत्पन्न द्वेष से प्रकट हुये भ्रूभङ्गों से भयानक मुखों से निकलते हुये फूत्कारों के भय से भागते हुये चन्द्रमा के हरिण की रक्षा करने के लिये नक्षत्र समूह को उत्सुक व्याकुल कर दिया था, उन्होंने आकाश में घूमने के कारण उत्पन्न थकान से निकाली हुई लम्बी जिह्वाओं से पिये हुये किन्तु उगले हुये आकाश गङ्गा के जल का स्पर्श करने के कारण मरीचि, अत्रि आदि सप्तर्षियों को क्रोधित कर दिया था. उन्होंने अत्यधिक रूप में मुख से बाहर निकाली हुई

दाढ के अग्रभाग पर स्थित मेघसमूह के द्वारा वराह वेषधारी भगवान् विष्णु द्वारा धारण की हुई पृथ्वी की शोभा को जीत लिया था, उन्होंने आकाश और पृथ्वी के मध्य में ध्वनि सहित क्रीडा करने वाले अपने पैरों की व्याप्ति से मुखरित घुर्घुरमालाओं के भयंकर शब्द से देवसमूह को भी भयभीत कर दिया था, जो हड्डियों से निर्मित उत्कट मुकुटों पर फैलाये हुये बालों के प्रसार से मानों दिन में भी आकाश को ताराओं से युक्त कर रहीं थी, समस्त संसार की प्रलयकालीन रात्रियों के समान अत्यन्त दारुण—असह्य एवं दीर्घ शरीर वाली उक्त प्रकार की उन महायोगिनियों—व्यन्तरी देवियों से परिपूर्ण प्राङ्गण वाला वह चण्डमारी देवी का मन्दिर था।

अपि च क्वचित्प्रनृत्यदुत्तरलतालवेतालकुलविडिम्ब्यमानडाकिनीताण्डवाडम्बरम्, क्वचिद्भ्रूभङ्गाभीलभूतनिर्भर्त्सितकपिच्छपाचरभरभज्यमानाभ्यर्णभूरुहम्, क्वचित्करोड्डमरडमरुकरवलयखेलत्कपालनीत्रिशूलवलगननिर्भिन्नद्रवदुत्तप्तसचन्द्रामृतपानपरचकोरकामिनीकर्बुरीक्रियमाणककुभाभोगम्, क्वचिदुन्माथप्रमाथसार्थकदर्थ्यमानपिथुरार्पितजरुथमन्थरकपालशकलम्, क्वचित्संधुक्षितक्षुदक्षुण्णाकांक्षध्वाङ्क्षराक्षसक्षिप्यमाणपक्षरक्षितक्षेत्रनिक्षिप्तबलदेवतापोतम्, क्वचित्तरक्षुरक्षोदशनदार्यमाणास्थिप्रस्थम्, क्वचित्कौशिकपलाशतुण्डखण्ड्यमानावानाजिनवैजयन्तीकम्, क्वचिच्छार्दूलदानववदनविदूयमानचिरच्छिन्नच्छगलगलजालजटिलतोरणमालम्, क्वचित्कासरासुरखुरप्रचारचूर्ण्यमानकरङ्कप्राकाराम्, क्वचित्करिरूपकोणपकरालकरविकीर्यमाणजीर्णचर्मविनिर्मितवितानम्, क्वचित्पुरुदंशोनिशाचरखरनखरशिखोल्लिख्यमानाश्यानशोणितदत्तभित्तिपङ्काङ्गुलम्, क्वचिदखर्वगर्वोद्गूर्णगोमायु-

नैगमे (कषे) यजुष्याणपानपात्रासवनिपकर्परम्, क्वचित्साध्वलोक-निजशिरोदह्यमानगुग्गुलरसम्, क्वचिन्नरव्यालप्रबोधितस्वीयशिरावलि-प्रदीपम्, क्वचिन्महासाहसिकात्मरुधिरधारापानप्रसाद्यमानरुद्रम्, क्वचिन्महाव्रतिकवीरक्रयविक्रीयमाणस्ववपुर्लूनवल्लूरम्, क्वचित्तीक्ष्ण-पुरुषापकृष्टस्वकीयान्त्रयन्त्रदोलनतोष्यमाणमातृमण्डलम्, क्वचित्पुरुष-मनीषमनुष्यात्मीयतरसाहुतिहूयमानसप्तजिह्वम्, यमस्यापि कृतशङ्कात-ङ्कम्, महाकालस्यापि विहितसाध्वसोद्रेकम्, समस्तसत्वसंहारायतनम्—

हिन्दी अनुवाद—और वह चण्डमारी देवी का मन्दिर ऐसा था कि जहां किसी स्थान पर नाचते हुये अतएव उत्कट रूप में ताल बजाते हुये बेतालों के समूहों द्वारा डंकनियों के ताण्डव नृत्य का प्रसार बाधित किया जा रहा था, कहीं पर भ्रकुटियों के टेढ़े करने से भयंकर भूतों द्वारा भगाये गये वानर रूपी राक्षसों के भार से पास के वृक्ष टूटे जा रहे थे, कहीं हाथों में लिये हुये अत्यन्त भयंकर डमरुओं के शब्द के लय से क्रीडा करती हुई व्यन्तरनियों के त्रिशूलों के उछलने से छिद्रित अतएव बहते हुये मुकुट-चन्द्रों के अमृत का पान करने में तत्पर चकोरनियों द्वारा दिशाओं के भाग विचित्र वर्ण वाले किये जा रहे थे, कहीं पर हिंसक पिशाच समूहों से पीडित राक्षसों के द्वारा दिये गये गीले मांस से भरे हुए खप्परों के टुकड़े पड़े हुये थे, किसी स्थान पर अत्यन्त तीव्र भूख से खाने की तीव्र आकांक्षा वाले काकरूप राक्षसों के द्वारा यक्षों से सुरक्षित स्थान पर छोड़े गये वनदेवियों के बालक गिराये जा रहे थे, कहीं जंगली कुत्तों रूप राक्षसों के द्वारा पुरानी हड्डियों के भाग तोड़े जा रहे थे, कहीं पर उल्लू रूप राक्षसों के चञ्चु पुटों द्वारा शुष्क चमड़े की ध्वजायें काटी जा रही थीं, किसी स्थान पर व्याघ्ररूपी राक्षसों के मुखों से चबाये गये तथा बहुत समय से काटे गये गल समूहों की जटाओं से बन्दनमालायें

उपलक्षित व्याप्त हो रहीं थीं, कहीं पर भैंसासुरों के खुरों के चलने से पशुओं के शुष्क शरीर रूप दुर्ग तोड़े जाते थे – चूर चूर किये जाते थे, कहीं पर गजासुरों के ऊंचे उठाये हुये शुण्डादण्डों से सूखे चमड़े से बने हुये चंवोवे फेंके जा रहे थे, कहीं पर विलाव रूप राक्षसों के तीव्र नाखूनों के अग्रभागों से शुष्क रक्त निर्मित भित्ति चित्र नोंचे जा रहे थे, किसी स्थान पर महान् अहंकारी शृगाल रूप राक्षसों के द्वारा शराब के घड़ों के खप्पर-टुकड़े चाटे जा रहे थे, कहीं पर मंत्र साधकों द्वारा अपने मस्तकों पर गुग्गुल का रस जलाया जा रहा था, कहीं पर नरव्यालों–दुष्ट पुरुषों द्वारा अपनी नसों की पंक्तियों के दीप जलाये जा रहे थे, किसी स्थान पर महान् साहसी पुरुषों द्वारा अपने खून की धारा को पीने से रुद्र भ० शंकर को प्रसन्न किया जा रहा था, कहीं पर चार्वाक भटों द्वारा अपने शरीर का काटा हुआ मांस कीमत से बेचा जा रहा था, किसी स्थान पर निर्दय – दुष्ट पुरुषों के द्वारा अपने पेट से बाहर निकाली हुई आंतों के (हिलाने डुलाने आदि का खेल दिखाने से) सप्तमातृकाओं (ब्राह्मी, माहेश्वरी, कौमारी, वैष्णवी, वराही, इन्द्राणी तथा चामुण्डी) को आनन्दित किया जा रहा था, कहीं पर निर्दय बुद्धि वाले पुरुषों द्वारा अपने ही मांस की आहुतियों से अग्नि तृप्त किया जा रहा था, जो यमराज के भी मृत्यु की आशंका पैदा करने वाला था, जो महाकाल— रुद्र को भी भय उत्पन्न करने वाला था तथा जो समस्त जीवों के संहार का स्थान था—

देवतायतनमुपगम्योपविश्यच तत्पादपीठोपकण्ठेकीनाशनगरमार्गानुकारिणा करार्पितेन तरवारिणा प्रकम्पितसुरासुरलोकस्तन्मिथुनाय दण्डपाशिकभटानादिदेश।

हिन्दी अनुवाद—इस प्रकार के देवायतन–चण्डमारी देवी के मंदिर में पहुंचकर और उसके चरणपीठ के पास बैठकर उस मारीदत्त राजा ने यमराज के नगर में पहुंचने (मृत्यु) के मार्ग के समान हाथ में पकड़े हुये

खड्ग से देवदानवों के समूह को भयभीत कर बलि देने के उद्देश्य से मनुष्यों के जोड़े को लाने के लिये चण्डकर्म नामक कोटपाल के योद्धाओं को आदेश दिया।

अत्रान्तरे भगवानमरचूडामणिमयूखशेखरितचरणनखशिखोल्लेखपरिधिः, सुदत्तापरनामनिधिः, अनाश्वान् आश्चर्यपर्यायाचार्यचातुर्योद्भूतभावनाप्रभावप्रकम्पितायातवितनवनदेवतोत्तंसप्रसूनमकरन्दस्यन्ददुर्दिनीकृतक्रमः, सकलसिद्धान्तसमर्थतीर्थप्रार्थनपदार्थसार्थसमर्थनातिशयविशेषसाक्षाद्भवत्सरस्वतीकरक्रीडाकमलकल्पित सपर्यः, चतुरुदधिरोधः सविधवनविनिषण्णकिंनरीवदनविरोचनविकास्यमानयशः कुशेशयावतंसितजलदेवतासमाजः, समस्तसमयानवद्यविद्याविदग्धबुधप्रकाण्डपुण्डरीकमण्डलीमार्तण्डः, कृत्स्नदिगन्तविश्रान्तविश्रुतशिष्यश्रेणिसमीरपथप्रथमान — कीर्तिकलहंसीनिवासीकृतनिखिलभुवनाभोगः, शुद्धाभिःसंधिसमाधिविधुविशेषोन्मेषनिर्विषीकृतविषविषमदोषकलुषविषयविषधरः, प्रसंख्यानपविपावकप्लुष्टानुत्थानमन्मथमदोद्रिक्तरुद्रस्मरविजयः—

हिन्दी अनुवाद—'इसी अवसर पर' (चैत्र शुक्ला नवमी के दिन) एक सुदत्त' नाम के आचार्य ने राजपुर नगर के 'नन्दनवन' नामक उद्यान को देखा'। इस प्रकार आगे क्रिया कारक सम्बन्ध है।

वे सुदत्त आचार्य इन्द्रादि से पूज्य हैं। उन्होंने देवों के मस्तक मणियों की किरणों में अपने पैरों के नाखूनों के अग्रभागों के मण्डल को मुकुटित

किया है, वे 'सुदत्त' इस दूसरे नाम की अक्षय निधि रूप हैं, अनशनशील अथवा अनेक उपवासों को करने वाले हैं, आश्चर्ययुक्त धर्मसाधना के कारण उत्पन्न 'आत्मा और कर्म' के भेदविज्ञान की भावना के प्रभाव से पहिले प्रकम्पित किन्तु बाद में आकर चरणों में झुके हुये वनदेवियों के मुकुटों के पुष्पों के रस के क्षरण से उन आचार्य के दोनों चरणकमल दुर्दिनीकृत—अन्धकार युक्त से हो गये थे, जिन जैमिनीय कपिल गौतमचार्वाक तथा बौद्धों द्वारा रचित समस्त सिद्धान्त-शास्त्र रूप समर्थतीर्थ में प्रतिपादित पदार्थ समूहों का विशिष्ट ज्ञान रखने के कारण साक्षात्—प्रकट हुई सरस्वती देवी के हाथों पर स्थित क्रीडा कमलों से जिनकी पूजा की गई थी, चारों समुद्रों के किनारों के समीपवर्ती वनों में रहनेवाली किन्नरियों के मुखरूपी सूर्यों द्वारा विकसित जिनके यश रूपी कमलों से जलदेवियों के समूह ने अपने कर्ण-भूषण बनाये थे, वे आचार्य समस्त जैनागम के निर्दोष ज्ञान में प्रवीण, प्रकाण्ड विद्वान् रूप श्वेत कमलसमूह को विकसित करने के लिये सूर्य के समान थे, समस्त दिशाओं के प्रान्तों में स्थित श्रुतज्ञानी शिष्यों के समूह रूपी आकाश में व्याप्त जिनकी कीर्ति रूपी राजहंसी समस्त पृथ्वीमण्डल में निवास कर रही थी, रागद्वेष मोहादि रहित शुद्ध मनोभिप्राय से युक्त समाधि—ध्यान रूपी विशिष्ट चन्द्रोदय से हालाहल विष के समान अत्यन्त तीव्र पापकर्म से कलुषित इन्द्रियों के विषयरूप विषधर—सर्प को जिन्होंने निर्विष—विष रहित कर दिया था, धर्म तथा शुक्ल ध्यान रूपी वज्राग्नि से सर्वथा जलाये गये अतएव फिर से पैदा न हो सकने वाले काम के मद से जिन्होंने भ० शंकर के कामविजय को तिरस्कृत कर दिया था,—

अरजस्तमोबहुलोऽप्याततगुणधर्मधरः, अकिंचनोऽपि रत्नत्रय निवासः, अविभूषणोऽपि सुवर्णालंकारः, अविषमलोचनोऽपि सम्पन्नो मासमागमः, अकृष्णोऽपि सुदर्शनविराजितः, असङ्गस्पृहोऽपि जातरूपप्रियः, अशुद्धनयनीतिरपि महाभागचरितः, अकठिनवृत्तिरपि क्षमास्वभावः, अव्यालहृदयोऽपि नियमित करणग्रामः, उदयाचलस्तपस्तपनस्य, कौमुदीचन्द्रः करुणामृतनिश्चयोतस्य, मानसप्रदेशः सरस्वती वारलायाः, प्रभवपर्वतः प्रशममन्दाकिनीप्रवाहस्य, उत्पत्तिक्षेत्रं सौजन्यबीजस्य, उदाहरणं गम्भीरतायाः, निदर्शनमौदार्यस्य प्रसूति स्थानं महिम्नः, प्रत्यादेशोऽभिध्यायाः, निधिर्धैर्यस्य, आकरावनिश्चसर्वगुणमणीनाम् ।

संस्कृत व्याख्या—स सुदत्ताचार्यः अरजस्तमो बहुलोऽप्याततगुणधर्मधरः रजोगुणतमोगुणजन्यप्रताप पराक्रमयुक्तप्रकृत्याधिक्य रहितोऽप्यारोपित प्रत्यञ्चाचापधरः इति तु विरोधो यः खलु प्रताप पराक्रम युक्त प्रकृत्याधिक्यरहितः स कथमारोपित प्रत्यञ्चा चापधरो भवितुमर्हति । तत्परिहारस्तु रजः पापं तमोऽज्ञानम् न रजस्तमोबहुलोऽरजस्तमो बहुलोऽपि निश्चयेनातिता विस्तीर्णभेदा ये गुणाः धर्मश्चरित्रं रत्नत्रयं चोत्तमक्षमादिकश्च दशविधः तधरतीत्याततगुणधरः । एवं चाकिञ्चनोऽपि दरिद्रोऽपि रत्नत्रयनिवासः माणिक्यत्रयनिवास इति तु विरोधो यः खल्वकिञ्चनो दरिद्रः स कथं माणिक्यत्रय निवासो भवितुमर्हति, तत्परिहारस्तु—अकिञ्चनो नास्ति किञ्चन धनमस्येत्यकिञ्चनो निर्ग्रन्थाचार्यवर्योऽपि निश्चयेन रत्नत्रयनिवासः सम्यग्दर्शनज्ञानचारित्रमन्दिरम् । तथा च सोऽविभूषणोऽपि सुवर्णालंकारः, न विद्यन्ते-

भूषणान्याभरणानि यस्येति सोऽविभूषणः सः कथं सुवर्णालंकारयुक्तो भवितुमर्हति । तत्परिहारस्तु अः सर्वज्ञोऽर्हन् स विभूषणं मण्डनं यस्य सोऽविभूषणोऽपि निश्चयेन सुवर्णो राजकुलं पुण्यगुणकीर्तन लक्षणं यशश्च सोऽलंकारो मण्डनं यस्येति सुवर्णालंकारः । पुनश्च सोऽविषमलोचनोऽपि सम्पन्नोमासमागमः, अविषमलोचनोऽप्यत्रिलोचनोऽपि सम्पन्नोमासमागमः परिपूर्णपार्वतीसंभोग इति तु विरोधः, यः खल्वत्रिलोचनोऽशिवः स कथं पार्वतीसंभोगयुक्तो भवितुमर्हति तत्परिहारस्तु—अविषमलोचनः विषस्य हालाहलस्य मा लक्ष्मीर्यस्यास्ते विषमेते च ते लोचने विषमलोचने, न विद्येते विषमलोचने यस्य सोऽविषमलोचनः, अक्रूरदृष्टित्यर्थः । रागद्वेषरहितसमदर्शी, अथवा शास्त्रोक्तलोचनसंयुक्तोऽपि निश्चयेन सम्पन्ना परिपूर्णा या उमा कीर्तिः समश्च समतापरिणामः सर्वजीवेषु साम्यमागमश्च सिद्धान्तो यस्येति स इति तथोक्तः । पुनश्च सोऽकृष्णोऽपि सुदर्शनविराजितः, स सुदत्ताचार्योऽकृष्णोऽपि सुदर्शननाम्नाचक्रेण विराजितः शोभितः इति तु विरोधः, यः खलु अकृष्णो नारायणो न भवति स कथं सुदर्शन चक्रेण शोभितो भवितुमर्हति, तत्परिहारस्तु—अकृष्णोऽपापकर्मा सुदर्शनेन शोभनाकारेण सम्यग्दर्शनेन वा सद्भावालोकनमात्रेण वा सुदर्शनवत् मेरुविशेषवत् विशेषेण राजितः सुदर्शनराजितः । पुनश्च सोऽसङ्गस्पृहोऽपि जातरूपप्रियः, असङ्गस्पृहोऽविद्यमाना सङ्गेरग्रिहे स्पृहा वाञ्छा यस्य सोऽसङ्गस्पृहोऽपि जातरूपप्रियः सुवर्णप्रियः इति तु विरोधः तत्परिहारस्तु—असङ्गेषु कर्ममलकलङ्करहितेषु सिद्धेषु स्पृहा वाञ्छा यस्येत्यसङ्गस्पृहोऽपि निश्चयेन जातरूपप्रियोनग्नरूपप्रियः । पुनश्च सोऽशुद्धनयनीतिरपि महाभागचरितः, ननु योऽशुद्धनयनीतिरन्यायवृत्तिः स महाभागचरितः पुण्यकर्मेश्वरः कथंभवितुमर्हति इति तु विरोधस्तत्परिहारस्तु-परस्पर-सापेक्षो वस्तुधर्मनिरूपणप्रायोऽशुद्धनयस्तत्रनीतिः प्रवृत्तिर्यस्य सोऽशुद्धनयनीतिरपि निश्चयेन महाभागो महाभागः महाभा, महती-आभा-महोद्योतः तया गच्छति तत् चरितं चरणं यस्य स महाभागचरितः । पुनश्च सोऽकठिनवृत्तिरपि क्षमास्वभावः, पदच्छेदं अ-कठिनवृत्तिः कठोर स्वभावोऽपि क्षमास्वभाव इति तु विरोधस्तत्परिहारस्तु—अकठिन वृत्तिरपि अकठिना गृहस्थानामपीडनकरी भ्रामरिवृत्तिराजीविकाऽऽहारो यस्य सोऽकठिनवृत्तिरपि

क्षमास्वभावः सर्वप्राणिषु अक्रोधस्वरूपः। पुनश्च सोऽव्यालहृदयोऽपि नियमितकरणग्रामः, अव्यालहृदयोऽपि न व्यालः; सर्पो हृदये कण्ठे यस्य सोऽव्यालसहृदयो यो महादेवो नास्ति स त्रिपुरदाहसहितः कथं भवितुमर्हतीतितुविरोधस्तत्परिहारस्तु—अव्यालमदुष्टं हृदयं मनो यस्य सोऽव्यालहृदयोऽपि नियमितो वशीकृतः करणग्राम इन्द्रियसमूहो येन सः एवं भूतः स सुदत्ताचार्यः। विरोधाभासालंकारः।

हिन्दी अनुवाद—वे सुदत्ताचार्य रजोगुण और तमोगुण जन्य प्रताप तथा पराक्रम युक्त स्वभाव के आधिक्य से रहित होकर भी आतत—चढ़ाई गई गुण-प्रत्यञ्जा—डोरी से युक्त धनुष को धारण करने वाले थे यह तो विरोध है, इसका परिहार है कि वे सुदत्ताचार्य पाप तथा अज्ञान की अधिकता से रहित होकर के भी अनेक भेदों से युक्त गुण तथा चारित्र धर्म या रत्नत्रय रूप धर्म अथवा उत्तम क्षमादि दश प्रकार के धर्म धारण करने वाले थे, वे अकिञ्चन—दरिद्र हो कर भी रत्नत्रय-तीन रत्नों—मणियों वाले थे, यह तो विरोध है, इसका परिहार है कि वे आचार्यवर अकिञ्चन धनादि परिग्रह से रहित होकर भी सम्यग्दर्शन, सम्यग्ज्ञान तथा सम्यक् चारित्ररूप रत्नत्रय के निवास स्थान थे, वे आचार्य आभूषणों से रहित होकर भी सुवर्ण भूषणों से युक्त थे, यह तो विरोध है, इसका परिहार है कि वे असर्वज्ञ-अर्हन्त रूप—भगवान् जिनेन्द्र रूप आभूषणों से युक्त होकर के भी सु-वर्ण-अलंकार राजकुल अथवा पुण्यगुणानुकीर्तिरूप भूषण से युक्त थे, वे अ-विषमलोचन—त्रिलोचन-भ० शंकर न होते हुये भी सम्पन्न-उमा-समागम—पार्वती के समागम को करने वाले थे, यह तो विरोध है, इसका परिहार है कि वे अविषमलोचन—अविषमलोचन—क्रूरदृष्टि से रहित अथवा रागद्वेष रहित समदर्शी अथवा शास्त्ररूपी लोचननेत्र से युक्त होते हुये भी सम्पन्न-उमा-सम-आगम—उमा-कीर्ति, सम—समताभाव तथा आगम-सिद्धान्त शास्त्रों के पूर्ण ज्ञाता थे, वे अ-कृष्ण—कृष्ण न होते हुये भी सुदर्शनचक्र से सुशोभित थे, यह तो विरोध है, इसका परिहार है कि वे अ-कृष्ण—पापकर्म से रहित होकर भी वे सु-दर्शन-राजित—सुन्दर आकार वाले अथवा सम्यग्दर्शन से

सुशोभित अथवा सद्भावना पूर्ण दृष्टि से युक्त अथवा सुमेरुपर्वत के समान सुशोभित थे, वे आचार्य प्रवर धनधान्यादि परिग्रह में इच्छा न रखते हुये भी सुवर्णप्रिय थे, यह तो विरोध है, क्योंकि जो धनधान्यादि परिग्रह में वाञ्छा नहीं रखता है वह सुवर्णप्रिय कैसे हो सकता है ? परिहार है कि वे कर्ममल रहित सिद्ध परमेष्ठी में इच्छा रखते हुये भी जातरूप-यथाजातरूप-नग्न दिगम्बर स्वरूप को धारण करने वाले थे, वे आचार्य अन्यायवृत्ति वाले होते हुये भी महाभाग—पुण्यशाली पुरुषों के चरित्र वाले थे, यह तो विरोध है, इसका परिहार है कि वे परस्पर सापेक्ष वस्तु धर्म का निरूपण करने अशुद्धनय की प्रवृत्ति वाले होते हुये महान् प्रकाशरूप निर्मल चरित्र को धारण करने वाले थे, वे कठिन वृत्ति वाले होते हुये भी क्षमा स्वभाव वाले थे, यह तो विरोध है, इसका परिहार है कि वे अकठिन-कठोरता रहित—गृहस्थों को पीड़ा न पहुँचाने वाली मधुकरी वृत्ति से युक्त होते हुये भी क्षमा-स्वभाव वाले थे तथा वे आचार्य प्रवर अ-व्याल-हृदय—सर्पयुक्त कण्ठ वाले-भगवान् शंकर न होते हुये भी नियमित-करण-ग्राम—त्रिपुर दाह के समय करण—अपने गण तथा शारीरिक ग्राम--अवस्था विशेष को वद्ध करने वाले थे अर्थात् त्रिपुर दाह युक्त थे, यह तो विरोध है, परिहार है कि वे आचार्य अ-व्याल हृदय-दुष्ट हृदय वाले न होते हुये भी इन्द्रिय समूह को वश में करने वाले थे।

उदयाचलस्तपस्तपनस्येत्यादि—

हिन्दी अनुवाद—वे सुदत्त आचार्य तप रूपी सूर्य के उदयाचल—उदय गिरि थे, करुणा रूपी अमृत-प्रवाह के लिये कीर्तिकी पूर्णमासी के चन्द्र थे, सरस्वती रूपी राजहंसी के लिये मानसरोवर थे, प्रशम-शान्ति रूपी गंगा के प्रवाह के लिये हिमालय थे, सज्जनता के बीज के उत्पत्ति स्थान थे, गंभीरता के उदाहरण थे, उदारता के भी उदाहरण थे, महात्म्य—बड़प्पन के उत्पत्ति स्थान थे, अभिध्या—परधन तथा पञ्चेन्द्रियों की विषयों की आकांक्षा के निराकरण थे, धैर्य के निधि तथा समस्त गुण रूपी मणियों की प्राप्ति के लिये रोहणाचल एवं सिंहलादि द्वीपों की भूमि थे। समुच्चयालंकार।

यस्य च सकलसत्त्वसंचरणसंकोचिनि, शिशिरकणमंजरीजालजय-विजृम्भमाणानिलकुले, सकलजगच्चण्डव्यथावेपथुस्फारिणि, विरसरसद्-वशदेशकदशनवीणे, बिलमूलकोटरकुटीसंकुचितदालगर्दपरिषदि, हिम-पृषतपलिताङ्कुरितकुटहारिकाकुन्तलकलापे, मृगयूथरोमन्थसामर्थ्य-कदर्थिनि, प्रालेयलवमुक्ताफलितकरटिरिपुरोमभागे, व्रजपालविलासिनी-कपोलविधुवैशद्यशातिनि, हलाजीवजायापदपद्मलाक्षण्यलोपिनि, वने-चरवनिताधरदलकान्तिकर्शिनि, मुनिकामिनीकरकिसलयकृततरङ्गसङ्गे, द्विजकण्ठकुण्ठताविधायिनि, विप्रलब्धपुरन्ध्रीस्तनभारजनितजानुसंबाधे, कुचकुहरोपसर्पणरतपोतखेदितबालवतीचेतसि—

हिन्दी अनुवाद—जिस पूज्य ऋषिवर सुदत्ताचार्य की रातें हेमन्त-शीत ऋतु में सुख से बीतती थीं, इस प्रकार आगे क्रियाकारक सम्बन्ध है। यहां से आगे तक सब हेमन्त ऋतु के विशेषण हैं। जो हेमन्त ऋतु समस्त जीवों के आने जाने को कम करने वाली है, जिसमें हिमकणों के समूह को भी तिरस्कृत करने वाला वायुमण्डल बह रहा है, जो समस्त संसार को तीव्र वेदना तथा कम्पन को बढ़ाने वाला है, जिसमें पराधीन पथिकों की दन्तपंक्ति रूपी वीणा नीरसता से शब्द कर रही है, जिस हेमन्त ऋतु में बिल-बाँमी के मूलभाग रूपी कोटर-कुटी में सर्पों का समूह सिकुड़कर बैठा हुआ है, जिसमें हिमकणों के द्वारा घड़ों को धारण करने वाली दासियों के केशसमूह सफेद बालों जैसे किये जा रहे हैं, जो हिरणों के समूह की जुगाली की सामर्थ्य को पीड़ित करने वाला अर्थात् कम करने वाला है, जिसमें हिमकणों के द्वारा सिंहों की गर्दनों के बाल मोतियों से व्याप्त से किये जा रहे हैं, जो गोकुल के ग्वालों की ग्वालनियों के गालरूपी चन्द्रों की निर्मलता को नष्ट करने वाला है, जो कृषक वधूटियों के चरण कमलों के सौन्दर्य को नष्ट करने वाला है, जो वनेचरों की वनिताओं के ओष्ठपल्लवों की कान्ति को कृश करने वाला है, जो मुनि कामनियों के कर किसलयों-पल्लवों का तरङ्गसमागम करने वाला है, जो ब्राह्मणों के कण्ठों की कुण्ठता को करने वाला है, जो विरहिणी स्त्रियों के स्तनों के भार से उनके ही घुटनों को बाधा उत्पन्न करने वाला है,

जिसमें बालवती स्त्रियों का मन उनके दोनों स्तनों के मध्य में प्रवेश करने में तत्पर बालक द्वारा परेशान किया जा रहा है।

विदूरितरम्भोरूभूषणाभिलाषे, सहसुप्तमिथुनघनालिङ्गनादेशनि, निरन्तरमुल्लसन्तीभिः करतलपरामर्शसुखविलोपनसूचीभिरिव तनूरुहराजिभिः कण्टकितानि कुर्वति शबरसहचरीवक्षोजमण्डलानि, शिथिलयति दुर्विधकुटुम्बेषु जरत्कन्थापटच्चराणि, नर्तयति पथिकेषु पाणिपल्लवानि, विरचयति दयितोदवसितमनुसरन्तीनामभिसारिकाणामरालपक्ष्माग्रलग्नैस्तुषारासारशीकरैर्लुलितशौक्तिकेयशुक्तिपुटस्पर्धीनिविलोचनानि, संतानयति तापसीनामूरूपर्यन्तपाटलपटलकारिषु, बृहद्धानुषु स्पृहयालुताम्, ध्वानयति पवर्णलयमनोहराणि गर्भरूपलपनेषु पटहवाद्यानि, मन्दयति चण्डरोचिषोऽपि तेजः स्फुरितिमानम्।

हिन्दी अनुवाद—जिस हेमन्त ऋतु के समय में अत्यधिक शीत के कारण सुन्दरी स्त्रियों द्वारा आभूषणों को पहनने की इच्छा दूर कर दी गई है, जो एक साथ सोने वाले दम्पतियुगल को गाढालिङ्गन करने का आदेश देता है, जो निरन्तर प्रकट होने वाली तथा हथेली के स्पर्श से पीड़ा पहुँचाने वाली लोहे की सुईयों के समान रोमाञ्च पंक्तियों से भीलों की स्त्रियों के स्तनयुगलों को कण्टकित करता है, जो दरिद्र कुटुम्बी जनों की पुरानी कथडी या गुदड़ी को फाड़ता है, जो पथिकों के करपल्लवों को कंपाता है, जो अपने प्रेमियों के घरों की ओर जाने वाली अभिसारिकाओं के नेत्रों को तिरछे नेत्र-रोगों के अग्रभाग में संलग्न हिमकणों से मोतियों से युक्त प्रान्त भाग वाली सीपियों के साथ स्पर्धा करने वाले बनाता है, जङ्घाओं-कामाङ्गों तक श्वेतरक्त चिन्हों को उत्पन्न करने वाली अग्नियों में तपस्विनियों की श्रद्धा बढ़ाने वाला है, जो शिशुओं के मुखों में 'प प प प' इस प्रकार 'प' वर्ण के ताप से मनोहर पटह वाद्यों को बजवाता है और जो सूर्य के भी तेजः स्फुरण परिमाण को कम करता है, इस प्रकार के हेमन्त ऋतु में जिस सुदत्तमुनिवर की रातें सुख से व्यतीत होती थीं।

अपि च यत्रातिशिशिरभरात्
कान्ते कोककुटुम्बिनी न कुरुते प्राप्तेऽपि चाटुक्रियां
हंसश्चञ्चुपुटान्तरालविगलज्जम्बालकस्तिष्ठति ।
कृच्छ्रात्कुञ्जरहस्तवर्तितचयः पांसुः पुनः शीर्यते
भर्तॄणां शयनं न मुञ्चति परं कोपेऽपि योषिज्जनः ॥५३॥

अन्वय—(यत्र अतिशिशिरभरात्) कोककुटुम्बिनी कान्ते प्राप्ते अपि चाटुक्रियां न कुरुते, हंसः चञ्चुपुटान्तरालविगलज्जम्बालकः तिष्ठति, कुञ्जरहस्तवर्तितचयः पांसुः पुनः कृच्छ्रात् शीर्यते, योषित्जनः भर्तॄणां शयनं परं कोपे अपि न मुञ्चति ।

संस्कृत व्याख्या—अपि च यत्र अस्मिन् हेमन्ते अतिशिशिरभरात् अतिशयशीतात् कोककुटुम्बिनी चक्रवाकी कान्ते प्रिये चक्रवाके निजभर्तरि प्राप्तेऽपि सति प्रभातसमये आगतेऽपि सति चाटुक्रियां मिथ्यास्तुतिकरणं न कुरुते न विदधाति । हंसः श्वेतगरुत्पक्षीचञ्चुपुटान्तरालविगलज्जम्बालकः चञ्चुपुटान्तरालात् त्रोटिपुटमध्यात् विगलत् अध.पतत् जम्बालकं शैवलं यस्य सः इतितथोक्तः तिष्ठति । जम्बालं चवितुं न शक्नोतीत्यर्थः । कुञ्जरहस्तवर्तितचयः पांसुः कुञ्जरेण हस्तिना हस्तेन शुण्डादण्डेन वर्तितः कृतश्चयोराशिर्यस्य स पांशुः धूली पुनः पश्चात् कृच्छ्रात् अतिकष्टेन शीर्यते अध.पतति । योषिज्जनो वनितालोकः भर्तॄणां पतीनां शयनं शय्यां परमुत्कृष्टं यथा भवेत्तथा कोपेऽपि क्रोधेकृतेऽपि सति न मुञ्चति न त्यजति । दीपकालंकारः ।

हिन्दी अनुवाद—और जिस हेमन्त ऋतु में अत्यन्त सर्दी के कारण चकवी अपने पति चकवे के आ जाने पर भी सवेरा होने पर भी उसकी चाटुकारिता नहीं करती है, हंस पक्षी अपनी चोंच के बीच से नीचे गिरते हुये शेवाल को चबाने में समर्थ नहीं होता—चबा नहीं पाता है, हाथी के सूंड पर लगी हुई धूलि बड़े कष्ट से नीचे गिरती है या गिरती ही नहीं है और स्त्रियां अपने प्रियतमों की शय्या को उनके अत्यन्त क्रोध करने पर भी नहीं छोड़ती हैं ।

सिंहः संनिहितेऽपि सीदति गजे शीर्यत्क्रमस्पन्दनो
मध्याह्नेऽपि न जातशष्पकवलः प्रायः कुरङ्गीपतिः ।
वत्सः कुण्ठितकण्ठनालवलनः पातुं न शक्तः स्तनं
वक्त्रं नैति विभातकर्मकरणे पाणिर्द्विजानामपि ॥५४॥

अन्वय— (यत्र अतिशिशिरभरात) शीर्यत्क्रमस्पन्दनः सिंहः गजे संनिहिते अपि सीदति, कुरङ्गीपतिः मध्याह्ने अपि प्रायः जातशष्पकवलः न, कुण्ठितकण्ठनालवलनः वत्सः स्तनं पातुं न शक्तः, द्विजानाम् अपि पाणिः विभातकर्मकरणे वक्त्रं न एति ।

हिन्दी अनुवाद—जिस हेमन्त ऋतु में अत्यधिक सर्दी के कारण चलने में असमर्थ पैर वाला सिंह हाथी के पास में रहने पर भी भूखा ही बना रहता है अर्थात् उसको मारकर नहीं खाता है, हरिण दोपहर हो जाने पर भी प्रायः घास के ग्रासों को ग्रहण नहीं करता है, अपनी गर्दन मोड़ने में मन्द क्रिया वाला बछड़ा अपनी माँ के स्तन को पीने के लिये भी समर्थ नहीं रहता है तथा ब्राह्मणों का भी हाथ प्रातःकालीन सन्ध्यावंदन, आचमनादि क्रियाओं को करने के लिये मुंह की ओर नहीं जाता है । दीपकालंकार ।

पत्रैः स्तम्बतलप्ररूढविरसप्रायैर्मृगाणां रतिः
क्षोणीधूलनकेलयोऽपि विकिरैस्त्यक्ताः प्रभातागमे ।
कोकः शुष्कमृणालजालचरणन्यासैः प्रियां वीक्षते
वक्त्रप्रान्तविधूनिते च कमले हंसः पदं न्यस्यति ॥५५॥

अन्वय— (यत्र अतिशिशिरभरात) मृगाणां स्तम्बतलप्ररूढविरसप्रायैः पत्रैः रतिः विकिरैः प्रभातागमे क्षोणीधूलनकेलयः अपि त्यक्ताः कोकः शुष्कमृणालजालचरणन्यासैः प्रियाम् वीक्षते, च हंसः वक्त्रप्रान्तविधूनिते कमले पदं न्यस्यति ।

हिन्दी अनुवाद—जिस शीतकाल में अत्यन्त शीत के कारण हरिणों का अनुराग केवल धान्यादि के प्रकाण्ड प्रदेशों में उत्पन्न नीरस पत्तों में ही रह गया था । क्योंकि अत्यधिक शीत की पीडा के कारण वे अपना मुंह चलाने

में भी असमर्थ थे, अतः धान्यादि के तने भाग को न चबा पाने के कारण आसपास पड़े हुये रूखे-सूखे पत्तों को ही खा लिया करते थे, चिड़िया आदि पक्षियों ने प्रातः—सूर्योदय के समय जमीन पर धूलि में लोटने की क्रीडा को भी छोड़ दिया था, चक्रवाक सूखे मृणाल समूहों पर ही पैर रखकर अपनी प्रियतमा चक्रवाकी को देखा करता था और हंसी पक्षी अत्यधिक शीत के कारण मुख के प्रान्त भाग—चोंच के अग्रभाग से हिलाये गये कमल पर ही पैर रखता था।

हंसी चञ्चुपुटान्तरार्पितबिसच्छेदात्खरं खिद्यते
भूमिस्रस्तकरा करेणुरवशक्षीरस्तनी ताम्यति।
प्रातर्डिम्भविचेष्टितुण्डकलनान्नीहारकालागमे
हस्तन्यस्तफलद्रवा च शबरी बाष्पातुरं रोदिति ॥५६॥

अन्वय — (यत्र) नीहारकालागमे हंसी चञ्चुपुटान्तरार्पितबिसच्छेदात् खरं खिद्यते, करेणुः भूमिस्रस्तकरा अवशक्षीरस्तनी ताम्यति, च हस्तन्यस्तफलद्रवा शबरी प्रातः डिम्भविचेष्टितुण्डकलनात् ऊष्पातुरम् रोदिति।

हिन्दी अनुवाद—जिस शीत ऋतु में अत्यधिक सर्दी के कारण हंसी अपने प्रियतम हंस द्वारा प्रेमपूर्वक मुख में डाले गये भिसकमलनाल के टुकड़े को न चबा सकने से अत्यन्त दुःखी हो रही थी, जमीन पर सूंड डाले हुए हथिनी अत्यधिक शीत से पीडित बच्चे द्वारा दूध से भरे स्तनों को न पीने से बहुत ज्यादह दुखी हो रही थी और हाथ में द्राक्षादि फलों के रस को लिए हुए भिल्लनी बड़े ही सवेरे अपने बच्चे के मुख को चबाने आदि की क्रिया से शून्य देखकर 'कहीं यह मर तो नहीं गया है ?' इस प्रकार की आशंका से आंसू बहाकर रो रही थी। दीपकालंकार ।५६।

अहोऽर्धेऽपि तरङ्गवारिकरिणो गृह्णन्ति रोधः स्थिता
जिह्वाग्राद्गलनालमेति न पयः सिंहे सतृष्णेऽपि च।
एणानामवरान्तरालललिताश्तिष्ठन्ति पार्श्वः कणाः
पूर्वोत्खातविशुष्कपल्लवगतः पोत्री च मुस्ताशनः ॥५७॥

अन्वय—(यत्र नीहारकालागमे अतिशिशिरभरात्) करिणः अह्नः अर्धेऽपि रोधः स्थिताः तरङ्गवारि गृह्णन्ति, च सिंहे सतृष्णे अपि पयः जिह्वाग्रात् गलनालम् न एति, एणानाम् पाथः कणाः अधरान्तराललुलिताः तिष्ठन्ति, च पोली पूर्वोत्खातविशुष्कपल्वलगतः मुस्ताशनः।

हिन्दी अनुवाद—जिस हेमन्त ऋतु में अत्यन्त शीत के कारण हाथी मध्याह्न काल में भी नदी आदि के किनारे पर स्थित होकर ही तरङ्गों के जल को ग्रहण करते हैं, सिंह के अत्यधिक प्यासे होने पर भी पानी उसकी जिह्वा के अग्रभाग से आगे गले के नीचे नहीं उतरता है, हरिणों के ओठों के मध्य में स्थित जलकण वहीं रह जाते हैं,—गले से नीचे नहीं उतरते हैं और जंगली सूअर पहले कभी खोदे गए सूखे पोखर छोटे तालाब में स्थित होकर ही नागरमोथे को खाता है। दीपकालकार ।५७।

किं च—

शून्याः पदैः कररुहां रमणीकपोलाः
कान्ताधरा न दशनक्षतकान्तिभाजः।
स्वच्छन्दकेलिषु रता वनिता न यत्र
काले परं जनितकुङ्कुमपङ्कुरागे ॥ ५८ ॥

अन्वय—परं जनितकुङ्कुमपङ्करागे यत्र काले रमणीकपोलाः कररुहां पदैः शून्याः, कान्ताधराः दशनक्षतकान्तिभाजः न, वनिताः स्वच्छन्दकेलिषु रता न।

हिन्दी अनुवाद—केवल काश्मीरजन्य केसर पंक में अनुराग उत्पन्न करने वाले जिस शीतकाल में कामनियों के गाल नखक्षतों से शून्य थे, सुन्दरी स्त्रियों के ओष्ठ दन्तक्षतों की शोभा से युक्त नहीं थे एवं अनुरागवती स्त्रियां स्वच्छन्द क्रीडाओं में अनुरक्त नहीं थीं। हेतु अलंकार ।५८।

यत्र च—

लीलाविलासविरलैर्नयनासिताब्जैः
स्पर्शासुखाधरदलैर्वदनारबिन्दैः।
रोमाञ्चकण्टकितटैः कुचकुड्मलैश्च
स्त्रीभिः कृताः सुकृतिनः सुरते सखेदाः ॥ ५९ ॥

अन्वय—(यत्र च) स्त्रीभिः सुकृतिनः सुरते लीलाविलासविरलैः नयनासिताब्जैः, स्पर्शासुखाधरदलैः वदनारविन्दैः, च रोमाञ्च कण्टकितटैः कुचकुड्मलैः सखेदाः कृताः।

हिन्दी अनुवाद – और जिस शीतकाल में स्त्रियां पुण्यवान् पुरुषों को भी सम्भोग क्रीडा के समय लीला विलास-प्रफुल्लता से विरल नेत्र रूपी नील कमलों के द्वारा, कर्कश होने के कारण स्पर्श करने में पीडाकारक ओष्ठ दलों से युक्त मुखकमलों के द्वारा तथा रोमाञ्चरूपी कण्टकों से युक्त स्तन-कलियों के द्वारा परेशान किया करती थीं। हेतु अलंकार।५९।

तत्रानवरतमन्तः प्रवर्धमानध्यानधैर्यधनञ्जयावधूतहिमसमयप्रत्यूहव्यूहस्यातिनिवातसौधमध्यसमध्यासिन इव स्थण्डिलशायिनो हेमन्ते विहितविरहिजनदुर्लभविभातसमागमः सुखेन विभान्ति विभावर्यः।

हिन्दी अनुवाद—उस हेमन्त ऋतु में निरन्तर अन्तरात्मा में बढ़ते हुए धर्म ध्यान से उत्पन्न निश्चलता रूपी अग्नि के द्वारा शीतकाल के समस्त विघ्न समूह को नष्ट करने वाले तथा शीतकाल में भी कठोर भूमि पर उस प्रकार शयन करने वाले जिस प्रकार शीत रहित राजमहल के मध्य में एक राजा शयन करता है, जिस पूज्य ऋषिवर सुदत्ताचार्य की वे रातें, जो विरहिजनों को प्रभात का समागम दुर्लभ करने वाली है, बड़े सुख से व्यतीत होती थी।

यस्य च दावदाहद्विगुणितप्रतापातपैस्तपनोपलशैलशिलाशिखोच्छ-
लदविरलस्फुलिङ्गसङ्गसंतापितस्थलजलजराजिभिस्तरुमूलबिलार्धविनिर्ग-
ताशीविषविषघरवदनोद्गीर्णगाढगरलानलज्वालाकरालप्रकाशप्रसरैर्वि-
रहदहनदह्यमानमहिलाश्वासानिलपुनरुक्तोष्णबन्धैरुपार्जितजगज्जात-
ज्योतिः सारैरिव कार्शानवकणगर्भनिर्भरैरिव च करैश्चिरविसर्गसमय-
संधुक्षितजठरजातवेदसीव सकलानपि रसान्प्रसितुमवसिते भगवति
गभस्तिमालिनि,—

हिन्दी अनुवाद—इसी प्रकार ग्रीष्मकाल के दिनों में भी, जब भगवान् सूर्य देव अपनी किरणों के द्वारा पृथ्वी के समस्त रसों को ग्रहण करने के लिए ही मानो उद्यत थे, तब उन सुवत्ताचार्य के मध्यान्ह समय बड़े सुख से व्यतीत होते थे। इस प्रकार आगे क्रिया कारक सम्बन्ध है।

वे किरणें ऐसी थीं कि दावानल के प्रज्वलित होने से उन की उष्णता तथा प्रकाश दुगुने हो गये थे, जिन्होंने सूर्यकान्त मणियों के पर्वतों की शिलाओं के अग्रभाग से निरन्तर उछलते हुए अग्नि स्फुलिङ्गों—अग्निकणों के समागम से स्थल कमलों की पंक्तियों को संतप्त कर दिया था. जिनके प्रकाश का प्रसार वृक्षों के मूल भागों में विद्यमान बिलों से आधे निकले हुए आशी-विष सर्पों के मुखों से उगले हुए तीव्र विष रूपी अग्नि की ज्वालाओं से अत्यन्त भयंकर था, जिनका उष्मावन्त विरहाग्नि से जलती हुई कमनीय कामिनियों के उच्छ्वास वायुद्वारा दुगुना कर दिया गया था, वे ऐसी प्रतीत हो रही थीं जैसे उन्होंने तीनों लोकों के तेजस्तत्व को स्वीकार किया हो तथा अग्निकणों को अपने मध्य में धारण करने के कारण जो अत्यन्त तीव्र-सी मालूम हो रही थीं ऐसी किरणों के द्वारा प्रलयकाल के समय उद्दीप्त जठराग्नि के समान भगवान् सूर्य देव के पृथ्वी के समस्त रसों को ग्रहण करने के लिए उद्यत होने पर ग्रीष्म ऋतु में उन सुवत्ताचार्य के मध्यान्ह समय व्यतीत होते थे।

परागप्रसरधूसरितसमस्तदिगन्तरालाश्चिर्वातूलवृत्तिभिर्जगतो जनिताङ्गहारे परिसर्पति समन्तान्नट इव सर्वंकषे मरुति, भुवि दिवि दिशि विदिशि च वैश्वानरसृष्टय इव दृष्टिपथमवतरति विश्वद्रीचिलोके, विनिमितमुर्मुरोपहारास्विव दुःस्पर्शप्रचारासु सर्वतः शर्करिलास्विलासु, विरोचनचूर्णकीर्णेष्विव नखंपचपांसून्माथितातिथिषु पथिषु, वितप्यमानमूषाशुषिरेष्विव तन्निवासिविलासिलोकपरितापकरेषु सौधविवरेषु, प्रलयकालपावकपातभीतास्विव पातालमूलनिलीयमानतनुलतासु लेलिहानवनितासु, समाचरितपञ्चाग्निसाधनमानसानामिव महीधरतापसानां प्रवृद्धमूर्धनिर्ध्यामधूमध्यामलेषु गगनतलेषु द्रुतदुर्वर्णरसरेखारुचिभिरिव मरुमरीचिवीचिभिर्वञ्च्यमानमनोव्याकुलेषु कमलकुलेषु, घोरघृणिघनघर्माङ्गारासारमृष्टभूगोलस्पर्शप्रकुपितेनोर्ध्वचलितदृशा दन्दशूकेश्वरेणापाङ्गनिष्क्रयैः कोपकृशानुभिरिव क्वथ्यमानासु जलदेवतानामावसथसरस्सीषु, निजनिवासकाननदवोद्रिक्तपित्तास्विव दुःसहविदाहदेहसंदोहासु वनदेवीषु, विदूरितवसन्तसमागमास्विव विरहिणीकपोलमर्मरच्छदासु लतावनपंक्तिषु,—

हिन्दी अनुवाद—चारों ओर से नट के समान धूलि के प्रसार से समस्त दिशाओं के समूह को धूसरित करने वाली वातूल-वृत्तियों—वायुमण्डलियों—नट पक्ष में, कैशिकी, सात्वती, आरभटी तथा भारती इन चार नाट्य-वृत्तियों के द्वारा समस्त लोक के शरीराङ्गों को सुखाने वाले—नटपक्ष में, अङ्गविक्षेप उत्पन्न करने वाले और पाषाणों को भी संतप्त करने वाले उष्ण वायु के संचार होने पर मुनिवर का मध्याह्नकाल व्यतीत होता था।

समस्त पृथिवी, आकाश, पूर्व, पश्चिम, उत्तर और दक्षिण, इन चारों दिशाओं तथा अग्नि, नैर्ऋत्य, वायु और ईशान, इन चारों विदिशाओं में सर्वत्र अग्नि-सृष्टियों के समान समस्त लोक के दृष्टिगोचर होने पर उन ऋषिवर के मध्याह्न समय व्यतीत होते थे।

रेतीली भूमियों के सर्वत्र बड़े कष्ट से भी स्पर्श के लिये अशक्य होने पर अथवा चलने फिरने के लिये भी अशक्य होने पर वे भूमियां ऐसी प्रतीत होती थीं मानों वे उष्णाग्नियों की पूजा ही कर रही हों, रास्ते इतने गर्म थे कि वे नाखूनों को भी पकाने-उबालने वाली अत्यन्त उष्ण धूलियों से पथिकों को पीडित कर रहे थे, अतएव ऐसे प्रतीत होते थे मानों अग्नि को प्रज्वलित करने वाले ईंधन से व्याप्त हों, महलों के मध्यभाग इतने गर्म थे कि वे उनमें निवास करने वाले विलासिजनों को संतप्त कर रहे थे, अतएव ऐसे प्रतीत होते थे मानो अग्नि में तपाये गये सुवर्ण को गलाने के पात्रों-खप्परों के मध्यभाग हों हों, सपिणियां गर्मी से इतनी अधिक पीड़ित थीं कि उन्होंने अपने शरीर रसातल के अधोभाग में डाल रखे थे अतएव वे ऐसी प्रतीत हो रही थीं मानों प्रलयकालीन अग्नि के गिरने से भयभीत हों, आकाश-मण्डल पर्वतरूप तपस्वियों, जो ऐसे मालूम पड़ रहे थे मानो उन्होंने अपने चित्त पंचाग्नि साधन में लगा रखे थे, के मस्तकों पर बढ़ते हुए वाष्पधूम से मलिन हो रहे थे, हरिणों के समूह अत्यन्त गर्मी के कारण मृगतृष्णाओं की तरंगों से जो पिघली हुई चांदी के घोल की रेखाओं के समान प्रतीत हो रही थीं, ठगाये गये मनों से व्याकुल हो रहे थे, जलदेवियों के गृह सरोवर ऐसे मालूम पड़ रहे थे मानो वे सूर्य के अत्यन्त तीव्र घामरूप अंगार वर्षण से संतप्त भूमण्डल के स्पर्श से प्रकुपित अतएव अपने द्विसहस्र नेत्रों से ऊपर की ओर देखते हुए सर्पराज के द्वारा अपने कटाक्ष भाग से उगली हुई क्रोधाग्नि से खौल रहे हों—अत्यधिक संतप्त हो रहे हों, असह्य दाह से झुलसते हुये वरीरों वाली वनदेवियां ऐसी प्रतीत हो रही थीं मानो अपने निवास स्थान स्वरूप वनों की दावाग्नियों से उनके आयुष्य ही नष्ट हो रहे हों, विरहिणियों के गालों के समान सूखे पत्तों वाली लताओं की वनपंक्तियां ऐसी मालूम पड़ रही थीं मानों उन्हें वसन्त का समागम बहुत लम्बे समय से ही न हुआ हो।

कृतकृष्णवर्त्मकर्मस्विव पत्रपाण्डुषु पादपेषु, स्वकीयकोशकोटरप्रसूतानां कलहंसकुटुम्बिनीनां चिन्ताज्वरकरेषु क्षयामयमन्देष्विव परिम्लायत्सु

दैर्घिकेयकान्तारेषु, करेणुकरोत्तम्भितकमलिनीदलातपत्रोपचर्यमाणवारणेषु वनसरः, सुदृढदंष्ट्रोत्पाटितपुटकिनीदरकुहरविहरद्वराहासु कासारवसुन्धरासु, कठोराष्ठीलपृष्ठकमठनिर्लोठलुठत्पाठीनक्षोभकलुषवारिषु विरेयेषु, महानोकहगहनावगाहदोहदेषु नखायुधेषु, जरति सौरभेयेषु दर्पे, खर्वति गर्वरेषु गर्वे, गलन्तीषु पुष्पवयेषु धृतिषु, नाडिंघमेषु नगौकसां गलनालेषु, कथाशेषासु योषितां कामकेलिषु, ज्वलदार्द्रदारुदारुणासु दीर्घाहनिदाघनिर्गलज्जलासु जन्मिनां शरीरयष्टिषु, मरुस्थलेष्विव देवखातेषु, प्रधाववारणिष्विव स्रोतस्विनीषु, घन्वनघरान्ध्रेष्विव प्रधिषु, चुलुकोञ्चुलुम्पनोचितेष्विव जलधिषु, संहारसमयदिवसेष्विव प्रशान्तजन्तुसंचारेषु वर्त्मसु च,—

हिन्दी अनुवाद—वृक्ष कुछ पीले और सफेद पत्तों वाले हो गये थे अतएव ऐसे मालूम पड़ रहे थे मानो वे अग्नि में प्रवेश करके बाहर निकल आये हों, अत्यधिक गर्मी के कारण कमलवन सूख गये थे अतएव वे ऐसे मालूम पड़ रहे थे मानो क्षय रोग से पीड़ित हों और इसी कारण राजहंसनियों के समूह को चिन्ता-ज्वर उत्पन्न कर रहे थे क्योंकि उन्होंने कमलों के मध्यभाग में अपने बच्चों को जन्म दिया था, वन के सरोवरों में हथनियों के द्वारा उनकी अपनी सूंडों से ऊपर को उठाये हुये कमलनियों के पत्तेरूपी छत्रों से हाथियों की छाया करके उनकी सेवा की जा रही थी, सरोवरों की भूमियां ऐसी थीं कि उनमें बलिष्ठ दाढों द्वारा उखाड़ी गई कमलिनियों के छिद्रयुक्त भागों पर जंगली सूअर घूम रहे थे, उस ग्रीष्म ऋतु में तालाब ऐसे थे कि उनका जल वज्र के समान कठोर मध्य भाग वाले पृष्ठ प्रदेशों (पीठों) से युक्त कछुवों के लोटने से विशालकाय मच्छों के इधर-उधर संचार करने के कारण गन्दला हो रहा था, सिंह व्याघ्रादि जीव विशाल वृक्षों के गहन वनों में प्रवेश करना चाहते थे, उस असह्य गर्मी में बैलों का दर्प-अहंकार चूर-चूर हो रहा था, भैंसों का गर्व क्षीण हो रहा था, भौंरों का धैर्य नष्ट हो रहा था, पक्षियों के गलनाल-

कण्ठ तीव्र गति से श्वासोच्छ्वास ले रहे थे, कमनीय कामनियों की काम-क्रीड़ायें बिल्कुल बन्द थीं, लम्बे दिनों वाली गर्मी के कारण जिनसे पसीना बह रहा था ऐसे समस्त प्राणियों के शरीर जलती हुई गीली लकड़ियों के समान स्पर्श के योग्य नहीं थे, अगाध सरोवर मरुस्थलों के समान हो गये थे—सूख गये थे, नदियां हाथी घोड़ों के दौड़ने की भूमि के समान शुष्क हो गयी थीं, कुएं मरुभूमि के मध्यभागों के समान जल शून्य हो गये थे, समुद्र चुल्लुओं से उलीचने लायक हो गये थे और उस अत्यन्त तीव्र गर्मी के कारण मार्ग प्रलयकालीन दिनों के समान जीव-जन्तुओं के संचार-गमनागमन से प्रशान्त हो गये थे अर्थात् मार्गों में आना-जाना बन्द हो गया था, ऐसे ग्रीष्म ऋतु के समय में उन सुदत्ताचार्य के मध्याह्न समय व्यतीत हो रहे थे—

++++

येषु च—

मार्तण्डश्चण्डतापस्तपति मरुभुवामग्निसात्त्वं दधानः
क.मंव्योमान्तराणि स्थगयति किमपि द्योतिधावत्पुरस्तात् ।
ऊर्ध्वं निर्ध्यामवीचिचयमिव विसृजत्येतदाशान्तरालं
मग्नाङ्गान्निम्नगानां पयसि च करिणः क्वाथयन्वाति वातः । ६०।

अन्वयः—(येषु च) मरुभुवाम् अग्निसात्त्वं दधानः चण्डतापः मार्तण्डः तपति, किमपि काम द्योति पुरस्तात् धावत् व्योमान्तराणि स्थगयति, एतत् आशान्तरालम् ऊर्ध्वं निर्ध्यामवीचिचयम् विसृजति इव, च वातः निम्नगानां पयसि मग्नान् करिणः क्वाथयन् वाति ।

अनुवाद—जिन ग्रीष्म ऋतु के दिनों में मरुभूमियों को अग्निमय करता हुआ प्रचण्ड तेज वाला सूर्य तप रहा है, अनिर्वचनीय अत्यन्त प्रकाशमान तेज स्कन्द पदार्थ आगे की ओर दौड़ता हुआ आकाश मण्डल को स्थगित कर रहा है, यह प्रत्यक्ष दिखाई देने वाला दिशाओं का समूह मानों ऊपर

आकाश की ओर वाष्प-तरंगों के समूह को फेंकता है और वायु नदियों के जल में डूबे हुये हाथियों को उछालता हुआ बह रहा है।

समुच्चयालंकार ।६०।

++++++

मध्याह्ने ऽह्नाय वाहाश्चटुलतरखुरास्तोयमार्गं त्यजन्ति
स्थानायानेतुमीशाः पयसि कृततरीन्हस्तिनो नैव मिण्ठाः ।
शोषोत्तुण्डः शिखण्डी विमृशति शिशिरान्कन्दरद्रोणिदेशा—
न्स्वेच्छं कच्छेषु चेमाः कमलदलतलं वारलाः संश्रयन्ति ।।६१।।

अन्वय—मध्याह्ने चटुलतरखुराः वाहा अह्नाय तोयमार्गं त्यजन्ति, मिण्ठाः पयसि कृततरीन् हस्तिनः स्थानाय क्षनेतुम् ईशाः न एव, शोषोत्तुण्डः शिखण्डी शिशिरान् कन्दरद्रोणिदेशान् विमृशति, च इमाः वारलाः कच्छेषु स्वेच्छं कमल-दलतलं संश्रयन्ति ।

अनुवाद— जिस ग्रीष्म ऋतु के दिन की मध्य वेला में अत्यन्त चञ्चल खुर वाले घोड़े जल मार्ग को शीघ्र ही छोड़ रहे हैं, मिण्ठ—महावत जल में अनुरक्त डूबे हुये हाथियों को हथिनीशाला में लाने के लिये समर्थ नहीं हो पा रहे हैं, शारीरिक सताप के कारण ऊपर की ओर मुंह उठाये हुये मयूर गुफा की शीतल मध्य भागों को ढूंढता फिरता है और ये प्रत्यक्ष दिखाई देने वाली हंसनियाँ नदी के कछार प्रदेशों में अपनी इच्छानुसार कमल पत्रों के नीचे के भागों का आश्रय ले रही हैं।

समुच्चयालंकार ।६१।

++++++

आसीनश्चलायितैः करिपतिः क्षोणीं धुरन्धुद्रुम—
स्कन्धालम्बितकन्धरः किमपि च ध्यायन्मुहुस्तिष्ठति ।

निद्रामुद्रितलोचनो हरिरपि ग्रीष्मेषु माध्यंदिनी
मद्रिद्रोणिदरादरार्पितवपुर्वेलामतिक्रामति ॥६२॥

अन्वय—क्षोणीधरन्ध्रद्रुमस्कन्धालम्बितकन्धरः करिपतिः आसीनप्रचलायितैः किमपि मुहुः ध्यायन् तिष्ठति, च निद्रामुद्रितलोचनः अद्रिद्रोणिदरादरार्पितवपुः हरिः अपि ग्रीष्मेषु माध्यंदिनीम् वेलाम् अतिक्रामति ।

अनुवाद – जिन गर्मी के दिनों में पर्वत के मध्य में वर्तमान वृक्ष के तने पर अपनी गर्दन को लटकाये हुये हाथी घूरकर कुछ बार-बार ध्यान सा करता हुआ बैठा है और नींद से अपनी आंखों को झंपाये हुये तथा पर्वत के संधिप्रदेश पर तत्परता से अपने शरीर को टिकाये हुये सिंह भी गर्मी की मध्याह्न बेला को बिता रहा है । समुच्चयालंकार ।६२।

++++++

किंच—

गण्डस्थलीषु सलिलं न जलाशयाना
मम्भः स्रुति कुचनगेषु न वाहिनीनाम् ।
नाभीदरेषु वनितासु जलं न वार्धौ
नीवीलतोल्लसति शुष्यति यत्र लोकः । ६३॥

अन्वय—(किं च) यत्र गण्डस्थलीषु (एव) सलिलं, जलाशयानां न, कुचनगेषु (एव) अम्भः स्रुति, वाहिनीनाम् न, वनितासु नाभीदरेषु (एव) जलं, वार्धौ न, नीवीलता उल्लसति, लोकः शुष्यति ।

अनुवाद—और जिस ग्रीष्म ऋतु में हाथियों के गण्डस्थलों—कपोल भागों में ही जल—मदजल था किन्तु सरोवरों में पानी नहीं था, स्त्रियों के स्तन—पर्वतों में ही अम्भ स्रुति—दूध बह रहा था किन्तु नदियों में पानी नहीं बहता था, स्त्रियों के नाभिसुण्डी-छिद्रों में ही जल—पसीना किन्तु समुद्र में पानी बिल्कुल नहीं था और इसी प्रकार उन गर्मी के

दिनों में स्त्रियों की नीवीलता--कमर के वस्त्र की गांठ पसीने से पसीज रही थी किन्तु समस्त लोक सूखा जा रहा था।

अतिशयालंकार ।६३।

******

सुदुर्लभरसोऽप्येष सरसाधरपल्लवः।
तत्करोति च तद्वेष्टि चित्रं धर्मसमागमः ॥६४॥

अन्वय—एष धर्मसमागमः सुदुर्लभरसः अपि सरसाधरपल्लवः, (अत एतत्) चित्रम् (यत्) तत्करोति च तत् द्वेष्टि।

संस्कृत व्याख्या—एष अयं प्रत्यक्षगोचरो धर्मसमागम उष्णकालागमः सुदुर्लभरसोऽपि सन् रसशोषणेन-जलशोषणेन सुदुर्लभरसोऽपि सन् सरसाधर-पल्लवः सजलौष्ठ प्रवालः स्वेदजलौष्ठप्रवालोऽस्ति। अतएवैतन्महच्चित्रमाह यं यदयमुष्णकालागमस्तत्करोति तद्रसशोषणं- जलशोषणरूपं कार्यं करोति, तदेव च द्वेष्टि स्वेदजलौष्ठप्रवालत्वात्तत्कार्यमेव न करोतीत्यर्थः। अतिशयालंकारः।

अनुवाद—यह ग्रीष्म काल सुदुर्लभ रसवाला न (पानी बिल्कुल सूख जाने के कारण बड़ी कठिनाई से मिलता है) होकर के भी सरसाधर पल्लव (ओष्ठ स्वेद जल-पसीने युक्त रहते हैं) है, अतएव यह महान् आश्चर्य है कि यह ग्रीष्म काल उसी कार्य (जलशोषण) से द्वेष करता है—ओठों के स्वेद जल पसीने से युक्त करने के कारण उसी कार्य को नहीं करता है। ।६४।

******

इति मागधबुधप्रतिबोधितमध्याह्नसंध्यैः सुकृतावन्ध्यैर्विलासिभि-र्विलासिनीनां चिकुरलोचनावलोकनामृतहरिणमनोहरा कुचचूचुक प्रभाशष्यश्यामलितपर्यन्तवृत्तयः समध्यास्यते भूरुहवनभूमयः, तेषु तपतपनकेतुषु विकतनकरमूलविलग्नशिखशिखरिशिरः श्रितस्य प्रल-

म्बितभुजलतायुगलस्य खरमयूखखेदिखेदितमुखमण्डलस्य मनोगोचरातिचारितपश्चर्याश्चर्यितखचरलोकस्य परिपूर्णसमाधिचन्द्रोदयविजृम्भितेन परमानन्दस्यन्दसुधापयोधिना पुनरनन्तरमन्तरपर्याप्तावकाशेनेव घनघर्मजलच्छलेन बहिरुद्वहता परिपप्लावितापघनस्य यंत्रधारागृहमुपागतस्येव यान्ति मध्याह्नसमयाः।

अनुवाद—इस प्रकार जिन ग्रीष्म ऋतु के दिनों में नराचार्य पण्डितों के द्वारा मध्याह्न समय जगाये जाने वाले और पूर्व जन्म में उपार्जित पुण्य से सफल विलासी पुरुष विलासिनियों के तिरछे नेत्रों की चितवन रूपी अमृत के प्रवाह के समान मनोरंजक तथा कामनियों के स्तनों के अग्र भागों की कान्ति रूपी कोमल तृणों से हरे-भरे प्रान्त भागों वाली वृक्षों की वन भूमियों का आश्रय लेते थे—उनका सेवन करते थे—उन ग्रीष्म ऋतु के दिनों में सूर्यमण्डल के समीपवर्ती शिखर वाले ऊंचे पर्वत के शिखर पर स्थित होकर अपनी दोनों भुजाओं को नीचे की ओर लटकाये हुये, अपने तेज से सूर्य को भी पीड़ित करने वाले अपने मुखमण्डल को सूर्य-बिम्ब की ओर किये हुये, मन से भी अचिन्त्य अपने तपश्चरण द्वारा समस्त देव, विद्याधर समूह को आश्चर्य चकित करने वाले तथा परिपूर्ण-समाधि-परिपूर्ण धर्म ध्यान और शुक्ल ध्यान रूपी पूर्णमासी के पूर्ण चन्द्रमा के उदय से वृद्धिगत अतएव चित्त में न समा सकने के कारण ही मानो गाढ़े पसीने के बहाने, शरीर से बाहर निकलते हुए अपने शुद्ध बुद्धैक स्वभाव रूप आत्म-ध्यान से उत्पन्न परमानन्द रूपी अमृत के समुद्र में सर्वाङ्ग डूबकर स्नान करने के कारण फुव्वारे में डूबे हुए के समान मालूम पड़ने वाले उन पूज्य ऋषिराज सुदत्ताचार्य के मध्याह्न समय व्यतीत होते थे।

टिप्पणी—तपतपनकेतुषु—तपस्य ग्रीष्मकालस्य तपनः सूर्यः तस्य केतवः दिवसाः तेषु तपतपनकेतुषु ग्रीष्मकालदिवसेषु। विकर्तनकरमूलविलग्नशिखशिखरिशिरः श्रितस्य—विकर्तनः सूर्यः तस्य कराः किरणास्तेषां मूलमुत्पत्ति-

स्थानं सूर्यबिम्बमित्यर्थः, तत्र विलग्ना समीपवर्तिनी शिखा शिखरं यस्येति विकर्तनमूलविलग्नशिखः स चासौ शिखरी पर्वतस्तस्य शिरश्चूलिका तत्र श्रित आश्रितो विकर्तनकरमूलविलग्नशिखशिखरिशिरः श्रितस्तस्येतितथोक्तस्य । चिकुरलोचनावलोकनामृतहरिणमनोहराः—चिकुराणि कुटिलानि यानि लोचनानि नेत्राणि तेषामवलोकनं निरीक्षणं तदेवामृतं सुधा तस्य हरिणवत् सारिणीवत् कृत्रिमवदीवन्मनोहराश्चित्तानुरञ्जिकाः ।

*****

येन च पयोधरोन्नतिजनितजगद्वलयनीलनिचलेषु, निचलसनाथनृपतिचापसंपादितेषु, संपादितखरदण्डखण्डाऽम्बरखण्डनेषु खण्डितविलासिनीमनोरथपरिपन्थिषु, परिपन्थिपरिपदुत्साहद्रुहेषु द्रुहिणवाहनस्थितिप्रभेदिषु, प्रभिन्नगजगर्जनोर्जितपर्जन्याविच्छिन्नस्वनदुःसहेषु-दुःसह-विरहशिखिसंधुक्षणविधायिषु विहितनिकामकरकासारशार्दूलबलविशसनेषु, विशंसनावसरसरत्समीरसूत्कारचण्डेषु, चण्डकरकरालमविलोपिषु, विलुप्तहिमधामदीधितिप्रसरेषु, प्रसरत्पूरपयःपादपनिर्मूलिषु, निर्मूलितजटतटरुहानोकहस्खलितकूलंकषवाहिनीप्रवाहेषु, प्रवाहपतद्धारावारिगिरिशिखरशीर्णताप्रसाधिषु, प्रसाधितान्धकारश्यामलाखिलदिगन्तेषु, दिगन्तरधरदरोद्गीर्णजलप्लावितदन्तिपोतेषु, पोतसंभावनाकुलकुरङ्गीजीविताशाविनाशपिशुनतडिद्दण्डसंघट्टेषु, संघट्टमुखरवारिवाहवपुर्मण्डनाखण्डलकोदण्डविलोकनाध्वन्यत्वरासज्जिषु, सज्जिताजकावकामकर्कशदशेषु, दिवमवनिमाशाः पातालानि च जलसाज्जनयत्सु—

अनुवाद वे सुदत्ताचार्य वर्षा ऋतु के दिनों में वृक्षों के मूल भागों में रहकर रात्रियां व्यतीत करते थे, इस प्रकार आगे क्रिया कारक सम्बन्ध है ।

वे वर्षा ऋतु के दिन ऐसे थे कि—जिन्होंने मेघों के विस्तार से पृथ्वी मण्डल का काले रंग का आवरण वस्त्र उत्पन्न किया था, वे राजाओं के धनुषों को मेघरूप आवरण वस्त्रों से युक्त करने वाले थे, उन्होंने कमलों के वनों की शोभा नष्ट कर दी थी, वे वर्षा के दिन खण्डिता नायिकाओं के मनोरथों के शत्रु थे (खण्डितालक्षणं तु—निद्राकषायमुकुलीकृतताम्रनेत्रो, नारीनखव्रण विचूर्णितसर्वगात्रः। यस्याः कुतोऽपि गृहमेति पतिः प्रभाते सा खण्डितेति कथिता कविभिः पुराणे।) वे शत्रु-समूह के उत्साह को नष्ट करने वाले थे, वे हंसों के निवास स्थान मानसरोवर को अस्त व्यस्त करने वाले थे, वे दिन मदोन्मत्त हाथियों की गर्जना से भी दुगुनी गर्जना वाले मेघों की निरन्तर होने वाली गर्जना से असह्य थे, असह्य विरहाग्नि को उद्दीप्त करने वाले थे, अत्यधिक ओलों की वृष्टि से व्याघ्रों अथवा अष्टापदों के बल को नष्ट करने वाले थे, प्रलयकाल में बहने वाली वायु के सूत्कार—शब्द विशेष से भयंकर थे सूर्य के तीव्र ताप को तथा चन्द्रमा की किरणों के प्रसार को लुप्त करने वाले थे फैलते हुए नदी प्रवाह के जल से वृक्षों का उन्मूलन करने वाले थे, निर्मूलित तटवर्ती वृक्षों से ही अपने किनारों को गिराने वाली नदियों के जल प्रवाहों को रोकने वाले थे, लगातार गिरने वाली जलधाराओं की जल-राशि से पहाड़ों की चोटियों को चूर-चूर करने वाले थे, उत्पन्न हुए अन्धकार से समस्त दिङ्मण्डल को मलिन करने वाले थे, दिशाओं में स्थित पहाड़ों की गुफाओं से निकलती हुई जल राशि में हाथियों के बच्चों को डूबोने वाले थे, अर्थात् उन वर्षा के दिनों में पहाड़ों की गुफाओं से निकलते हुए अपार जल में हाथियों के बच्चे डूब जाते थे, अपने बच्चों के संरक्षण में व्याकुल हरिणियों के जीवन की आशा के विनाश सूचक विद्युद्दण्डों के प्रहार से परिपूर्ण थे अर्थात् उन वर्षा के दिनों में इतनी बिजलियां गिर रही थीं कि अपने बच्चों की सुरक्षा करने में परेशान हरिणियों को अपने जीवन की आशा ही नहीं रही थी, परस्पर के संघर्षण से गरजते हुए बादलों को अलंकृत करने वाले इन्द्र धनुष को देखने के लिये पथिकों को त्वरा—जल्द बाजी—शीघ्रता उत्पन्न करने वाले थे, डोरी चढ़े हुए धनुष से कामदेव की उत्कट अवस्था सूचित

करने वाले थे—अर्थात् ये दिन कामोद्दीपक थे और जो वर्षा के दिन आकाश, पाताल, पृथ्वी तथा समस्त दिशाओं को जलमय करने वाले थे—

++++++

यत्र च—

मेघोद्गीर्णपतत्कठोरकरकासारत्रसत्सिन्धुरे
पूरप्लावितकूलपादपकुलक्षुभ्यत्सरित्पाथसि ।
अम्भश्चण्डसमीरणाश्रयशिवाफेत्कारताम्यन्मृगे
कालेसूचिमुखाग्रभेद्यतिमिरप्रायः क्षपासङ्गिनि ॥६५॥
भूयः पयः प्लवनिपातितशैलशृङ्गे
पर्जन्यगर्जितवितर्जित सिंहपोते ।
सौदामिनीद्युतिकरालितसर्वदिक्के
कंदेशमाश्रयतु डिम्भवती कुरङ्गी ॥६६॥

अन्वय (यत्र च) मेघोद्गीर्णपतत्कठोरकरकासारत्रसत्सिन्धुरे, पूरप्लावितकूलपादपकुलक्षुभ्यत्सरित्पाथसि, अम्भश्चण्डसमीरणाश्रयशिवाफेत्कारताम्यन्मृगे, सूचिमुखाग्रभेद्यतिमिरप्रायः क्षपासङ्गिनि, भूयः पयः प्लवनिपातितशैलशृङ्गे, पर्जन्यगर्जितवितर्जितसिंहपोते, सौदामिनीद्युतिकरालितसर्वदिक्के काले डिम्भवती कुरङ्गी कं देशम् आश्रयतु ।

अनुवाद और जिस वर्षा के समय में मेघों से निकलकर गिरते हुए कठोर ओलों की लगातार वृष्टि से बड़े-बड़े हाथी भयभीत हो रहे थे, जल के पूर—तीव्र वेग वाले प्रवाह में डूबे हुए तटवर्ती वृक्षों के समूहों से नदियों का जल ऊपर को उछल रहा था जल से प्रचण्ड वायु के ताड़न से उत्पन्न शृगाल और शृगालिनियों के फेत्कार—शब्द विशेषों से हरिण परेशान हो रहे थे—वे किसी निर्जल प्रदेश में जाना चाहते थे, सूई की नोक के अग्र भाग से भेदने योग्य गाढ़ अन्धकार से रातें व्याप्त हो रही थीं, अत्यधिक जल के गिरने से

पहाड़ों की चोटियां नीचे गिर गई थीं। बादलों की गड़गड़ाहट—गर्जनाओं से सिंहों के बच्चे ताड़ित कर दिये गये थे तथा जिसमें बिजलियों की चमक से समस्त दिशायें भयानक हो रही थीं ऐसे उस वर्षा के समय में बेचारी बच्चे वाली हरिणी किस प्रदेश का आश्रय लेवे ? कोई भी स्थान जल-रहित नहीं था, जहां वह बेचारी ठहर सके।

*****

किं च—

स्त्रीणां कुचोस्मपटलैरजडावतारः
संधुक्षितः पुनरयं नयनानलेन।
यत्राधरामृतघृताहुतिचण्डितार्चिः
संकल्पजन्मविटपी परमुत्प्रकाशः ॥६७॥

अन्वय—(किंच) यत्र स्त्रीणां कुचोस्मपटलैः अजडावतारः, पुनः नयनानलेन संधुक्षितः, अधरामृतघृताहुतिचण्डितार्चिः, अयं संकल्पजन्मविटपी परम् उत्प्रकाशः (वर्धते)।

संस्कृत व्याख्या—किं चास्ति कश्चिद्विशेषो यत्र यस्मिन् वारिवाहस्यकाले वर्षर्तुसमये स्त्रीणां मनोहरवनितानां कुचानां स्तनानामुस्मपटलैरुष्णतां समूहै रजडावतारो जलागमनरहितः, पुनर्भूयोऽपि नयनानलेन स्त्रीणां लोचनाग्निना संधुक्षितः उद्दीपितः, अधरामृतघृताहुतिचण्डितार्चिः स्त्रीणामधरा दन्तच्छदा एवामृते कामुकानां जीवितप्रदानहेतु त्वात्तदेव घृताहुतिराज्याहुतिराज्यहवनं तया चण्डिता प्रचण्डीकृताः अर्चिषो ज्वाला यस्येति स अधरामृतघृताहुतिचण्डितार्चिरेवं भूतोऽयं संकल्पजन्मविटपी कन्दर्पवृक्षः परं केवलमुत्प्रकाशः उत्कृष्टतेजा वर्धते। हेत्वलंकारगर्भितदीपकालंकारः।

अनुवाद—एक विशेष बात यह है कि उस वर्षा के समय में सुन्दरी स्त्रियों के स्तनों की गर्मी से जलागमन रहित अथवा जड (शर्दी) आगमन

रहित, तथा उनकी नेत्राग्नि से उद्दीप्त एवं उन्हीं के ओष्ठामृत रूप घृत की आहुति से प्रचण्ड ज्वालाओं वाला केवल यह कामरूप वृक्ष ही उत्कृष्ट तेज से बढ़ रहा था ।६७।

++++

अपि च—

धाराशरासारभरेण मेघः कोदण्डचण्डः सहमन्मथेन ।
बालाबला सेति च सिन्धुरुद्धश्चिन्ताकुलस्तिष्ठति यत्र पान्थः ।६८।

अन्वय - (अपि च) यत्र सिन्धुरुद्धः पान्थः कोदण्डचण्ड मेघः धाराशरासारभरेण च मन्मथेनसह वर्तमानः सा (मम) बाला च अबला इति चिन्ताकुलः तिष्ठति ।

संस्कृत व्याख्या—अपि चास्ति कश्चिद्विशेषो यत्र यस्मिन् वारिवाहस्यकाले सिन्धुरुद्धः नर्मदादिनदीरुद्धः पान्थः पथिकः कोदण्डचण्डः कोदण्डेन देवेन्द्रधनुषा चण्डः प्रचण्डो बद्धाटोपो मेघोधाराशरासारभरेण धाराजलच्छटास्तादृश्य एव शराबाणाः पथिकानां मर्मविदारणहेतुत्वात् तेषामासारो वेगवद्वर्षस्तेषांभरोऽतिशयस्तेनेतितथोक्तेन, एवं च मन्मथेन मकरकेतुना कामेन वा सह वर्तमानो वर्तते सा विवक्षितामेबाला नवयौवना भार्या च अबला—बलहीना वर्तते, इतीत्यनेनप्रकारेण चिन्ताकुला चिन्तया स्मृत्याकुलः किंकर्तव्यतामूढस्तिष्ठति । सहोक्तिरलंकारः ।

अनुवाद—एक विशेषता यह है कि जिस वर्षा काल में नर्मदा आदि नदियों से रुका हुआ पथिक 'इन्द्र धनुष से प्रचण्ड मेघ तो जलधारारूप बाणों की लगातार वर्षा के भार तथा कामदेव के साथ वर्तमान है और मेरी वह बाला-नवयुवती प्रिया अबला-बलहीन है'। इस प्रकार की चिन्ता-स्मृति से व्याकुल—किंकर्तव्यविमूढ सा हो रहा है ।६८।

++++